✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 68 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 3 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में कुर्जी नाला निर्माण योजना का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## औरंगाबाद , दाउदनगर व अरवल में होगा फोरलेन बाईपास सड़क का निर्माण

**कमल किशोर**

**औरंगाबाद।** केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर आवागमन की सुविधा को आसान बनाने के लिए बिहार के औरंगाबाद, दाउदनगर और अरवल शहर में बाईपास सड़क का निर्माण करने के लिए अपनी सहमति और स्वीकृति प्रदान कर दी है। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल के औरंगाबाद स्थित कार्यपालक अभियंता इं तुलसी प्रसाद ने आज यहां बताया कि झारखंड की सीमा महाराजगंज से लेकर पटना तक आवागमन को सुगम बनाने के दृष्टिकोण से औरंगाबाद, दाउदनगर और अरवल शहर में फोरलेन बाईपास सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर बनाने का काम तेजी से चल रहा है । उन्होंने बताया कि अगले 10 दिनों में डीपीआर तैयार कर रही कंपनी के द्वारा मंत्रालय के उच्च अधिकारियों को डीपीआर समर्पित कर दिया जाएगा। इं प्रसाद ने बताया कि इन तीनों शहरों को मिलाकर करीब 35 किलोमीटर फोरलेन सड़क का निर्माण कराया जाएगा और यह पूरी तरह ग्रीनफील्ड सड़क होगी। इसके लिए आवश्यकतानुसार जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि केंद्र सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने फिलहाल इन शहरों में बाईपास सड़क के निर्माण पर अपनी सहमति और स्वीकृति दी है। इन शहरों के बीच से वर्तमान में राष्ट्रीय उच्च पथ के गुजरने के कारण अक्सर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है और आवागमन प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि बाईपास सड़क का निर्माण हो जाने के बाद आवागमन की अच्छी सुविधा नागरिकों को मिलेगी। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद-पटना सड़क के फोरलेन के निर्माण का प्रस्ताव भी केंद्र सरकार के पास है। इस बीच औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कुछ दिनों पूर्व केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर औरंगाबाद जिले के अम्बाऔर ओबरा शहर में बाईपास सड़क के निर्माण की मांग की थी तथा उन्हें अवगत कराया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 पर आवागमन को सुगम बनाने के लिए अम्बा और एवं ओबरा में भी फोरलेन बाईपास सड़कों का निर्माण अत्यंत जरूरी है । इस आलोक में केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने उन्हें शीघ्र जनहित में निर्णय लेने का आश्वासन दिया है।

### 10 दिनों के भीतर बनकर तैयार हो जाएगा डीपीआर



### संक्षिप्त समाचार

#### तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के चैनपुर थाना अंतर्गत भैंसहट गांव में तालाब के किनारे शौच करने गए बुजुर्ग की पैर फिसलने से डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान भैंसहट गांव निवासी स्वर्गीय बलि राम का बेटा छवि राम (68) के रूप में हुई है। शनिवार सुबह लगभग 4 बजे वह घर से शौच के लिए निकला था। जब दो घंटे बाद भी वापस नहीं लौटा तो उसका पता लगाया गया।

#### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नालंदा जिले के चंडी थाना अंतर्गत करौटा-राजगीर टूरिस्ट वे पर सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान धरमपुर गांव निवासी विनोद मिस्त्री के 22 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। हादसे में उसका साथी सन्नी कुमार भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसका इलाज एक निजी क्लिनिक में चल रहा है।

#### सीवान जेल में कैदी की संदिग्ध मौत

**सीवान (नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा में एक कैदी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। मृतक की पहचान मोहद्दीपुर निवासी सैफ अनवर उर्फ बिहारी बाबू के रूप में हुई है। शनिवार को उसकी अचानक मौत हो गई जिसके बाद पूरे मामले को लेकर हड़कंप मच गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि जेल प्रशासन ने सैफ अनवर को फांसी लगाकर मार डाला है। मंडल कारा अधीक्षक देवाशीष कुमार ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### सभी बीइओ के कार्यों की होगी समीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार शिक्षा विभाग अब सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के कार्यों की गहन समीक्षा करेगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है। विभाग द्वारा राज्यभर में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के क्रम में बीइओ की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। इस पर एसीएस ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने जिलों में बीइओ के कार्यों और उपलब्धियों की समीक्षा करें।

#### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़न मोड़ के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर ट्रैक्टर और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैक्टर बीच सड़क पर पलट गया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान गोविंदापुर गांव निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही राष्ट्रीय राजमार्ग-19 को जाम कर दिया।

### मुख्यमंत्री ने 71 पुलिस वाहनों का किया लोकार्पण, हरी झंडी दिखा किया रवाना

## पुलिसिंग की कार्य क्षमता व दक्षता बढ़ेगी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज 01 अणे मार्ग से पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) एवं यातायात थानों के लिए 71 पुलिस वाहनों का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस वाहनों को रवाना किया। इन नये पुलिस वाहनों के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों के नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे और शहरों में यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। साथ ही प्रभावी ढंग से ट्रैफिक मॉनिटरिंग, दुर्घटना नियंत्रण और ट्रैफिक नियमों के पालन पर भी कड़ी नजर रखी जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में



अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्य क्षमता तथा दक्षता और बढ़ेगी। साथ ही विधि व्यवस्था को मेंटेन करने में और सहूलियत होगी। राज्य के विभिन्न जिलों में यातायात व्यवस्था इससे और सुदृढ़ होगी। साथ ही सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक प्रबंधन और बेहतर होगा। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, अपर पुलिस महानिदेशक (स्पेशल ब्रांच) सुनील कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन, अपर पुलिस महानिदेशक (यातायात) सुधांशु शेखर, अपर पुलिस महानिदेशक (प्रोविजनिंग) अजिताभ कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार एवं कुमार रवि, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना रेंज के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव आयोग ने बढ़ाया बूथ लेवल कर्मचारियों का पारिश्रमिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने बूथ लेवल कर्मचारियों का वेतन बढ़ा दिया है। इन कर्मचारियों का वेतन दोगुना कर दिया है। चुनाव आयोग ने घोषणा करते हुए कहा कि जिन कर्मचारियों को 6 हजार मिलते थे उन्हें अब 12 हजार मिलेंगे। साथ ही, बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक बढ़ाया गया है। चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची मशीनरी, जिसमें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ पर्यवेक्षक और बूथ लेवल अधिकारी शामिल हैं, सभी कर्मचारी कड़ी मेहनत करते हैं और निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। निर्वाचन आयोग के नए आदेश के तहत अब बीएलओ को सालाना 6 हजार की जगह 12 हजार पारिश्रमिक मिलेगा। वहीं बीएलओ पर्यवेक्षक का मानदेय 12 हजार से बढ़ाकर 18 हजार कर दिया गया है। इसके अलावा विशेष पुनरीक्षण जैसे





अभियानों में भाग लेने वाले बीएलओ को एक हजार के बदले अब 2 हजार मिलेंगे। इलके साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यानी ईआरओ और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यानी एईआरओ को भी पारिश्रमिक दिया गया है। ईआरओ को 25 हजार जबकि एईआरओ को 30 हजार मिलेंगे। इससे पहले इन्हें कुछ नहीं मिलता था। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार बीएलओ और सहायक बीएलओ चुनावी मशीनरी की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत से ही मतदाता सूची समय पर और सटीक तरीके से अपडेट होती है। आयोग ने बताया कि पिछली बार साल 2015 में बीएलओ का पारिश्रमिक संशोधित किया गया था। अब करीब 10 साल बाद यह सबसे बड़ा बदलाव है।

## सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो मजदूरों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधेपुरा।** जिले के सिंहेश्वर थाना अंतर्गत गम्हरिया रोड स्थित पुलिस लाइन के सामने शनिवार को निर्माणाधीन मकान में शौचालय की टैंक में शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से दो मजदूरों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा विजय भगत के निर्माणाधीन मकान में हुआ। मृतकों की पहचान सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपट्टी वार्ड एक निवासी सहदेव यादव के बेटे प्रमोद यादव (55) और बुढ़ाबे निवासी दिलीप चौहान (40) के रूप में की गई है। तीसरे मजदूर का इलाज मधेपुरा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शनिवार सुबह करीब 9 बजे दो मजदूर निर्माणाधीन घर के शौचालय टैंक में शटरिंग खोलने के लिए उतरे थे। काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर तीसरा मजदूर टैंक में गया लेकिन वह भी बाहर नहीं निकल सका। इसके बाद घर मालिक का स्टाफ मुकेश कुमार रस्सी के सहारे टैंक में उतरा और बेहोश हो गया। हालांकि उसे तत्काल बाहर निकाल लिया गया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## बिहार की मिट्टी में बुद्ध व गांधी का समपर्ण : शिवराज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। वे पटना के बापू सभागार में पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी किया है। इसका लाभ बिहार के भी 74 लाख किसानों को मिला। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सावन का महीना है और गंगा का तट है। इतने सुबह-सुबह बहनें भी इतनी बड़ी संख्या में यहां पहुंची है। राखी आने वाला है इसलिए सभी बहनों को राखी की ढेरों शुभकामनाएं। बिहार के किसान दुनिया में उदाहरण पेश करते हैं। कृषि मंत्री के रूप में किसानों की मदद करना



पूजा के समान है। बिहार की मिट्टी कुछ ऐसा है जो लोगों को दिल से जुड़ता है। इस मिट्टी में बुद्ध और गांधी का समर्पण है। बिहार की बुद्धि और मेहनत का लोहा पूरी दुनिया मानती है। गांधी ने बिहार से ही आंदोलन शुरू किया। उन्होंने कहा कि किसानों को पैसे ब्याज पर लेने पड़ते थे। आज किसानों के खाते में सीधा डाला जा रहा है। पहले 1 रुपया डाला जाता था तो 15 पैसे पहुंचते थे। आज पूरा 1 रुपया खाते में जाता है। किसानों के प्रति हेक्टयर उत्पादन बढ़ाने का प्रयास है। बिहार में सबसे ज्यादा मखाना पैदा होता है। मखाना बोर्ड बनकर तैयार है जल्द सामने आएगा। अब दिल्ली में बैठकर नहीं बल्कि गांवों में रिसर्च होगा। खाद हर हालत तक किसानों तक पहुंचना चाहिए। कोई कालाबाजारी करे उसे तत्काल जेल भेजे। नकली बीज और खाद बेचने वाले पर कड़ी कार्रवाई होगी। कांग्रेस और राजद ने कभी किसानों के खाते में पैसा नहीं डाला। फसल बीमा जैसी योजना मोदी सरकार की देन है। बापू सभागार में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मंत्री मंगल पांडेय, विजय सिंहा और डा. प्रेम कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे।

## शहरों में 24 घंटे करें बिजली आपूर्ति : ऊर्जा सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में संभावित आंधी-बारिश को देखते हुए बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से विद्युत भवन में अहम समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ऊर्जा सचिव सह बीएसपीएचसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने की। बैठक में एसबीपीडीसीएल के एमडी महेंद्र कुमार और एनबीपीडीसीएल के एमडी राहुल कुमार भी उपस्थित थे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नार्थ व साउथ बिहार के सभी विद्युत कार्यपालक अभियंताओं ने बैठक में भाग लिया। ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 22 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मौसम की विषम परिस्थितियों के बावजूद बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं आना चाहिए। ऊर्जा सचिव ने सभी अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को बिजली से जुड़ी किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। इसके लिए सभी अभियंता अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी और शीघ्र निवारण प्रणाली अपनाएं। इसके साथ ही उन्होंने बारिश के मौसम में विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने को कहा।

## बिहारवासियों की श्रद्धा व आस्था पर प्रहार कर रही कांग्रेस-राजद: ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, बिहार कांग्रेस और राजद नेता तेजस्वी यादव के हालिया बयानों को देश की जनता को भ्रमित करने वाला, तथ्यहीन और लोकतंत्र विरोधी करार दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी एक तरफ बार-बार चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं और दूसरी तरफ कृषि कानून पर उनपर स्वर्गीय अरुण जेटली द्वारा दबाव का निराधार आरोप लगाकर दिवंगत नेताओं का अपमान कर रहे है। अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति हेतु वे और उनकी पार्टी बौखलाहट में मां जानकी मंदिर के शिलान्यास के कार्यक्रम पर सवाल उठाकर करोड़ों बिहारवासियों के श्रद्धा और आस्था पर प्रहार भी कर रही है। श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार में कांग्रेस की सहयोगी पार्टी राजद भी राहुल गांधी के नक्शे कदम का अनुसरण कर रही है तभी तो राजद के नेता तेजस्वी यादव भी चुनाव आयोग द्वारा चलाए गए वोटर कार्ड पुनरीक्षण और अब मतदाता सूची प्रकाशन पर झूठ फैलाकर जनता को गुमराह और राष्ट्रीय संस्थाओं को बदनाम करने की साजिश कर रही है। श्री सिन्हा ने राहुल गांधी के



उस बयान पर पर आश्चर्य जताया जिसमें उन्होंने स्वर्गीय अरुण जेटली पर आरोप लगाया है कि कृषि कानून पर विरोध करने के लिए उन्हें अरुण जेटली ने कहा था। परन्तु कृषि कानून 2020 में पारित हुआ और उससे पहले ही अरुण जेटली का निधन 2019 में हो गया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बिहार में सहयोगी राजद की दोमुखी राजनीति अब किसी से छुपी नहीं है। सरकारी एजेंसियों को सुनियोजित तरीके से बदनाम करने की साजिश तो वे पहले से ही कर रहे थे अब 125 करोड़ लोगों की आस्था और श्रद्धा को राजनीतिक अखाड़ा बनाने का प्रयास कर रही है। भला श्रीराम को काल्पनिक बताने वाले से और क्या उम्मीद की जा सकती है? श्री सिन्हा ने कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता ने चुनकर राहुल गांधी के झूठ की कलई तो पहले ही खोल दी थी और चुनाव आयोग द्वारा तेजस्वी यादव का झूठ का भी पर्दाफाश, वोटर सूची के क्रमांक 416 से हो चुका है। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा यह स्पष्ट करती है कि वह आस्था, संविधान और लोकतंत्र पर किसी भी तरह के हमले को बर्दाश्त नहीं करेगी। इंडिया गठबंधन के दल चाहे वे कांग्रेस हो या राजद, सभी एक ही रंग में रंगे है। उनकी राजनीति झूठे बयान, फर्जी आरोप और संस्थाओं पर अविश्वास फैलाकर जनता को गुमराह करने की रही हैं लेकिन देश की जनता सब देख रही है और उन्हें इसका जवाब आगामी चुनाव में सूद समेत देगी।

BAYC Institute स्थापित 1972

बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज

गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7

नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

भारत का पहला कॉलेज

डॉक्टर बनें

एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES

एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

✆ 9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in

Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com

C M Y K

### प्रथम अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का कोटा में सफल आयोजन

# मांगों को रेल मंत्री तक पहुंचाया जाएगा : ओम बिरला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अखिल भारतीय रेलवे जनसंपर्क सेमिनार का भव्य आयोजन शनिवार को कोटा के मेनाल रेलवे ऑफिसर्स क्लब में किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और भारतीय रेलवे जनसंपर्क कैडर की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिरला जी के आगमन पर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत से हुआ। तत्पश्चात, मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री कालरा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की सराहना की गई। इसके बाद जनसंपर्क विभाग के परिचय पर एक संक्षिप्त वीडियो प्रदर्शित किया गया जिससे जनसंपर्क कर्मियों की बहुआयामी भूमिका का परिचय उपस्थित जनसमूह को मिला। वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी कमल जोशी द्वारा जनसंपर्क कैडर का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया गया जिसमें विभाग की वर्तमान कार्यप्रणाली, दायित्व, एवं संरचनात्मक चुनौतियों को रेखांकित किया गया। ओम बिरला ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि रेलवे का जनसंपर्क विभाग सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। इसकी मजबूती से रेलवे की छवि और पारदर्शिता में वृद्धि होती है। उन्होंने विभाग के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन भी प्रदान किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा कार्यक्रम का औपचारिक समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसके उपरांत सेमिनार सत्र आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रचार निरीक्षकों ने अपने विचार, अनुभव एवं कैडर से संबंधित व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। यह विचार-विमर्श सत्र जनसंपर्क विभाग की कार्यक्षमता, कैडर पुनर्गठन, और भविष्य की दिशा तय करने में मील का पत्थर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक, कोटा अनिल कालरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल, नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा सहित रेलवे के विभिन्न संवर्गों के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## पीएम मोदी ने बिहार के 74 लाख किसानों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि आज देशभर के 9.70 करोड़ से भी अधिक किसानों के चेहरे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'पीएम किसान सम्मान योजना' के तहत 20 वीं किस्त की राशि जारी कर मुस्कान बिखेर दिया है। एनडीए सरकार का मूल मंत्र है-किसान का सम्मान, राष्ट्र का उत्थान। प्रधानमंत्री की इस पहल से बिहार के भी 74 लाख किसानों को सौगात मिली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी होने के बाद किसानों का इंतजार आज खत्म हो गया। देश के करीब पौने दस करोड़ किसानों के खाते में 20वीं किस्त की 20,500 करोड़ रुपये सीधे डीबीटी के जरिए ट्रांसफर कर भेज दी गई है। श्री पांडेय ने कहा कि इस बार केंद्र सरकार की ओर से 20 वीं किस्त के तौर पर 1515 करोड़ की राशि जारी कर दी गई।

# पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 पटना द्वारा कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

### सुरेन्द्र शर्मा की हास्य-वाणी से गूंजा ऊर्जा ऑडिटोरियम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1, पटना के राजभाषा अनुभाग द्वारा शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में एक भावपूर्ण कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक अरिंदम सेन शर्मा द्वारा उपस्थित जनसमूह में साहित्यिक चेतना और सृजनात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए यह आयोजन एक यादगार संध्या में परिवर्तित हो गया। कवि सम्मेलन में पद्‌म सम्मान से अलंकृत सुरेन्द्र शर्मा की व्यंग्य मिश्रित हास्य-कविताओं ने श्रोताओं को खुलकर हंसने का अवसर दिया। उनके अनूठे अंदाज ने श्रोताओं को न केवल गुदगुदाया, बल्कि सामाजिक यथार्थ पर भी सोचने को विवश किया। दिनेश बावरा ने समाज की विडंबनाओं को स्वर देते हुए तीखे कटाक्ष के साथ भावनाओं को गहराई से उकेरा। डॉ. तिष्या श्री की कोमल अभिव्यक्ति और स्त्री-मन की अनुभूतियों ने मंच को मर्मस्पर्शी बना दिया। रोहित शर्मा की ओजस्वी वाणी और संजीव मुकेश की जनभावनाओं से जुड़ी कविताएं भी श्रोताओं की तालियों से सराही गईं। कार्यक्रम में पावरग्रिड के पूर्वी क्षेत्र-1 से जुड़े सभी वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आयोजन ने एक ओर जहां कविता और भाषा के प्रति सम्मान को प्रकट किया, वहीं दूसरी ओर राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक सार्थक पहल भी सिद्ध हुआ। यह सम्मेलन न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए एक उत्सव था, बल्कि कार्यस्थल की सांस्कृतिक चेतना को भी सुदृढ़ करने का एक सुंदर अवसर बना। पावरग्रिड द्वारा भाषा और भाव के इस संगम का आयोजन एक प्रेरणादायक प्रयास कहा जा सकता है जिसने काव्यरस के माध्यम से संवेदनाओं की गहराई तक पहुंच बनाई।

# शाहाबाद में पर्यटन को बढ़ावा देने का लिया गया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी नई दिल्ली में शाहाबाद के ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखते हुए यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को ''इतिहास में शाहाबाद और पर्यटन की संभावनाएं'' विषय पर आयोजित सेमिनार में शाहाबाद के राजनीतिक, प्रशासनिक, साहित्यिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में महती भूमिका निभा रहे लोगों का पहली बार जुटान हुआ। कंस्टिट्यूशन क्लब में आयोजित इस सेमिनार में शाहाबाद के लोगों को अपनी समृद्ध विरासत, पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर को संजोकर रखते हुए उसे अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लाने तथा पर्यटन विकास को गति देने पर बल दिया गया। इस कार्यक्रम में सांसद सुधाकर सिंह, राजा राम सिंह, पूर्व सांसद सुशील सिंह, सुनील सिंह, कला संस्कृति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग दिल्ली सरकार की सचिव रश्मि सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, पूर्व विधायक रामेश्वर चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार कन्हैया भेलारी आदि ने पुराने शाहाबाद जिला के गौरवशाली ऐतिहासिक सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए यहां पर्यटन की अपार संभावनाओं को भी रेखांकित किया। सेमिनार में शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने कहा कि अपने गौरवशाली विरासत को याद करते हुए यहां पर्यटन विकास को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर मंथन हुआ और उसे धरातल पर उतारने के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह किया गया है। कहा कि समिति के बैनर तले पिछले पांच वर्षों से जारी अभियान का सकारात्मक संकेत शाहाबाद की धरती पर दिखने भी लगा है और सरकार यदि इसे गंभीरता से लेती है तो यहां न केवल पलायन रुकेगा बल्कि बाहर के लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने शाहाबाद की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक व धरोहर और यहां की पर्यटन व संस्कृति के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि शाहाबाद का हर क्षेत्र अपने आप में एक अनमोल इतिहास छिपाए हुए है। यह पूरा इलाका ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व से ओतप्रोत है। वक्ताओं ने कहा कि शाहाबाद में सभी तरह की पर्यटन स्थल यथा ऐतिहासिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक सभी धरोहर मौजूद है। ऐसे में शाहाबाद टूरिज्म सर्किट बनाने की जरूरत है।

# बिहार में पहली बार हुआ प्रीएम्प्टिव किडनी ट्रांसप्लांट, औरंगाबाद के डॉ. विकास कुमार की अहम भूमिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** चिकित्सा क्षेत्र में बिहार ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। पटना स्थित पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में राज्य का पहला प्रीएम्प्टिव किडनी ट्रांसप्लांट सफलता पूर्वक किया गया जिसमें मरीज को डायलिसिस की आवश्यकता नहीं पड़ी। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन में औरंगाबाद जिले के दाउदनगर निवासी प्रख्यात यूरोलॉजिस्ट डॉ. विकास कुमार की विशेष भूमिका रही। पश्चिम चंपारण निवासी 45 वर्षीय सत्येंद्र प्रसाद सिंह की दोनों किडनी धीरे-धीरे खराब हो रही थीं। क्रेटिनिन का स्तर लगातार बढ़ रहा था जिससे उन्हें भूख कम लगना, थकान, सांस फूलना और पैरों में सूजन जैसी गंभीर समस्याएं हो रही थीं। इस स्थिति में पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल में प्रीएम्प्टिव ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया गया। डॉ. शशि कुमार, निदेशक एवं एचओडी, नेफ्रोसाइंसेज एंड रीनल ट्रांसप्लांट ने बताया कि प्रीएम्प्टिव ट्रांसप्लांट का अर्थ है–ऐसी स्थिति में ट्रांसप्लांट करना जब मरीज अभी डायलिसिस पर नहीं गया हो। इससे रिकवरी तेज होती है और जीवन गुणवत्ता बेहतर होती है। आमतौर पर ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को 10S12 दिन अस्पताल में रखना पड़ता है, लेकिन सत्येंद्र सिंह को महज सात दिनों में छुट्टी दे दी गई। डोनर को केवल तीन दिनों में डिस्चार्ज कर दिया गया। इस पूरे जटिल ट्रांसप्लांट की सफलता में डॉ. विकास कुमार की भूमिका निर्णायक रही। वे यूरोलॉजी विभाग से जुड़े वरिष्ठ चिकित्सक हैं और सर्जिकल प्रक्रियाओं में उनकी विशेषज्ञता ने इस ट्रांसप्लांट को और अधिक प्रभावी बनाया। वे हर रविवार को शिव मंदिर, चुड़ी बाजार, दाउदनगर में निःशुल्क सेवा देकर क्षेत्रीय मरीजों को भी लाभान्वित करते हैं। डॉ. शशि कुमार और डॉ. विकास कुमार के नेतृत्व में की गई इस चिकित्सा उपलब्धि को स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने 'बिहार के चिकित्सा इतिहास में मील का पत्थर' बताया है।

## उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन मंत्री रत्नेश सादा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सचिव अजय यादव, आयुक्त उत्पाद सह निबंधन महानिरीक्षक रजनीश कुमार सिंह, उप निबंधन महानिरीक्षकगण-सुशील कुमार सुमन एवं डॉ. संजय कुमार, कृष्णु कुमार (संयुक्त आयुक्त, मद्य निषेध), सहित सचिवालय स्थित वरीय अधिकारीगण एवं जिला के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान मंत्री ने निबंधन एवं उत्पाद दोनों पक्षों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निबंधन एवं राजस्व संग्रहण की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया।

## प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन का 50वां जन्मदिवस मना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के संघस्थ शिष्य प्रतिष्ठाचार्य विजय कुमार जैन का 50वां जन्मदिवस श्रावण शुक्ला सप्तमी को कुंडलपुर, नालंदा एवं अयोध्या में सानंद मनाया गया। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद एवं श्री दिगम्बर जैन अयोध्या तीर्थक्षेत्र कमेटी के तत्वावधान में डॉ. जीवन प्रकाश जैन, निधेश जैन, परमेन्द्र जैन, पारस जैन 'बबुआ', शरद जैन, अध्यात्म जैन, सरस जैन 'शैंकी' आदि अनेक महानुभावों द्वारा विजय जी को तिलक, माल्यार्पण के साथ ही उनके कार्यों की सराहना से सहित एक अभिनंदन पत्र भी भेंट किया गया। इस अवसर पर पूज्य पीठाधीश स्वस्तिश्री रवीन्द्रकीर्ति स्वामीजी ने भी विजय जी को तिलक व माल्यार्पण किया और संघस्थ ब्र. बीना बहनजी, कुमुदिनी अम्माजी आदि ने उन्हें स्नेहपूर्वक उपहार भेंट करके जन्मदिवस की शुभामनाएं दीं।

# खादी मॉल, पटना में 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित खादी मॉल, पटना में आज आगामी रक्षाबंधन त्योहार को लेकर पारंपरिक लोककला को समर्पित विशेष कार्यक्रम 'राखी पर लाइव मधुबनी पेंटिंग' का शुभारंभ हुआ। इस सांस्कृतिक पहल का उद्देश्य बिहार की विश्वविख्यात मधुबनी पेंटिंग को एक जीवंत मंच प्रदान करना, स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन देना और आम नागरिकों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ मधुबनी कलाकार व बिहार राज्य पुरस्कार से सम्मानित राज कुमार लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पटना नगर निगम एवं नमामि गंगे की ब्रांड एम्बेसडर नीतू कुमारी नवगीत भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। खादी बोर्ड के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा अनेक कला-प्रेमी नागरिकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे गरिमा प्रदान की। इस आयोजन की प्रमुख आकर्षण रहीं -मधुबनी कलाकार सुप्रिया सिन्हा एवं सीमा द्वारा राखियों पर लाइव पेंटिंग, निशा पारसरमका द्वारा तैयार की गई आकर्षक हस्तनिर्मित राखियां थे। होप संस्था के ऑटिस्टिक बच्चों द्वारा बनाई गई राखियां, जो न केवल सुंदर और रचनात्मक हैं बल्कि किफायती दरों पर उपलब्ध भी हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ मधुबनी कलाकार व बिहार राज्य पुरस्कार से सम्मानित राज कुमार लाल ने कहा कि इस विशेष आयोजन की खास बात यह रही कि 'द होप' संस्था के बच्चों द्वारा बनाई गई राखियों की बिक्री के माध्यम से उन्हें रोजगार का अवसर प्रदान किया जा रहा है जिससे वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकें, बल्कि समाज की मुख्यधारा से भी जुड़ सकें। यह पहल सामाजिक समावेश और सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

इस आयोजन ने मधुबनी कला की जीवंतता को सामने लाकर यह सिद्ध किया कि बिहार की पारंपरिक कलाएं आज भी नवाचार, आत्मनिर्भरता और सामाजिक प्रेरणा की आधारशिला बन सकती हैं। खादी मॉल का यह प्रयास न केवल संस्कृति और कारीगरी को बढ़ावा देता है, बल्कि राखी पर्व को एक सामाजिक, कलात्मक और मानवीय उत्सव में परिवर्तित करता है।

## मिथिला चित्रकला के कलाकार, मृणाल सिंह की सराहनीय कृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार ललित कला अकादमी, पटना में आयोजित 2 अगस्त से तीन दिवसीय लोक चित्रकला प्रदर्शनी में मृणाल सिंह की प्रयोगात्मक चित्रकथा ने मुख्य चर्चा बटोरी। इनकी चित्रकला शैली विशिष्ट और महीन कचनी होने के कारण इन्हें अन्य कलाकारों से अलग पहचान देती है। इनका विषय 'पिया मोर बालक, हम तरुणी' नामक गीत था जिसे उन्होंने कागज पर चित्रांकित किया। यह गीत कवि कोकिल विद्यापति द्वारा रचित, मैथिल समाज का एक लोकप्रिय गीत है। महाकवि के इस वियोग प्रधान गीत में व्यथित युवती की अपने पति के स्नेह को पाने की व्याकुलता को दर्शाया गया है। इस कथाचित्र में गीत की तरुणी नायिका को अहम रूप से चित्रित करते हुए गीत की प्रमुख पात्रों जैसे 'बटोहिया', 'हाट के लोग', 'धेनु गाय' आदि को भी चित्रांकित किया गया, जो जीवंत अनुभव देता है। कलाकार ने विषय का विशेष अध्ययन करते हुए कथित कथाचित्र को भावनापूर्ण रूपरेखा दी है। उनकी व्याख्यान की शैली और चित्रकला को संगीत एवं परंपरा से जोड़ने के ढंग को प्रचुर सराहना मिली। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि अशोक कुमार सिन्हा, अपर निदेशक (बिहार संग्रहालय) ने कलाकार की खूब प्रशंसा की। यहां आये हुए राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कृत कलाकारों ने भी मृणाल को विशेष रूप से बधाईयां दीं।

# युद्धस्तर पर नहरों के अंतिम छोर तक सिंचाई का पानी पहुंचाने में जुटा विभाग

### नहरों में जमा गाद, पेड़-पौधे या स्ट्रक्चर की समस्याओं का जल्द होगा समाधान : संतोष कुमार मल्ल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार के कई इलाकों में औसतन 30 फीसदी से कम बारिश दर्ज की गई है। इसके मद्देनजर जल संसाधन विभाग ने किसानों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य के किसानों को सशक्त एवं संतुलित सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जल संसाधन विभाग ने शनिवार को राज्यभर में सभी कार्यपालक अभियंताओं को अपने-अपने क्षेत्रीय कार्यालयों में सैकड़ों किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर फीडबैक लेने का टास्क सौंपा। साथ ही विभाग ने अपने कमांड क्षेत्र की नहर प्रणालियों में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मुहिम भी शुरू कर दी। विभाग किसानों से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं का विश्लेषण करके भविष्य की कार्य योजनाओं को अधिक प्रभावी एवं किसान-हितैषी बनाने के प्रयासों में जुट चुका है। गया, रोहतास, पटना,औरंगाबाद, कैमूर समेत दक्षिण बिहार के जिन अन्य जिलों में नहर प्रणाली अच्छी है वहां के नहरों में जल्द पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया कराने का आदेश संबंधित अभियंताओं को विभाग ने दिया है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया है। इस मामले में विभागीय प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने बताया कि इस साल 01 जून से 30 जुलाई के बीच 489 एमएम सामान्य वर्षा के विरुद्ध राज्य में 343 एमएम वर्षा हुई है। जो सामान्य वर्षा से 30 प्रतिशत कम है। इसके कारण किसानों को नहरों से पर्याप्त मात्रा में सिंचाई का पानी कैसे उपलब्ध कराया जाए, इसके लिए राज्यभर के किसानों के साथ शनिवार को बैठक कर उनसे फीडबैक लिया गया है। ताकि सोन, गंडक, कोशी, कमला, फल्गु, चांदन और किउल नदियों का पानी नहरों के माध्यम से किसानों तक पहुंचाया जा सके।

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक से 15 अगस्त तक चलेगा स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** आजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाने हेतु रेल मंत्रालय द्वारा सम्पूर्ण भारतीय रेल पर 01 से 15 अगस्त, 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस स्वच्छता अभियान के दौरान रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्मों, सर्कुलेटिंग एरिया तथा रेलवे पटरियों के आसपास साफ-सफाई तथा विशेष रूप से कचरों के निस्तारण पर विशेष अभियान चलाया जायेगा। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत 01 से 03 अगस्त, 2025 तक रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी तथा 04 अगस्त, 2025 से 'स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' स्लोगन के साथ स्टेशनों, कॉलोनियों एवं कार्यालय में स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के पांचों मण्डलों पर कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। रेलवे कर्मचारियों तथा उनके परिजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु 'स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत' नारे के साथ प्रातः स्वच्छता रथ/प्रभातफेरी निकाली गयी। साथ ही सभी मंडलों में स्वच्छता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो घूम-घूम कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

# पटना में 'बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी' का शुभारंभ

### तीज स्पेशल कलेक्शन के साथ आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी में लोगों की भीड़ उमड़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान स्थित होटल मौर्या में आज 'बुटीक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी' के 37वें संस्करण का भव्य शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय आयोजन देशभर से आए डिजाइनर्स के फेस्टिव और तीज स्पेशल कलेक्शन के साथ पटनावासियों के लिए फैशन, परंपरा और आधुनिकता का अनूठा अनुभव लेकर आया है। प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन द्वारा संपन्न हुआ जिसमें विशिष्ट अतिथियों के रूप में संगीता नंदा (प्रथम उप-डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायंस क्लब इंटरनेशनल), सुषमा साहू (प्रवक्ता, भाजपा बिहार), प्रीति प्रिया (संस्थापक, भूमिहार महिला समाज), वीणा गुप्ता (पूर्व डिस्ट्रीक्ट गवर्नर, लायंस क्लब इंटरनेशनल एवं पूर्व अध्यक्ष, बिहार महिला परिषद), मोनिका सिंह, आकांक्षा श्री एवं 'बुटीक्स ऑफ इंडिया' के संस्थापक संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। संजय अग्रवाल ने बताया पटना की सांस्कृतिक विरासत और फैशन के प्रति उत्साह को देखते हुए हम हर वर्ष कुछ नया लेकर आते हैं।

# 6 अगस्त से 20 सितम्बर तक घर-घर जाकर जमाबंदी और आवेदनों का होगा वितरण

### भूमि संबधी त्रुटियों के निष्पादन के लिए राज्यभर में चलेगा विशेष राजस्व महाअभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा आगामी 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राज्यभर में एक विशेष राजस्व महाअभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी मामलों में तीव्रता, पारदर्शिता एवं जनता को सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अभियान के अंतर्गत डिजिटाइज्ड जमाबंदियों की त्रुटियों में सुधार, छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने, उत्तराधिकार नामांतरण और संयुक्त संपत्तियों के बंटवारा नामांतरण के लिए आवेदन लिए जाएंगे। इस दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति एवं आवेदन प्रपत्रों का वितरण करेगी। इसके बाद हल्का स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन और दस्तावेजों का संकलन किया जाएगा। इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए सभी स्तर के पदाधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और सेवा संघों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में आगामी 10 अगस्त (रविवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह करेंगे।

इस बैठक में बिहार प्रशासनिक सेवा संघ, बिहार राजस्व सेवा संघ, यूनाइटेड राजस्व सेवा संघ, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी संघ, मुखिया संघ, पंच-सरपंच संघ, ग्राम कचहरी सचिव संघ, पंचायत सचिव संघ, बिहार राजस्व अमीन संघ, बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ, भूमि सुधार कर्मचारी संघ (गोपगुट), बिहार राज्य जिला परिषद संघ, वार्ड सदस्य संघ और ग्राम कचहरी न्यायमित्र संघ के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान विभाग के वरीय अधिकारीगण भी मौजूद रहेंगे। बैठक में सभी आमंत्रित संगठनों एवं संघों से उनके सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि इस अभियान का संचालन और अधिक सुदृढ़, समन्वित और प्रभावी तरीके से किया जा सके।

## खोया मोबाइल लौटा पुलिस ने 22 हजार 980 लोगों के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मोबाइल फोन आज की जीवनशैली का अभिन्न अंग बन गया है। किसी का मोबाइल फोन गुम होने या चोरी होने का मतलब है, उसकी तमाम जानकारी, सूचना, सहेजकर रखे दस्तावेजों समेत तमाम यादों या अन्य का गुम हो जाना है। पुलिस की तरफ से ऐसे खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को खोजकर इसके वास्तविक मालिक तक पहुंचा रही है। ऑपरेशन मुस्कान नाम के इस अभियान के तहत पुलिस पिछले तीन वर्षों के दौरान 22 हजार 980 लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटा चुकी है।

# लोक शिकायत निवारण सुनवाई में आठ मामलों का निबटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** लोक शिकायत निवारण अंतर्गत प्राप्त 24 अपीलीय आवेदनों पर शनिवार को जिलाधिकारी द्वारा सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान लोक प्राधिकार के रूप में जिला पंचायत राज पदाधिकारी सासाराम, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सासाराम, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, भूमि सुधार उप समाहर्ता, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, डिहरी उपस्थित रहे। परन्तु भूमि सुधार उप समाहर्ता बिक्रमगंज अन्य कार्यों में व्यस्त होने के कारण उपस्थित नहीं हुए जिसके कारण उनसे सम्बंधित परिवाद पर सुनवाई नहीं किया गया। साथ ही नौ अपीलार्थी उपस्थित नहीं हुए जिनके मामले को अगली तिथि निर्धारित करते हुए निर्देश दिया गया कि उक्त तिथि पर निश्चित उपस्थित रहें अन्यथा लोक प्राधिकार के अनुपालन प्रतिवेदन के अधार पर आपके मामले को निष्पादित कर दिया जायेगा। लोक प्राधिकार द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित किया गया। प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन के आलोक में सुनवाई की गई तथा उपस्थित दोनों पक्षों को विस्तार से सुना गया। सुनवाई के दौरान डॉ. श्रवण कुमार राय, नीरज कुमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, राकेश कुमार, संगीता देवी, हंसराज सिंह, विनोद कुमार दुबे के शिकायतों का निराकरण करते हुए निष्पादित किया गया। शेष मामलों में लोक प्राधिकार को निदेश दिया गया कि अगली निर्धारित तिथि को अनुपालन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहें।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता में तिलौथू के लाल ने लहराया परचम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार सरकार द्वारा आयोजित प्रमंडल स्तरीय निबंध लेखन, परिचर्चा, पेंटिंग /पोस्टर प्रतियोगिता का बीते 30 जुलाई को संपन्न हुआ था जिसमें तिलौथू प्रखंड के मध्य विद्यालय के 6-8 वर्ग समूह के छात्र आशुतोष कुमार ने राज्य स्तर पर आगामी 11 जुलाई को होने वाला इस प्रतियोगिता के लिए निबंध लेखन के लिए चयन किया गया है जिससे परिवार के साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# किसानों ने नहरों की समय पर सफाई कराने की अधिकारी से मांग की

### जमानियां पंप कैनाल डिवीजन, मोहनियां पर किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जमानियां पंप कैनाल डिवीजन, मोहनिया परिसर में किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य सिंचाई संबंधी समस्याओं से जूझ रहे किसानों की बातों को सुनना एवं त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता, जमानियां पंप कैनाल डिवीजन द्वारा की गई जिसमें संबंधित सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय कृषकगण उपस्थित थे।
कार्यक्रम में किसानों ने मुख्य रूप से नहरों की समय पर सफाई, सिंचाई के लिए पानी की नियमित आपूर्ति, पंप हाउस की तकनीकी समस्याओं को सामने रखा एवं जलवाहों का पक्कीकरण तथा फिल्ड चैनल निर्माण की मांग की गई। किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कई समस्याओं के समाधान की घोषणा की तथा शेष समस्याओं के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया तथा किसानों के द्वारा नहरों के अंतिम छोर तक पानी पहुंचने पर हर्ष व्यक्त किया गया। साथ ही किसानों को जमानियां से ककरैत गंगाजल उद्वह सिंचाई योजना लाईन डाइग्राम के माध्यम से अवगत कराया गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि नहरों की सफाई मौसमी मजदूरों द्वारा लगातार की जा रही है। किसानों ने विभागीय अधिकारियों के इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि संवाद की इस प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखा जाएगा ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान समयबद्ध ढंग से होता रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे जल संरक्षण, नहरों की देखभाल एवं सामूहिक सहयोग की भावना से सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग करें।

# 25 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-डिहरी ऑन सोन के निरीक्षक राम विलास राम,उप निरी. मनोज कुमार, उप निरी. शिवराज शाह, आरक्षी सर्वोदय पासवान, आरक्षी उमेश कुमार सिंह एवं अपराध आसूचना शाखा रेलवे सुरक्षा बल-गया के निरीक्षक चंदन कुमार एवं आरक्षी दीपक कुमार ओझा अपराध नियंत्रण एवं यात्री सुविधाओं के मद्देनजर अनुग्रह नारायण रोड रेलवे स्टेशन पर गस्त आपराधिक गतिविधि निगरानी के क्रम में गाड़ी संख्या-12875 (नीलांचल एक्सप्रेस) जाने के कुछ देर बाद एक व्यक्ति संजय प्रसाद, उम्र करीब-58 वर्ष, पिता-स्व. हीरा लाल साह, निवासी-नटवार रोड विक्रमगंज रजिस्ट्री कार्यालय के पास वार्ड-24, थाना-विक्रमगंज, जिला-रोहतास (बिहार) को संदिग्धावस्था में प्लेटफार्म संख्या दो पर ऊपरी पैदल गामी पुल के नीचे पकड़ा गया। तलाशी ली गई तो उसके पास के काले रंग के पिट्ठू बैग से दुधिया रंग के टेप में लपेटा 10 अदद बंडल मेव में। कुल वजन-25 किलो 080 ग्राम जिसका अनुमानित कीमत पांच लाख रुपए बरामद हुआ जिसे जब्त किया गया एवं उसे अवैध गांजा की तस्करी के अपराध में संलिप्तता से अवगत कराते हुए न्यायालय के गिरफ्तारी संबंधी जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गिरफ्तार किया गया।

# बिहार के भविष्य और नौजवानों की तकदीर हैं तेजस्वी यादव : विनय चंचल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय नाई महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विनय चंचल के नेतृत्व में पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित नाई अधिकार सम्मेलन में भाग लेने के लिए दर्जनों गाड़ियों से सैकड़ों लोग रवाना हुए। उन्होंने कहा कि हम लोग नाई अधिकार सम्मेलन में भाग लेने के लिए पटना प्रस्थान कर रहे हैं जिसमें मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय के महायोद्धा राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के पुत्र नेता प्रतिपक्ष बिहार विधानसभा तेजस्वी यादव रहेंगे। उक्त सम्मेलन में नाई समाज की जनसंख्या के अनुरूप आगामी विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने की मांग की जाएगी साथ ही अपनी एक जुटता भी दिखाई जाएगी तथा दूसरे मामलों में नाई समाज अपने अधिकार के लिए मांग को रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के भविष्य और नौजवानों की तकदीर है तेजस्वी यादव। तेजस्वी के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनेगी। इस मौके पर संजय शर्मा, नारायण ठाकुर, हरिदास शर्मा, सुनील ठाकुर, प्रवीण शर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# अमझोर थानाध्यक्ष नेहा कुमारी ने किया पदभार ग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** अमझोर थाना में नये थानाध्यक्ष के रूप में नेहा कुमारी ने अपना पदभार ग्रहण किया। नव पदास्थापित थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना मेरी प्रथम प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले तत्वों को और शराब माफियाओं को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। थाना क्षेत्र में नियमित गश्ती को बढ़ाया जायेगा। विधि व्यवस्था संधारण पर बल दिया जायेगा। नव पदास्थापित थानाध्यक्ष के सामने अवैध बालू खनन और शराब बिक्री पर रोक लगाना चुनौतिपूर्ण होगा। वहीं तिलौथू और अमझोर दोनों थाने में नये थानाध्यक्ष के आने से अवैध बालू खनन करने वाले बालू कारोबारी और शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## जिला जज ने किया डिहरी अनुमंडल न्यायालय नवनिर्मित भवन का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शनिवार को जिला जज अनुज कुमार जैन, परिवार न्यायालय के न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों ने व्यवहार न्यायालय डिहरी के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण करने आए। लगभग दो घंटे की जांच के समय में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप प्रथम श्रेणी अधिकारी प्रवीण कुमार बार काउंसिल डिहरी के अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी, सचिव रितेश कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष काशीनाथ गुप्ता, मिथिलेश कुमार, संयुक्त सचिव कमलेश कुमार, मनोज कुमार, अंकेक्षक अमरनाथ यादव, विजय सिंह, अर्जुन सिंह, गोपाल राम, जय राम पासवान, पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे आदि सहित न्यायालय कर्मी गण भी उपस्थित थे।

# गुरु-शिष्य हस्तशिल्प कला सेलेक्शन कमेटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास जिले के नटवार में शनिवार को गुरु-शिष्य हस्तशिल्प सेलेक्शन कमिटी की बैठक की गयी। बैठक में जिला उद्योग केंद्र रोहतास के महाप्रबंधक आशीष रंजन द्वारा काशीदारी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें कुल 30 लोगों का चयन किया जायेगा जिन्हें कशीदा कार्य का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इसके लिए उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस के लिए 300 रूपये की दर से 50 दिनों तक कुल 15000 रुपये दिया जायेगा। इसके लिए सभी के पास आर्टिजन कार्ड होना अनिवार्य है। इसके बाद उन्होंने आर्टिजन कार्ड के महत्व के बारे में बारीकी से जानकारी दी। मौके पर सीडीओ प्रशांत तिवारी, उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान से नीलम भारती, स्टेट अवार्ड ट्रेनर चन्द्रकांति देवी, स्टेट अवार्डी ट्रेनर एवं नटवार के वार्ड मेंबर सहित सभी आर्टिजन उपस्थित रहे।

# बीस सूत्री गठन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास : विकास सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण यादव जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा, बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विकास सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह का संचालन विकास सिंह के द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में बीस सूत्री उपाध्यक्ष विकास कुमार ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने कहा कि यह कार्यालय जनता और अधिकारियों के बीच मजबूत सेतु के रूप में कार्य करेगा। इन्होंने बीस सूत्री के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्य को आम लोगों के कार्यों को गंभीरता पूर्वक पूरी ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की अपील की। कहा कि विकास को गति देने में बीस सूत्री के सभी सदस्य ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने अपने संबोधन में समिति के उद्देश्यों और सरकार के कार्यों की चर्चा की। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष कपिल कुशवाहा ने अपने संबोधन में निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रखंड स्तरीय योजनाओं पर विस्तृत रूप से चर्चा किया। 20 सूत्री उपाध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि आज यह ऐतिहासिक दिन का हम सभी साक्षी बने हैं। राज्य से लेकर प्रखंड बीस सूत्री का गठन एक मात्र उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करना।
राज्य सरकार ने सैकड़ों योजनाएं और महत्वपूर्ण कार्य किए हैं जिसकी एक लंबी फेहरिस्त है, इसे उंगली पर गिना नहीं जा सकता है। इन सारी योजनाओं से लाभ दिलाने का प्रचार-प्रसार करना, निगरानी आदि कार्य, हम जैसे जमीनी कार्यकर्ताओं को यह पद देकर सौंपा है। योजनाओं को धरातल पर लाने में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।

# अस्सी वर्ष के बाद भी घर-घर पहुंचा रहे योग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** लोगों को योग से निरोग होने की शिक्षा अस्सी वर्षीय अवधेश नारायण चौबे अस्सी वर्ष की उम्र में भी दे रहे हैं। वे घर-घर योग पहुंचाने के लिए कई योग शिक्षक तैयार किए हैं। एक दशक से अधिक समय से प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल परिसर में वे लोगों को योग की शिक्षा देते हैं। पतंजलि योग समिति ने उन्हें प्रदेश के दक्षिणी भाग की जिम्मेवारी दी है जिसे वे बखूबी पूरा करते हैं। शनिवार की सुबह योग शिविर में उन्होंने बताया कि योग से दुनिया की किसी रोग को ठीक किया जा सकता है। वे प्रदेश के दक्षिणी भाग में स्थित सभी सरकारी व निजी संस्थानों में जाकर कर्मियों को बच्चों योग सिखाते हैं और उन्हें दूसरे को भी योग के प्रति जागरूक करने की प्रेणा देते हैं। उनका कहना है कि रोग से सभी रोगों को दूर किया जा सकता है।

# पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**काराकाट (रोहतास)।** प्रखंड के जीविका द्वारा एक दिवसीय पशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को गोड़ारी खेल स्टेडियम में जिला पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई। मोबाइल पशु चिकित्सा वाहन सेवा के डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी वाहन के साथ शिविर में रहे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर पशुपालकों को जागरूक करना था। शिविर में स्थानीय पशुपालकों द्वारा गाय, भैंस, बकरी, भेड़, गधा, घोड़ा जैसे विभिन्न प्रकार के पशुओं की जांच के साथ उपचार किया गया। पशु विशेषज्ञ (टी. भी.ओ.) डॉ. जय किसन कुमार ने बताया कि पशुओं के उपचार हेतु प्रमुख दवाएं व उपचार सामग्री भी उपलब्ध करवाई जा रही है। दवाओं में नेवलोंन पशु के पेचिश में फेंबेडाजोल, कृमिनाशक में रुचा मेक्स, भूख न लगने की स्थिति में बेटाडिन, बंध्याकरण या घाव के इलाज में अग्रमीण फोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। तकनीकी सहयोग शिविर में आगा खान फाउंडेशन की ओर से दीक्षा, सविता व टीम ने सहयोग प्रदान किया। जागरण ग्राम संगठन की पशु सखी उषा देवी ने पशुपालकों को बताया कि क्षेत्र में जुगाली करने वाले पशुओं में विशेषकर गाय, भैंस, बकरी आदि में अफरा, खुरपक्का, मुंहपक्का और ईटी जैसी बीमारियां आम हैं। इलाज हेतु नियमित रूप से इंजेक्शन एवं अन्य दवाएं दी जा रही हैं। गंभीर स्थिति में तुरंत संबंधित चिकित्सकों से संपर्क किया जा सकता है। अब ग्रामीण महिलाएं स्व-रोजगार के तहत खुद का बकरी पालन फार्म चला रही हैं। बंध्याकरण व नियमित इलाज की जिम्मेदारी पशु सखी द्वारा निभाई जाती है। शिविर में दवाओं का मुफ्त वितरण सह रजिस्ट्रेशन फीस पांच रुपये ली गई। पशुपालकों को दवा वितरण किया गया। पशुपालन दीदियों को मुफ्त दवा का वितरण, उपचार, रख रखाव एवं बीमारी से बचाव हेतु जागरूक किया गया। शिविर में जिला से पशुधन प्रबंधक सौरभ कुमार, कम्युनिकेशन प्रबंधक रविकांत, प्रखंड परियोजना प्रबंधक काराकाट आशा कुमारी, नोडल मधुबाला कुमारी, छाया कुमारी व अन्य मौजूद रहे।

# समारोह आयोजित कर बीपीआरओ को दी गई विदाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में शनिवार को पंचायती राज पदाधिकारी दिव्य शक्ति का स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख घूरा सिंह यादव द्वारा किया गया। समारोह में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को बुके, गुलदस्ता और चादर और बैग देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बेहतर कार्य के लिए दिव्य शक्ति को हमेशा याद किया जाएगा। वही अपने संबोधन में नम आंखों से पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि यहां मेरा पहला पोस्टिंग था मुझे इस प्रखंड से बहुत कुछ सीखने को मिला। यहां के जनप्रतिनिधियों का काफी सहयोग रहा जो हमेशा याद रहेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दृष्टि पाठक, अंचलाधिकारी अन्नु कुमारी, उप प्रमुख सुनील कुमार यादव, बीडीसी डिग्री पासवान, प्रखंड कर्मी सहित आदि लोग मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे** — **ई–नीलामी सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई–नीलामी (E-Auction) किया जाना है।

आक्शन कैटलाग नम्बर – BSB 13 PARKING 25

| कार्य का विवरण | अवधि | ई–नीलामी की तिथि | ई–नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| बनारस पी.एफ.–1 (पी.आर.एस) कैंपस स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 10:30 बजे तक |
| सीवान कचहरी हाल्ट स्टेशन स्थित (2 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 10:40 बजे तक |
| गौरीबाजार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 10:50 बजे तक |
| फेफना स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 11:00 बजे तक |
| दुरौधा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 11:10 बजे तक |
| रसड़ा स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 11:20 बजे तक |
| किडिहरापुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 11:30 बजे तक |
| युसुफपुर स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 11:40 बजे तक |
| सहतवार स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 11:50 बजे तक |
| औडिहार जं. स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| जीरादेई स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 12:10 बजे तक |
| माधोसिंह स्टेशन स्थित (2/3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 12:20 बजे तक |
| बलिया पी–एफ–1 स्टेशन स्थित (3/4 व्हीलर) स्टैण्ड का ठेका | 03 वर्ष | 18.08.2025 | 10:00 बजे से 12:30 बजे तक |

• ई–नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर आनलाईन होगी। • ई–नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर आनलाईन रू.10,000/- +18% GST (Non Refundable) आनलाईन जमा कर एक बार (One Time Registration) करना आवश्यक है। साथ ही उसे SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। • ई–नीलामी (E-Auction) से सम्बन्धित नियम एवं शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction Leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य–105 — सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## मृदुभाषी व सज्जन व्यक्ति थे, बबलू मिश्रा : नंदन कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के अग्रणी सामाजिक एवं संस्कृति संस्था अभिनव कला संगम के नंदन कुमार ने सर्व धर्म श्रद्धांजलि सभा में सम्मानित पदाधिकारी रह चुके बबलू मिश्रा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि हमारे संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी विनय मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा का आकस्मिक निधन पर दुःख प्रकट करते हुए कहा कि जीवन संगत में दो ऐसे मित्र जो बाल अवस्था से युवावस्था तक सामाजिक जीवन में साधारण तंग गलियों से निकलकर समाज के प्रतिष्ठित आंकड़ों में शीर्ष स्थान पर काबिज होने में एक दूसरे का महत्वपूर्ण सहयोगी बनते हैं।

# उपेक्षा का शिकार कुदरा का निशान सिंह स्टेडियम

### बरसात में लग जाता है पानी, खिलाड़ियों के लिए खेल के मैदान के अभाव में प्रतिभाएं हो रही कुंठित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिले का मशहूर स्टेडियम निशान सिंह उपेक्षा का शिकार है। बरसात के दिनों में स्टेडियम में पानी लग जाता है। मैदान के अभाव में क्षेत्र के खिलाड़ियों का प्रतिभाएं कुंठित हो रही हैं। स्टेडियम के प्रति शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। हालांकि खिलाड़ी संबंधित जनप्रतिनिधि व अधिकारी से बार-बार गुहार लगा रहे हैं। शाम होते ही स्टेडियम में नशेड़ियों का जमावड़ा हो जाता है जिससे स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि निशान सिंह स्टेडियम में खेलने व दौड़ने के लिए सुबह व शाम सैकड़ों की संख्या में छात्र व खिलाड़ी आते हैं, लेकिन बरसात के दिनों में स्टेडियम में पानी भरा है जिसके चलते छात्रों व खिलाड़ियों का स्टेडियम आना-जाना बंद हो गया है। सिपाही समेत अन्य नौकरी में फिजिकल परीक्षा के लिए भी भारी संख्या में प्रतिभागी स्टेडियम में आते थे, लेकिन की दुर्दशा के चलते प्रतिभागी जान जोखिम में डालकर फोरलेन सड़क के किनारे दौड़ लगाकर फिजिकल परीक्षा की तैयारी करते हैं। खिलाड़ी विकास सिंह उर्फ विक्की, आजाद पटेल, निखिल सिंह, शिवम तिवारी, शक्ति सिंह, सत्यम तिवारी व शिबू सिंह का कहना है कि स्टेडियम का गेट टूटा हुआ है। खिलाड़ियों के ठहरने व कपड़ा बदलने वाला कमरे का दरवाजा व खिड़की उखाड़ लिया गया है। शाम को यहां हिरोइंची का जमावड़ा रहता है जिसके चलते क्षेत्र के खेल प्रतिभा कुंठित हो रही है। खिलाड़ियों का कहना है कि इस संबंध में बार-बार संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि से गुहार लगाई जाती है, लेकिन किसी ने स्टेडियम के बदतर स्थिति की सुधारने के प्रति रुचि नहीं दिखाई है जिससे खिलाड़ियों व छात्र-छात्राओं में आक्रोश है।

## राखी प्रतियोगिता में अव्वल आईं छात्राएं हुईं पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कन्या मिडिल स्कूल जहानाबाद में शनिवार को राखी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें अव्वल छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ तक के अस्सी छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के आकर्षक राखी बनाए। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य नागमुनि कुमारी, प्रभावती कुमारी एवं शाम्मा परवीन ने सर्वश्रेष्ठ दस राखियों का चयन किया। जिसमें माही कुमारी को प्रथम, सान्वी कुमारी द्वितीय व मनीषा कुमारी के राखी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्कूल के हेडमास्टर कुमार अनिल सिंह व निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के दर्जनों शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## शपथ पत्र

मैं अनिल राम उम्र 46 वर्ष पिता-लक्ष्मण राम निवासी, ग्राम- मु. ग्राम-कुरुर पो.-कुरुर थाना- काराकाट जिला-रोहतास पिन नं.-802212 मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं कि L.I.C. की पॉलिसी 596226276 में मेरे पिता का नाम लक्ष्मण राम दर्ज है जबकि मेरे आधार एवं बैंक पासबुक में राम प्रसाद मेरा नाम दर्ज है।
मेरे पिता लक्ष्मण राम एवं राम प्रसाद एवं दोनों नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरा पिता का ही नाम है। दोनों नामों से जाने-पहचाने जाते हैं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है।

शपथकर्ता
अनिल राम


**दानापुर–भागलपुर–दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन और दो ट्रिप के लिए चलेगी**

श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03234/03233 दानापुर–भागलपुर–दानापुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का आवागमन निम्नवर्णित तिथियों को दो और ट्रिप के लिए निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार जारी रहेगा :–

| दानापुर–भागलपुर स्पेशल | | | (03234) (03233) | भागलपुर–दानापुर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आवागमन के दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | आवागमन के दिन |
| शनि, सोम | – | 15.30 | ↓ दानापुर | 07.50 | – | रवि, मंगल |
| | 19.05 | 19.10 | किऊल | 03.40 | 03.45 | |
| | 20.05 | 20.10 | जमालपुर | 02.10 | 02.15 | |
| | 20.45 | 20.50 | सुलतानगंज | 01.30 | 01.35 | |
| | 22.00 | – | भागलपुर ↑ | – | 01.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में मार्ग में पटना जं., राजेन्द्र नगर टर्मिनल, पटना साहिब, फतुहा जं., हरदास बीघा, खुसरूपुर, करौटा, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा, हाथीदा जं., बड़हिया, मनकठा, लक्खीसराय जं. और अभयपुर स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथि/दिन : दानापुर से – 03234:** दिनांक 02.08.25 और 04.08.25 (शनिवार और सोमवार)। **भागलपुर से – 03233:** दिनांक 03.08.25 और 05.08.25 (रविवार और मंगलवार)। **गठन :** शयनयान श्रेणी–04, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)–12, एसएलआरडी–02 = 18 कोच। **कैटेगरी :** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

# सड़क निर्माण से विकास को मिलेगी नई गति : श्रवण कुमार

## 79 लाख की लागत से दो सड़कों के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** ग्रामीण विकास मंत्री एवं नालंदा विधायक श्रवण कुमार ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के राणाबीघा पंचायत में दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन दोनों योजनाओं की कुल लागत करीब 79 लाख रुपये है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री ने जानकारी दी कि पहली योजना के तहत दीपनगर एनएच-31 से नई डीआरसीसी भवन तक सड़क निर्माण के लिए 25 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। वहीं दूसरी योजना के अंतर्गत राणाबीघा पक्की सड़क से जिला स्कूल होते हुए सिपाह पुल तक सड़क निर्माण पर 53 लाख 90 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे।



मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को सुगम और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। आज राणाबीघपा जैसे गांवों में भी विकास की रौशनी पहुंच रही है, जो सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने बताया कि राणाबीघा पंचायत में 898 वृद्धजनों को वृद्धा पेंशन, 74 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन और 292 महिलाओं को विधवा पेंशन योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके अलावा मंत्री ने बताया कि नालंदा जिले में करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है, जो न केवल शहर की सुंदरता में इजाफा करेगा, बल्कि पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में भी नए अवसर उपलब्ध कराएगा।

मंत्री ने कहा कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में विकास योजनाओं को चरणबद्ध ढंग से लागू कर रहे हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी शहरी सुविधाओं से युक्त हो सकें। इस अवसर पर जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा, पूर्व मुखिया युगल किशोर, पूर्व सरपंच डेजी देवी, इंदु सिन्हा, अमरेश कुमार भोला, निरज कुशवाहा, छोटू कुशवाहा, प्रवण केवट, शिवनंदन मिस्त्री, प्रदीप मुखिया, रविशंकर प्रसाद, संजय शर्मा, विशुनदेव प्रसाद, आनंद वर्मा, सरयुग रविदास, सुबोध पंडित, मुन्ना मांझी, भाजपा नेता राजू कुशवाहा, बब्लू सिंह, धर्म केवट, जयन्त शर्मा, गुलशन कुशवाहा, बिट्टू कुशवाहा, किशोर प्रसाद, छोटे लाल, उपेन्द्र दिलवाला, आकाश कुमार, काजल भूषण, दीपक कुमार, संतोष कुमार, जय केवट सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने मंत्री का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास योजनाओं के लिए आभार प्रकट किया।

# विभिन्न स्थानों पर डूबने से दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** करायपरशुराय थाना क्षेत्र के डियावां गांव में शनिवार को तलाब में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान डियावां गांव के स्व. फन्नू राम का 50 वर्षीय पुत्र कमलेश राम के रूप में की गई। सूत्रों से मिली जानकारी से पता चला कि डियावां गांव से पुरब स्थित तलाब के पास एक व्यक्ति शौच करने के दौरान पैर फिसल गया। जिससे पानी भरे तलाब में डूबने लगा। आसपास के मौजूद लोगों ने शौर मचाया और उनकी मदद से इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी लाया गया। जहां उपस्थित चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहां के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। **वहीं दूसरी घटना** इसलामपुर थाना क्षेत्र के चंधारी पंचायत अन्तर्गत हनुमानगढ़ी मंदिर के समीप जलवार नदी में एक 15 वर्षीय बालक बिट्टू कुमार की डूब जाने से मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक बालक पंचायत के मेढ़ी मठ गांव निवासी टप्पू राम का पुत्र था। घटना पर दुःख व्यक्त करने वाले लोगों में भाकपा माले अंचल सचिव सह मुखिया प्रतिनिधि उमेश पासवान, उपमुखिया रामबाबू केवट, अजीत कुमार, शशिभूषण प्रसाद सहित अन्य शामिल हैं।

# करंट की चपेट में आने से चिकित्सक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शनिवार को करंट के संपर्क में आने से ग्रामीण चिकित्सक की मौत हो गई। मामला बिंद थाना क्षेत्र के अहिया चक गांव का है। मृतक की पहचान पटना जिला के फतुहा थाना क्षेत्र के कश्मीरिया गांव के रहने वाले अरविंद पासवान के पुत्र (25) विकास कुमार के रूप में की गई है। मृतक के परिजन ने बताया कि सुबह एक बच्चे को नेबुलाइजर मशीन से वह भाप दे रहे थे। तभी बोर्ड में पलक लगाने के दौरान करंट के संपर्क में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। आनन फानन में इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विकास कुमार पिछले कुछ सालों से अपने ससुराल अहियाचक गांव में ही रहकर ग्रामीण चिकित्सक के तौर पर कार्य कर रह रहा था। बिंद थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि करंट लगने की सूचना प्राप्त हुई थी। परिजन इलाज के लिए बिहारशरीफ गए हैं। जहां इलाज के क्रम में मौत की बात सामने आ रही है।

# समेकित बाल विकास सेवा योजनाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समेकित बाल विकास सेवा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, पोषण ट्रैकर की स्थिति, मातृत्व वंदना योजना, सूखा राशन वितरण समेत अन्य अहम बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, भवन जैसी मूलभूत सुविधाएं शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों और महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण सेवा स्थल हैं, इसलिए इन केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। पोषण ट्रैकर के माध्यम से सूखा राशन वितरण की प्रगति पिछले माह की तुलना में धीमी पाई गई, जिसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ एवं संबंधित पदाधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप के नियमित उपयोग और लाभुकों की सही स्थिति दर्ज करने पर भी जोर दिया। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि कई आंगनवाड़ी केंद्र अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमित भवनों को चिन्हित कर जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। वहीं, जो केंद्र जर्जर स्थिति में हैं या जिनकी छतें क्षतिग्रस्त हैं, उनके निरीक्षण एवं फोटोग्राफी कर प्रखंड स्तर से प्रतिवेदन देने को कहा गया ताकि जीर्णोद्धार की कार्रवाई की जा सके। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में रोह प्रखंड की प्रगति सबसे कमजोर पाई गई, जिस पर त्वरित सुधार का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) निरूपमा शंकर, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास निगम के कर्मी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बीआरसी में प्रधानाध्यापकों के बीच टैब का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** शनिवार को प्रखण्ड संसाधन केंद्र पकरीबरावां में प्रधानाध्यापकों के बीच टैब वितरण किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नवादा के निर्देश के आलोक में प्रखण्ड संसाधन केंद्र द्वारा कार्यक्रम निर्धारित कर टैब वितरण का कार्य शुरू किया। वितरण का कार्य 7 अगस्त तक किया जाना है। पहले दिन उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पकरीबरावां नार्थ, इंटर विद्यालय पकरीबरावां, उच्च माध्यमिक विद्यालय डुमरावां क्लस्टर सेंटर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक, मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों को टैब दिया गया। लेखपाल रविन्द्र कुमार एवं शिक्षक सुबोध कुमार ने टैब का वितरण किया। बताया गया कि टैब मिलने के बाद तिथि निर्धारित कर विद्यालयों के प्रधानों एवं संबंधित शिक्षकों को इसके उपयोग की जानकारी दी जाएगी एवं इससे संबंधित दिशा निर्देश दिए जाएंगे।

# सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन, नवादा को नीति आयोग से तीन पदक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यह बताया गया कि नीति आयोग द्वारा नवादा जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता देते हुए दो रजत पदक एवं एक कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि जिले के समर्पित नेतृत्व, सुदृढ़ योजना निर्माण एवं प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि नीति आयोग द्वारा संचालित सम्पूर्णता अभियान का उद्देश्य आकांक्षी जिलों एवं प्रखंडों में छह प्रमुख संकेतकों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करना था। उन्होंने कहा कि कई आकांक्षी जिलों एवं प्रखंडों ने इन संकेतकों में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए नवाचार, दृढ़ प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, आधारभूत संरचना, कौशल विकास एवं सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सराहनीय कार्य किया है, जिसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं। जिलाधिकारी ने इसे नवादा जिले के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि यह सम्मान उन कर्मियों, पदाधिकारियों एवं विभागीय सहयोगियों को समर्पित है, जिन्होंने अपने कार्य से एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है और अपने क्षेत्र में 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर एक मिसाल कायम की है। चाहे बात मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की हो, पूर्ण टीकाकरण की, मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण की या विद्यालयों में बिजली एवं पाठ्यपुस्तकों की समय पर उपलब्धता की–हर क्षेत्र में उत्कृष्टता दिखाने वालों को इस मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नीति आयोग द्वारा नवादा जिले के दो प्रखंडों–काशीचक एवं पकरीबरावां–को महत्वपूर्ण संकेतकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक प्रदान किया गया है। इन दोनों प्रखंडों के स्वास्थ्य, शिक्षा, जीविका एवं कृषि विभाग से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों के कार्यों की सराहना की गई और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में उप विकास आयुक्त नवादा, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ-आईसीडीएस, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, डीपीएम-जीविका, डीपीएम-स्वास्थ्य, पकरीबरावां एवं काशीचक के प्रखंड विकास पदाधिकारी, आशा कार्यकर्ता, जीविका समूह की दीदियाँ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।



## एक नजर

### रजौली थाना में जनता दरबार आयोजित

**रजौली।** रजौली थाना में सीओ मो गुफरान मजहरी एवं थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित चार मामले आए। जिसमें से जमीन विवाद के सभी मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। सीओ मो गुफरान मजहरी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के टकुआटांड़ से छोटू यादव बनाम अजय यादव, सोहदा गांव से चांदों मिस्त्री बनाम रंजीत राजवंशी, होरिला से विशुन यादव बनाम शिवालक यादव, जोगियामारन से सुरेश महतो बनाम अर्जुन यादव आदि जगहों से जमीन विवाद से चार मामले आए थे। जिसमें से दोनों पक्षों के लोगों की सहमति से सभी मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। मौके पर अंचल नाजिर शिव शंकर, राजस्व कर्मचारी, थाने के पुलिस बल के साथ दर्जनों फरियादी उपस्थित थे।

### छह महिलाओं को मिला ऋण

**नारदीगंज,नवादा।** सहकारिता विभाग के द्वारा नई ऋण योजना शुरु हुई है। यह योजना है संयुक्त देयता समूह ऋण (जेएलजी) है। यह ऋण लेकर लोग स्वालम्बी और आत्मनिर्भर बनेंगे। द नवादा सेंट्रल को आपरेटिव बैंक, नारदीगंज में यह योजना का शाखा प्रबंधक रमेश कुमार ने शुभारंभ शनिवार को हुआ। प्रखंड के कोसला पंचायत के सावित्री ग्रुप कोसला को संयुक्त देयता समूह ऋण का वितरण हुआ। शाखा प्रबंधक रमेश कुमार ने इस समूह के छह महिलाओं को एक लाख 80 हजार रुपये ऋण उपलब्ध कराया। प्रत्येक महिला को 30 हजार रुपये का ऋण दिया गया। लाभुकों में सावित्री देवी, सुनीता देवी, फूलो देवी, रंजू देवी, रेणुका देवी और अनिता देवी को ऋण उपलब्ध कराया गया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार,श्रवण कुमार,डाटा आपरेटर मुकेश कुमार, विजय रंजन नीरू, रामविलास सिंह,रवि रंजन कुमार समेत अन्य रहे।

### नदी से सड़ा गला शव बरामद

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के ईचुआ करना पंचायत के सुल्तानपुर गांव के निकट ढ़ाढर नदी से 45 वर्षीय युवक का शव को बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव सड़ा गला अवस्था में है। बताया जाता है कि ग्रामीण जब नदी के किनारे पहुंचे तो अचानक नदी में एक युवक का शव दिखाई पड़ा, शोर मचाने के बाद काफी संख्या में लोग जुट गए। उसके बाद शव की पहचान करने में लगे रहे, लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सका और घटना की सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया।

### जेपी आश्रम में पीएम मोदी के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल के बैनर तले वाराणसी में आयोजित पीएम किसान सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किसानों के बीच दिखाया गया। इस कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का हस्तांतरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद जिला कृषि पदाधिकारी अजित प्रकाश ने किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती से सम्बंधित जानकारियां साझा किया। मौके पर केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ0 जयवंत कुमार सिंह, रविकांत चौबे, रौशन कुमार, शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार, सुमिताप रंजन, सलोनी कुमारी, अनिल कुमार, पिंटू पासवान, श्रवण रविदास समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 200 से अधिक किसान मौजूद थे।

### विधायक ने शोक संतप्त स्वजनों से मिल जताई संवेदना

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा जिले के मिर्जापुर इलाके में 29 जुलाई को कौआकोल थाना क्षेत्र के डोमनबाग गांव निवासी ब्रहमदेव महतो उर्फ ब्रहम महतो के 22 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार की बदमाशों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर देने की घटना के बाद शुक्रवार को राजद विधायक मोहम्मद कामरान ने मृतक के गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर गहरी संवेदना जताई। उन्होंने घटना पर गहरा शोक जताते हुए पीड़ित परिवार को धैर्य से काम लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह घटना काफी निंदनीय है। उन्होंने इस दौरान निजी तौर पर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान किया।

# सेवानिवृत्त किरानी के घर लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हिलसा थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव में एक सेवानिवृत्त किरानी के घर में हुई भीषण चोरी की घटना ने स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश की लहर दौड़ा दी है। चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के अनुसार, हिलसा स्थित एसयू कॉलेज से सेवानिवृत्त हुए किरानी देवनंदन प्रसाद छह दिन पूर्व अपने छोटे पुत्र के यहां आसाम गए हुए थे। घर को ताला बंद करके जाने के बाद चोरों ने इस अवसर का फायदा उठाया और बड़ी योजना के तहत चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने न केवल मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा बल्कि ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के चार कमरों के ताले भी तोड़े। इसके बाद उन्होंने गोदरेज और संदूक में रखे कीमती जेवरात सहित अन्य मूल्यवान सामान चुरा लिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार चोरी गई संपत्ति की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। घटना का पता तब चला जब शनिवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है। संदेह होने पर जब लोगों ने घर के अंदर जाकर देखा तो पूरा घर बिखरा हुआ मिला और यह स्पष्ट हो गया कि यहां चोरी हुई है। हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि चूंकि परिवार बाहर गया हुआ है, इसलिए चोरी की गई वस्तुओं की सटीक जानकारी उनके वापस आने के बाद ही मिल पाएगी। फिलहाल साक्ष्य संकलन के लिए डॉग स्क्वाड और एफएसएल की टीम को बुलाया है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा का अंतिम चरण आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा 2025 के अंतिम चरण का आयोजन आज किया जाएगा। यह परीक्षा एकल पाली में दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सफल, स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन हेतु जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा संयुक्त निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षार्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय प्रातः 09:30 बजे निर्धारित किया गया है। 10:30 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी परीक्षार्थियों को मुख्य प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के पश्चात ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। महिलाओं के लिए पृथक एवं घेरायुक्त फ्रिस्किंग स्थल की व्यवस्था की गई है। परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड एवं वैध पहचान पत्र के अतिरिक्त कोई भी सामग्री जैसे पेन, कागज, रिस्टवॉच, मोबाइल, ब्लूटूथ, या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण साथ लाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिले में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां पुलिस बल के साथ स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त जोनल दंडाधिकारी, गश्ती दल एवं उड़नदस्ता दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरे, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ट्रैफिक नियंत्रण, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन, वाटर कैनन तथा आंसू गैस आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

# जैन ट्रस्ट की भूमि को लीज पर दिये जाने का विरोध करने पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा स्थित श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र की करोड़ों-अरबों की भूमि को प्रबंधन द्वारा नाजायज ढंग से लीज पर दे दिये जाने का विरोध किये जाने पर लीजधारक ने शिकायतकर्ता पत्रकार दीपक जैन को जान से मारने की धमकी दी है। इस आशय को लेकर दीपक जैन ने नवादा नगर थानाध्यक्ष-सह-पुलिस इंस्पेक्टर के समक्ष लिखित कम्प्लेन कर दोषियों के विरूद्ध समुचित कार्रवाई का आग्रह किया है। कम्प्लेन के आधार पर पुलिस ने लीजधारक के आवास पर दस्तक दी, लेकिन घरवालों द्वारा लीजधारक के घर पर नहीं होने की सूचना दी गयी है। शुक्रवार को पुलिस इंस्पेक्टर को उपलब्ध कराये गये कम्प्लेन में पत्रकार दीपक जैन ने इस तथ्य का जिक्र किया है कि नवादा स्थित श्री गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध की परती भूमि को प्रबंधन ने अपना व्यक्तिगत हित साधने के उद्देश्य से बगैर धार्मिक न्यास बोर्ड की अनुमति के गुणावां निवासी ओंकार कुमार के नाम लीज पर दे दिया है। मामले के उजागर होने के बाद इस प्रक्रिया का विरोध किये जाने पर लीजधारक ओंकार कुमार ने शुक्रवार को अपने से दीपक जैन के मोबाइल नंबर पर संपर्क साधा एवं आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुये उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# इनरव्हील क्लब ने आयोजित की पर्यावरण अनुकूल राखी प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** इनरव्हील क्लब ऑफ बिहारशरीफ के तत्वावधान में डैफोडिल पब्लिक स्कूल, मंगलास्थान में पर्यावरण अनुकूल राखी बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. रश्मि नारायण, शोभा रानी, कुमारी रश्मि, मंजू प्रकाश समेत अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्रतियोगिता में कलाम, चाणक्य, आजाद और अशोका हाउस के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक से बढ़कर एक राखियां प्रस्तुत कीं। चंद्रकांत, कार्तिक, माधव, अरब, अयनांश, काव्या, सृष्टि कुमारी, लक्ष्मी व सृष्टि भारती को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नौ विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। विद्यालय के प्राचार्य उमेश कुमार व उप-प्राचार्या ज्योति मेहता ने बताया कि राखियों का मूल्यांकन पर्यावरण अनुकूलता, रचनात्मकता, सुंदरता और नवीनता के आधार पर किया गया। क्लब उपाध्यक्ष शोभा रानी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मकता को निखारने का श्रेष्ठ माध्यम हैं। क्लब की सचिव कुमारी रश्मि व पूर्वाध्यक्ष मंजू प्रकाश ने प्रतियोगिता को प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर क्लब की कई प्रमुख सदस्याएं, शिक्षकगण व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफल आयोजन और बच्चों की भागीदारी के लिए सराहना प्राप्त करता रहा।



# जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत करौटा-राजगीर टूरिस्ट वे पर जगतपुर गांव के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक शुक्रवार की शाम गम्भीर रूप से घायल हो गया था। शनिवार को इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई है। मृतक चंडी थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी विनोद मिस्त्री का (22) वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार है। जबकि इस हादसे में मुकेश का दोस्त सन्नी कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। जो फिलहाल निजी क्लीनिक में इलाजरत है। मृतक के मामा रामबाबू ने बताया कि मुकेश अपने गांव के ही दोस्त सन्नी कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर हरनौत बर्थडे पार्टी में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी बीच नरसंडा फोर लेन के समीप चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दी इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इलाज के क्रम में पावापुरी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार 25 से 30 युवक कई बाइकों पर सवार हो हाथों में तलवार लहराते हुए लहरिया कट-मार कर स्टंट कर रहे थे।

# दो बन्द घरों से चोरों ने ताला तोड़ उड़ाई लाखों की सम्पत्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन गांव में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने एक सीआरपीएफ के अधिकारी समेत दो बंद पड़े घरों में घुसकर ताला तोड़कर लाखों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। पड़ोसियों से घटना की सूचना गृह स्वामी को प्राप्त होने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना के बाद गांव में खलबली मच गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरौन गांव निवासी व झारखंड में बतौर सीआरपीएफ के दारोगा पद पर कार्यरत शिवपूजन ठाकुर एवं इसी गांव के धर्मेंद्र सिंह के घर में चोरों ने शुक्रवार की रात्रि दोनों घरों का ताला तोड़कर घुस गए। एवं आलमीरा आदि का ताला तोड़कर पूरा घर को साफ कर दिया। दोनों घरों में बीस लाख रुपये से अधिक की सम्पत्ति की चोरी होने का अनुमान है। धर्मेंद्र सिंह ने मोबाइल पर बताया कि उनके घरों से क्या क्या चोरी हुई है, इसका सटीक आकलन घर आने के बाद ही पता चलेगा। वहीं सीआरपीएफ अधिकारी शिवपूजन ठाकुर ने बताया कि उनके घर में रखे लगभग छह भर से अधिक सोना एवं चांदी के आभूषणों सहित कई मूल्यवान सामानों की चोरी होने का अनुमान है। बता दें कि बरौन गांव नवादा एवं जमुई जिले के सीमा पर पहाड़ के किनारे बसा है।

# पत्रकार रंजीत की पुण्यतिथि पर नम आंखों से किया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के दिवंगत प्रखर पत्रकार व थाना क्षेत्र के बरौन गांव निवासी स्व. रंजीत कुमार की 26वीं पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर मौजूद उनके परिवार के सदस्यों समेत दर्जनों लोगों ने दिवंगत पत्रकार रंजीत कुमार के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। दिवंगत पत्रकार के भाई व नवादा जिला पत्रकार संगठन के प्रखण्ड अध्यक्ष नवीन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित पुण्यतिथि समारोह में मौजूद लोगों ने दिवंगत पत्रकार को मृदुभाषी व सरल स्वभाव के धनी इंसान बताया।

# प्राकृतिक खेती को लेकर कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर अवस्थित राजेन्द्र भवन में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती विषय पर चयनित कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसका उदघाटन द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला कृषि पदाधिकारी, नवादा अजित प्रकाश द्वारा बताया गया कि आज के इस बदलते परिवेश में हमारी मिट्टी की उर्वरा शक्ति दिन प्रतिदिन कम हो जा रही है, जिसके कारण मिट्टी की स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खेती अपनाना आवश्यक हो गया है। ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के मुख्य अव्यय जैसे-जीवामृत, बिजामृत, घन जीवामृत, फफूंद नाशक आदि घटकों को बनाने का तरीका बताया जाएगा। ताकि कृषि में प्रयोग हो रहे कीटनाशकों एवं उर्वरकों के प्रयोग को कम किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ0 जयवंत कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ, रविकांत चौबे, डॉ0 शशांक शेखर सिंह,रौशन कुमार, अंगद कुमार, फार्म प्रबंधक सुमिताप रंजन, अनिल कुमार, पिंटू पासवान श्रवण रविदास के साथ नवादा जिला के विभिन्न दस प्रखंडों से आए हुए बीस कृषि सखी शामिल हुए।



# पीएम-किसान योजना किसानों को सशक्त बनाने की ऐतिहासिक पहल : डॉ. प्रेम कुमार

## पीएम-किसान योजना की 20वीं किस्त पर राज्यभर में किसान उत्सव दिवस मनाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत बीसवीं किस्त के वितरण के अवसर पर शनिवार को राज्य के सभी प्रखंड स्तरीय कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) में किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसानों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित कृषि एवं सहकारिता से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से राशि भेजी गई। पूरे राज्य में प्रातः 9:30 बजे से पैक्स कार्यालयों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें किसानों को किसान ई-मित्र संवाद सुविधा, अपनी स्थिति जानें (केवाईएस) जैसे उपयोगी तकनीकी साधनों के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया। पूर्वाह्न 11 बजे से वाराणसी से प्रधानमंत्री द्वारा किस्त वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सभी पैक्सों में दिखाया गया। इस प्रसारण को देखने के लिए किसान, महिलाएं, युवा, पैक्स अध्यक्ष, प्रबंधक, प्रबंध समिति सदस्य एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पटना के बापू सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कृषि और किसान कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, पशु और मत्स्य संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा पथ निर्माण विभाग के कई मंत्री शामिल हुए। सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाली ऐतिहासिक पहल है। इस योजना से किसानों को समय पर वित्तीय सहायता मिल रही है जिससे वे कृषि कार्यों में आत्मनिर्भर बनते जा रहे हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार की नीतियां जब किसान-हित में होती है तो खेतों से लेकर मंडियों तक सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगते हैं। आज की बीसवीं किस्त किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राज्यभर के ग्रामीण क्षेत्रों में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और योजना की जानकारी लेकर लाभ उठाने का संकल्प दोहराया।

# गयाजी जिले के 2.81 लाख किसानों को 57.99 करोड़ की सहायता राशि : डॉ. प्रेम कुमार

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दिया गया लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शुक्रवार को देशभर के किसानों को बड़ी आर्थिक सहायता प्रदान की गई। योजना के तहत गया जिले के 2.81 लाख से अधिक किसानों को 57.99 करोड़ रुपये की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई। इस संबंध में बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने पटना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के सेवापुरी स्थित बनौली प्रखंड से इस राशि का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि देशभर में 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 20,500 करोड़ की राशि डीबीटी के जरिए दी गई है। बिहार राज्य के 73.88 लाख से अधिक किसानों को कुल 1,515 करोड़ की सहायता सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गई है। मंत्री ने कहा कि यह योजना किसानों को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी आय में स्थिरता लाने में मदद कर रही है। उनके अनुसार यह पहल कृषि आधारित परिवारों के जीवन में धीरे-धीरे बदलाव ला रही है और किसानों को आत्मनिर्भर बना रही है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी सरकार ने किसानों के कल्याण को प्राथमिकता में रखा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना इसका प्रमाण है कि यदि नीतियां किसान केंद्रित हों, तो खेती-किसानी से जुड़े लोगों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार संभव है। उन्होंने गया जिले के सभी लाभार्थी किसानों की ओर से सरकार के प्रति आभार भी व्यक्त किया और कहा कि ऐसी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है।

# मगध विश्वविद्यालय के मासिक न्यूजलेटर का विमोचन

## मासिक न्यूजलेटर केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि संवाद की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण : प्रो. एसपी शाही

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में विश्वविद्यालय के मासिक न्यूजलेटर का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसपी शाही की गरिमामयी उपस्थिति में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और बौद्धिक गतिविधियों को जन-संपर्क से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में न्यूजलेटर प्रकाशन मंडल के सम्मानित सदस्य, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार, प्रो. शैलज श्रीवास्तव, प्राचार्य, केएलएस कॉलेज, नवादा तथा प्रो. अरुण रजक, प्राचार्य, एसएस कॉलेज, जहानाबाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने न्यूजलेटर की सामग्री, प्रस्तुति एवं उद्देश्य की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की बौद्धिक पहचान के रूप में स्थापित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसपी शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय का मासिक न्यूजलेटर केवल एक प्रकाशन नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की रचनात्मक ऊर्जा, नवाचार, शोध और संवाद की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। यह न केवल हमारी गतिविधियों का दस्तावेज होगा, बल्कि पूरे शैक्षणिक समुदाय को एक मंच पर जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेगा। उन्होंने प्रकाशन मंडल के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान को मजबूत करने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस न्यूजलेटर के माध्यम से न केवल विश्वविद्यालय परिसर की गतिविधियां सामने आएंगी, बल्कि यह विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों की उपलब्धियों और विचारों को भी उचित मंच देगा।

# दैनिक जनता दरबार में डीएम ने आवेदकों की समस्याओं को सुना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। शनिवार को डीएम ने कहा कि जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है। जनता दरबार में आवेदन को द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया जिस पर डीएम ने संबंधित सीओ एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में अवैध कब्जा जमाबंदी इत्यादि से संबंधित आवेदकों के आवेदन का निष्पादन हेतु संबंधित सीओ को निर्देशित किया गया। कई आवदेकों द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया गया। डीएम ने डीएलएओ को मामले की जांच करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार मुआवजे राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को समस्या निदान हेतु उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बीजेपी किसान मोर्चा (पश्चिमी) अध्यक्ष ने कुलपति से की शिष्टाचार भेंट

## कृषि और शिक्षा के समन्वय पर हुई विस्तृत चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा (पश्चिमी) के अध्यक्ष धनंजय शर्मा ने मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी शाही से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात केवल एक औपचारिक संवाद तक सीमित नहीं रही, बल्कि ग्रामीण समाज, किसानों की भागीदारी और शिक्षा के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर गंभीर विचार-विमर्श का माध्यम बन गई। बैठक के दौरान श्री शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल शिक्षा तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उन्हें समाज के अंतिम व्यक्ति तक ज्ञान, तकनीक और संसाधनों की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि मगध विश्वविद्यालय का दायरा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जन-विश्वविद्यालय है जो गांव, किसान, युवा और महिलाओं की समग्र उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कुछ विशेष कार्यक्रम जैसे पर्यावरण जागरूकता और ग्रामीण उद्यमिता जैसे कार्य पहले से ही कई जिलों में प्रभावी रूप से चल रहे हैं। श्री शर्मा ने यह भी प्रस्ताव रखा कि किसान मोर्चा विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कृषि मेले, कार्यशालाओं और जागरूकता अभियानों का आयोजन करेगा जिससे छात्रों और किसानों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सके। यदि शिक्षा और कृषि मिलकर कार्य करें तो ग्रामीण भारत के पुनरुत्थान की दिशा में एक ठोस कदम उठाया जा सकता है।

# डीएम का डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के समाहरणालय कक्ष में शनिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर का भव्य स्वागत भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने उन्हें फूलों का बुके, अंगवस्त्र तथा श्री विष्णु चरण चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने स्वागत करते हुए कहा शशांक शुभंकर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि गया जैसे धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगर में पितृपक्ष मेला एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन होता है जिसकी सफलता के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि आने वाले पितृपक्ष पर्व को लेकर लगातार समीक्षात्मक बैठकें आयोजित की जा रही है जिसमें डीएम स्वयं गंभीरता से भाग ले रहे हैं और सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर रहे हैं। इसके साथ ही डॉ. मिश्रा ने मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर भी डीएम की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं सत्यापन के कार्य में उल्लेखनीय पारदर्शिता और तत्परता दिखाई गई है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि डीएम शशांक शुभंकर जैसे प्रशासनिक अधिकारियों का मार्गदर्शन गया जी के समग्र विकास एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

# एक नजर

## फर्द बयान के आधार पर 7 लोगों पर मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के जैतिया गांव में बीते दिनों हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए फर्द बयान के आधार पर शनिवार को की गई है। कोंच पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना में कुछ लोगों को चोटें भी आई है जिन्हें स्थानीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया। पीड़ित पक्ष भोला सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बलबीर सिंह, मोहन सिंह सहित सात लोगों के नाम लिए हैं जिनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, पांच पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के परसावां गांव में बीते दिनों भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घायल पक्ष के फर्द बयान के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज शनिवार को की है। पीड़ित हीरा दास ने आरोप लगाया कि विपक्षी पक्ष ने जबरन भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की, आगे बढ़कर आरी देने की कोशिश की जिसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। स्थानीय लोगों ने घायल को सीएचसी ले गए जहां चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि उक्त गांव के ही अजय दास, संजू देवी, संजय दास, विवेक दास और मिन्ता देवी को आरोपी बनाया गया है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## महुआ शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांकेबाजार।** पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 52 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान टंडवा निवासी अरुण कुमार चौधरी (उम्र 32 वर्ष), पिता उमेश चौधरी एवं बेचूबीघा निवासी रमेश पासवान (उम्र 35 वर्ष), पिता रुनू पासवान के रूप में की गई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को जोंडी गांव के समीप से एक ग्लैमर मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर02 एएफ 8211) के साथ पकड़ा है। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 52 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई। बांके बाजार थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने शनिवार को शाम 5 बजे बताया कि दोनों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## रिटायर्ड आर्मी जवान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** प्रखंड के बहेलिया बिगहा गांव में शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर के रिटायर्ड आर्मी जवान अनिल कुमार का गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। गांव के लोगों ने फूल-मालाओं और बुके देकर अनिल कुमार का जोरदार अभिनंदन किया। इस दौरान अनिल कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने 26 वर्षों तक भारतीय सेना में रहकर देश की सेवा की है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण अभियानों में शामिल होकर उन्हें देश सेवा का गर्व मिला। उन्होंने कहा कि सेना में रहते हुए देश की रक्षा करना जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा। ग्रामीणों ने अनिल कुमार की देश सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनके योगदान पर पूरे गांव को गर्व है। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कच्ची दीवार गिरने से घायल वृद्ध की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के खड़गपुरा ग्राम में शनिवार को घर की कच्चा दिवार गिरने से घायल हुए वृद्ध की मौत इलाज के क्रम में हो गई। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता बेंकटेश शर्मा ने बताया कि शनिवार की सुबह 60 वर्षीय वृद्ध रामप्यारे दास अपने घर में सोए हुए थे इसी दौरान कच्चा दीवार रामप्यारे दास पर ही गिर गया जिससे श्री दास गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्वजनों द्वारा आनन-फानन अनुमण्डल अस्पताल लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार कर मगध मेडिकल रेफर कर दिया गया। मगध मेडिकल में इलाज के दौरान रामप्यारे दास का निधन हो गया। स्वजनों द्वारा देर शाम शव का अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर किया गया। बेंकटेश शर्मा ने स्थानीय प्रशासन से मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद करने की मांग की है।

# मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता पर व्याख्यान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रख्यात मनोचिकित्सक डॉ. दीपशिखा काव्या ने आज गया अभियंत्रण महाविद्यालय गया में छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। शुभारंभ में प्रो रंजीत कुमार चौधरी ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर डॉ दीपशिखा का स्वागत किया। इंडक्शन कार्यक्रम में नव नामांकित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और मनोचिकित्सा के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की। अपने संबोधन में डॉ. काव्या ने कहा आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में छात्र मानसिक दबाव, तनाव, अवसाद और आत्म-संदेह जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अत्यंत आवश्यक है।

# निर्माण कार्य की अनियमितताओं को लेकर फूटा आक्रोश, ठेकेदार का पुतला फूंका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** कोंच बाजार में चल रहे रोड और नाली निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं को लेकर शनिवार दोपहर तीन बजे स्थानीय व्यवसायियों का आक्रोश फूट पड़ा। नाराज व्यवसायियों ने जेके कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार जितेंद्र शर्मा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है जिससे नालियां जाम हो रही है और सड़कें जल्दी खराब होने की आशंका है। व्यापारियों ने एक्सक्यूटिव इंजीनियर के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की और संबंधित अधिकारियों से कड़ी कार्रवाई की मांग की। व्यवसायियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। बता दें कि कोंच बाजार में कुछ दिनों पूर्व एक करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से बाजार में नाली और सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक डॉ अनिल कुमार के द्वारा किया गया था। विधायक के द्वारा उस समय ठीकेदार और एक्सक्यूटिव इंजीनियर को साफ निर्देश दिया गया था कि गुणवत्तापूर्ण कार्य होना चाहिए। बावजूद मनमाने तरीके से कार्य किया जा रहा है। मौके पर मुरारी शर्मा, विनीत कुमार, अंकित राज, नंदकिशोर लाल अग्रवाल, हरे कृष्णा शर्मा, विजय शर्मा, बिट्टू गुप्ता, कौशल कुमार, सुजीत शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मध्याह्न भोजन कांड के बाद कार्रवाई तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बीते दिनों श्रीगांव पंचायत के मध्य विद्यालय निशुरपुर में मध्याह्न भोजन खाने के बाद करीब 50 बच्चे बीमार हो गए थे। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से विद्यालय के पोषक क्षेत्र में स्थायी या अस्थायी मेडिकल टीम भेजने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के बाद कई बच्चों को तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी में भर्ती कराया गया था जिनका इलाज में सुधार हुआ, लेकिन कुछ बच्चों का इलाज अब भी जारी है। वहीं, कुछ बच्चों को मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर किया गया है। हालांकि सभी की हालत अब स्थिर बताई जा रही है, फिर भी एहतियातन प्रशासन सतर्क हो गया है। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक................../दिनांक..................

**आम सूचना**

दिनांक 15.08.2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी मॉंस, मदिरा, शराब (मीट, मुर्गा एवं मछली) की दुकाने बंद रहेगी। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मॉंस, मदिरा, शराब (मीट, मुर्गा एवं मछली) विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अपने सभी मॉंस, मदिरा, शराब की दुकानों को बन्द रखेगें। अन्यथा पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम, 2011 के तहत् कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.358836 District(25-26):D


# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यता अभियान का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया द्वारा सदस्यता अभियान शनिवार का विधिवत उद्घाटन किया गया। विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जुलाई से लेकर 15 अगस्त 2025 तक सदस्यता पखवाड़ा आयोजित कर रही है। इस अभियान के अंतर्गत जिले भर के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं युवा वर्ग तक संगठन की विचारधारा को पहुंचाते हुए अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ा जाएगा जिसका नेतृत्व जिला सह संयोजक अमित कुमार सिन्हा ने किया जिसमें उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान मात्र संख्यात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक विस्तार और राष्ट्र निर्माण का अभियान है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वबोध कराते हुए उन्हें राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो वर्षों से छात्रहितों के साथ-साथ राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है। संगठन ने शिक्षा, संस्कार और संघर्ष के तीन प्रमुख आधारों पर देशभर में छात्रों को संगठित कर उनके व्यक्तित्व निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

# कार्य अनुभव के आधार पर औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन एनआईसी के पोर्टल पर उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार के मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत संचालित पालनाघर, समाहरणालय परिसर में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 02/2025 के आलोक में क्रेच वर्कर एवं सहायक क्रेच वर्कर के पद हेतु ई-मेल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में अंक एवं संबंधित कार्य अनुभव के आधार पर औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन एनआईसी के पोर्टल पर किया गया है। किसी भी प्रकार का आपत्ति/दावा हेतु निर्धारित मेल पर 04 अगस्त से 11 अगस्त तक आवश्यक दस्तावेज के साथ मेल किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद एवं अन्य श्रोत से प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। दावा आपत्ति का निराकरणोंपरांत काउंसिलिंग/साक्षात्कार की प्रक्रिया की जायेगी। तत्पश्चात अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन समिति के निर्णय के आलोक में किया जायेगा। उसी तरह मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत संचालित पालनाघर, केन्द्रीय कारा में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 03/2025 के आलोक में क्रेच वर्कर एवं सहायक क्रेच वर्कर के पद हेतु ई-मेल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों में अंक एवं संबंधित कार्य अनुभव के आधार पर औपबंधिक मेधा सूची का प्रकाशन एनआईसी के पोर्टल पर किया गया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

सं. RS-Rep-DnYard-DDU-25 दिनांक : 31.07.2025. व.मं.यॉं.अभि./समाडि/पू.म.रे. डीडीयू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी, सक्षम तथा इच्छुक एजेंसी ठेकेदार से खुली ई–निविदा (एकल पैकेट प्रणाली) सं.– RS-Rep-DnYard-DDU-25 दिनांक : 30.07.2025 के लिये आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :–

1. कार्य का विवरण : DRY/DDU में बेल्डिंग द्वारा लोड पर अनलोडवल वैगन (U/L B) की मरम्मत करने का कार्य। 2. कार्य का अनुमानित मूल्य : ₹7,02,17,638/– रूपया सात करोड़ दो लाख सत्रह हजार छः सौ अड़तीस मात्र। 3. धरोहर राशि : ₹5,01,100/– रूपया पाँच लाख एक हजार एक सौ मात्र। 4. निविदा फार्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय एवं तिथि : ई निविदा दिनांक : 06.08.2025 से 20.08.2025 तक समय 16:00 बजे तक। 5. वेबसाईट एवं सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फार्म खरीदने का पता : IREPS Website :- www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual offer स्वीकार नहीं किया जायेगा। नोट : विस्तृत जानकारी हेतु कृप्या निविदा फार्म देखे।

मंडल यांत्रिक अभियंता/समाडि/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0713/डीडीयू/यॉं./टी/25–26/36



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्श 2025–26 (15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 10.08.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। डाक से संबंधित सभी कागजात दिनांक 10.08.2025 को कार्यालय में राजस्व शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 5%) | रूट |
|---|---|---|---|---|
| A. सब्जी बाजार सैरात | | | | |
| 1. | सब्जी बाजार, बैरिया। | 1,25,000 | 6,250 | बैरिया सब्जी बाजार से टी0बी0 टावर तक पुनः बैरिया सब्जी बाजार से गांयत्री मंदिर सुदना। |
| B. वाहन पार्किंग सैरात | | | | |
| 2. | गांधी मैदान पार्किंग। | 3,12,499 | 15,624 | गांधी मैदान गेट के सामने तथा नगर निगम दुकान के सामने का क्षेत्र। |
| | कुल राशि | 4,37,499 | 21,874 | |

सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 358833 District(25-26)D

संपादकीय

## ट्रंप टैरिफ या ब्लैकमेल?

समझना कठिन है कि अमेरिकी राष्ट्रपति अपनी टैरिफ टेरर नीति के तहत भारत पर सचमुच 25 फीसदी टैरिफ और जुर्माना लगाने जा रहे हैं या फिर यह केवल हमे ब्लैकमेल करने का एक तरीका है, जिससे भारत दबाव में आकर अमेरिकी शर्तों को मान ले। यह सवाल इसलिए उठ रहा है कि कल ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दुनिया को बताया कि वो भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और रूस के साथ आर्थिक और सैन्य रिश्ते कायम रखने के लिए उस पर जुर्माना भी लगाने जा रहे हैं। नई व्यवस्था 1 अगस्त से लागू होगी। इस आदेश का भारत के बाजारों और कूटनीति के पहले दिखने के पूर्व ही अमेरिका से यह सफाई आई कि अभी अंतिम रूप से कुछ भी तय नहीं हुआ है। जबकि ट्रंप की डेड लाइन 1 अगस्त थी। भारत अभी भी यही कह रहा है कि टैरिफ को लेकर कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है। दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। दरअसल ट्रंप हर गंभीर मामले में अपनी जल्दबाजी और किसी हद तक छिछोरे अंदाज में जो घोषणाएं करते हैं और थोड़ी देर बाद ही पलटी मार जाते हैं, उससे उनकी विश्वसनीयता रसातल में जा चुकी है। हकीकत यही है कि ट्रंप को दुनिया में अब कोई गंभीरता से नहीं लेता। यह समझना ही मुश्किल है कि अमेरिका किस मामले में गंभीर है और किस मामले में नहीं है। ट्रंप यूक्रेन युद्ध रूकवाने के लिए भारत के जरिए रूस पर दबाव डलवाना चाहते हैं। लेकिन यह असंभव है। भारत अमेरिका को खुश करने के लिए रूस से दशकों पुराने रिश्तों को तिलांजलि नहीं दे सकता। अमेरिका की तुलना में भारत के लिए रूस का भरोसा ज्यादा कीमती है। जब मीडिया ने भारत पर टैरिफ के बारे में ट्रंप से सवाल किया तो उनका जवाब था कि हम अभी बातचीत कर रहे हैं। जबकि भारत साफ कर चुका है कि टैरिफ को लेकर भारत देशहित में ही काम करेगा और आगे की रणनीति तय करेगा। आगे क्या होगा, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता परंतु भारत में ट्रंप के प्रस्तावित 25 टैरिफ और जुर्माने के प्रभावों का गंभीरता से अध्ययन और उसके संभावित परिणामों पर विचार जारी है। इस बीच देश में विपक्षी कांग्रेस ने मोदी सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ़ और पेनाल्टी भी लगा दी है। मोदी ने ट्रंप को गले लगाया। लेकिन उसका सिला ये है। यह भारत की विदेश नीति की घोर नाकामी है। वैसे भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर बातचीत लगातार जारी है। कुछ क्षेत्रों को लेकर दोनों देशों में मतभेद हैं। जैसे कि भारत जेनेटिकली मॉडिफ़ाइड फ़सलें (जैसे सोयाबीन और मक्का) आयात करने का विरोध कर रहा है और घरेलू डेयरी बाज़ार विदेशी कंपनियों के लिए खोलना नहीं चाहता। भारत आयात पर सर्वाधिक औसतन 17 फ़ीसदी टैरिफ़ लगाता है। वहीं अमेरिका का टैरिफ़ दो अप्रैल से पहले 3.3 फीसदी ही था। गौरतलब है कि साल 2024 में भारत और अमेरिका के बीच 129 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था, जिसमें भारत का लगभग 46 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष (ट्रेड प्लस) था। साल 2024 में भारत की औसत टैरिफ़ दर 11.66 प्रतिशत थी। अर्थशास्त्री मिताली निकोर कहती हैं कि अब वास्तविक टैरिफ 35 फ़ीसदी हो गया है। यह तब तक लगेगा, जब तक हम रूस से तेल लेते रहेंगे। बढ़े टैरिफ का जेम एंड जूलरी, कपड़ा, मोबाइल व टेलिकॉम सेक्टर पर होगा। सिटी रिसर्च का अनुमान है कि टैरिफ़ लगने से भारत को सालाना 700 करोड़ डॉलर का घाटा होगा। वास्तविक घाटा इससे कहीं ज्यादा हो सकता है।

# सदन में बहस का अभिप्राय

**देश का बौद्धिक वर्ग सदन में बहस को देश के लोकतंत्र के लिए, देश के विकास के लिए, देश की दूरगामी रणनीतियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानता है लेकिन दूर-दराज़ बैठे आदिवासी समाज के लोग, मेहनतकश, मजदूर व प्रत्येक दिन अपने जीवन से जूझते हुए लोग इस बहस के बारे में नहीं जानते। उनके यहाँ छोटे से कर्मचारी ही साहेब होता है। जिलाधिकारी भी साहेब होता है। वह प्रधानमंत्री व मंत्रियों को अपना भगवान और मंत्रियों को देवी-देवता मानता है। किसी भी राज्य का यह चरित्र समाज के निचले तबके के लिए अपना आज तक नहीं बन सका। सबसे अहम् बात यह है कि क्षेत्र से चुनकर आया हुआ प्रतिनिधि भी उनको सदन में आकर लगभग भूल जाता है और अपने लिए नई तैयारी करने लगता है। आज देश की जो गति है, जो दुर्दशा है, उसका कारण यही है।**

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी



मानसून सत्र दिल्ली में चल रहा है। इस बीच भारत के सभी सांसद दिल्ली में हैं और संसद के दोनों सदनों में जोरदार बहस कर रहे हैं। एक महत्वपूर्ण घटना मानसून सत्र की शुरुआत में घटी कि भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का इस्थीपा हो गया। दोनों सदनों के सांसद हतप्रभ रह गए। यद्यपि इसकी शुरुआत में ही प्रधान मंत्री ने विजयोत्सव नाम दिया। यह पहलगाम घटना के बाद पहला संसद सत्र है, इसलिए प्रधान मंत्री ने इसको विजयोत्सव कहा।

सत्र में बहस ही देश के विभिन्न योजनाओं को जमीं प्रदान करती हैं। विभिन्न बिल से देश हित में निर्णय लिए जाते हैं। इसके लिए देश की लगभग डेढ़ अरब की आबादी इंतज़ार करती है। देश के सभी लोग इस बात की प्रतीक्षा करते हैं कि देश की महापंचायत हमारे हित में निर्णय ले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्र के प्रथम दिवस कहा कि मैं ये जरूर कहूंगा राजनीतिक दल अलग-अलग है, हर एक का अपना एक एंजेडा है, अपनी एक भूमिका है, लेकिन मैं इस वास्तविकता को स्वीकार करता हूं कि दल हित में मत भले ना मिले, लेकिन देशहित में मन जरुर मिले। एक अच्छे लोकतांत्रिक देश की पहचान यही होती है कि देश हित में फैसले लेने के लिए मतभेद को भुलाकर लोकतंत्र में बसने वाले सभी लोगों के लिए निर्णय लिया जाये।

यह सत्र विशेष रूप से पहलगाम बहस के लिए ज्यादा जाना जाएगा। इसके सन्दर्भ में भी प्रधान मंत्री ने पहले दिन स्पष्ट किया कि पहलगाम की क्रूर हत्या, अत्याचार, नरसंहार पूरी दुनिया चौंक उठी थी। आतंकवादियों और आतंकवादियों के आकाओं दुनिया का ध्यान उनकी तरफ केंद्रित हुआ था। और उस समय दल हित छोड़कर के देशहित में हमारे ज्यादातर दलों के प्रतिनिधि, ज्यादातर राज्यों के प्रतिनिधियों ने विश्वभ्रमण किया, दुनिया के अनेक देशों में गए, और एक स्वर से दुनिया के सामने आतंकवादियों का आका पाकिस्तान को बेनकाब करने का एक बहुत सफल अभियान चलाया। मैं आज राष्ट्रीय हित में किए गए इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए उन सभी सांसदों की सराहना करना चाहता हूं, सभी दलों की सराहना करना चाहता हूं, और इसने देश में एक सकारात्मक वातावरण पैदा किया। विश्व ने भारत की बात को स्वीकार करने की दिशा में अपने मन के द्वार खोले और इसके लिए ये हमारे सांसदगण, हमारे राजनीतिक दल सराहना करने के मेरे लिए सौभाग्य है। इन दोनों बिन्दुओं को ध्यान में रखकर यदि इस सत्र की बात की जाए तो बहुत सारे प्रश्न मन में कौंधते हैं। कुछ ऐसे सवाल जब ऐसा लगता है कि आखिर यह बहस हो ही क्यों रही है? इस बहस के अभिप्राय क्या हैं? इस बहस से क्या निकलने वाला है? क्या इस महापंचायत में बैठे लोग बहस के नाम पर कुछ अतीत को कुरेदना चाहते हैं? क्या इस बहस के बाद कोई ऐसा भी हल निकलकर सामने आएगा, जिससे भारत की डेढ़ अरब की आबादी को यह विश्वास होगा कि देश सही दिशा में जा रहा है?

भारत की इसी संसद में कुछ समय पहले संविधान पर बहस हुई थी। डॉ। आंबेडकर को लेकर व संविधान को लेकर न जाने कितनी तरह की बातें की गयी। बहुत से आर्ग्युमेंट आये लेकिन उस बहस का क्या नतीजा निकला, यह भारत की डेढ़ अरब की आबादी कभी नहीं जान सकेगी। तो सवाल यह है कि सदन की बहस मीडिया हॉउस की बहस के लिए होते हैं और इससे कॉर्पोरेट घराने विभिन्न डिबेट, डिस्कशन करवाकर अपनी कमाई करते हैं? अब देश की जनता यह मन में ही सही, लेकिन सवाल करने लगी है कि सदन में बहस के अभिप्राय क्या हैं?

देश का बौद्धिक वर्ग सदन में बहस को देश के लोकतंत्र के लिए, देश के विकास के लिए, देश की दूरगामी रणनीतियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानता है लेकिन दूर-दराज़ बैठे आदिवासी समाज के लोग, मेहनतकस, मजदूर व प्रत्येक दिन अपने जीवन से जूझते हुए लोग इस बहस के बारे में नहीं जानते। उनके यहाँ छोटे से कर्मचारी ही साहेब होता है। जिलाधिकारी भी साहेब होता है। वह प्रधान मंत्री व मंत्रियों को अपना भगवान और मंत्रियों को देवी-देवता मानता है। किसी भी राज्य का यह चरित्र समाज के निचले तबके के लिए अपना आज तक नहीं बन सका। सबसे अहम् बात यह है कि क्षेत्र से चुनकर आया हुआ प्रतिनिधि भी उनको सदन में आकर लगभग भूल जाता है और अपने लिए नई तैयारी करने लगता है। आज देश की जो गति है, जो दुर्दशा है, उसका कारण यही है। भारत के बहुत से ऐसे क्षेत्र जहाँ बिजली आज तक नहीं पहुँची, आज़ादी के 75 वर्ष बाद, उसका जिम्मेदार कौन है और कौन जिम्मेदारी लेने को तैयार है? देश में पांच किलो अनाज अब स्टैटस सिम्बल बन रहा है, यह भी देश की गति है। सदन में बहुत सी बहसों के बीच यह जो प्रश्न हैं, वे अन्दर तक हिला देते हैं।

सदन में केवल एक दूसरे पर छीटाकशी फैशन बन चुकी है। कोई अपनी न गलती मानने को तैयार होता है और न ही अपने दायित्व का निर्वाह भविष्य में दुरुस्त करने की जिम्मेदारी बताता है। तुमने ऐसा किया, फला ने ऐसा किया, फल ने ऐसा किया था, तुम्हारे समय में ऐसा हुआ, तुम्हारे समय में तो ऐसा हुआ था, हद है, यह कौन सी बहस है। देश की दुर्दशा इसलिए हो रही है क्योंकि हमारे नेतृत्वकर्ता अपनी जिम्मेदारी लेने से भागते हैं और एक दूसरे को लांक्षित करते हुए थकते नहीं हैं। एक बोलता, दूसरा स्वीकार करता। दूसरा बोलता, पहला स्वीकार करता। जो गलतियाँ हो रही हैं, उसकी पुनरावृत्ति होने से रोकने के लिए प्रतिबद्धताएं बनतीं, तो भारत सच में विश्व में अपनी विशेष पहचान के लिए जाना जाता। देश में तो बस राजनीतिक रोटियां सेंकने की होड़ लगी हुई है। इसलिए इस देश का बंटाधार हुआ है।

मानसून सत्र में देश की ताकत संसद सदस्य हैं। देश का संविधान है। देश के राजनेताओं की अपनी इच्छाशक्ति है। इस सत्र में भी वही हुआ जो अन्य सत्र में होता रहा है। इसलिए इस सत्र का भी कुछ विशेष लाभ मिलेगा, इस पर जनता को भरोसा इस बात पर है कि इस बहस का कुछ हल निकलने वाला नहीं है। युद्ध, संघर्ष व वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य की शक्ति कई पैमाने पर आंकलन की मांग करती है। यथा कुछ पहलुओं को ही रेखांकित करें तो देश की आर्थिक शक्ति, संप्रभुता की रक्षा में आने वाली रुकावटें, देश की विदेश निति व डिप्लोमेसी, हमारी आतंरिक ताकत, जनता का मानस यह सब बहुत महत्वपूर्ण पहलू हैं। यदि इन सब पर ज्यादा समझदारी से दुरुस्त न करने की जिद हो तो सदन में बहस की कोई ज़रूरत है ही नहीं और न ही देश की जनता को गुमराह करने की आवश्यकता है। इस मानसून सत्र से देश को बड़ी उम्मीदें थीं लेकिन जिम्मेदारियों से भागती संसद, सानास्द कम्युनिटी निश्चय ही जनता को निराश करने पर तुली हुई है। ऐसी बहसें किसी भी राज्य के लिए ठीक नहीं हैं और न ही इससे किसी प्रकार की संप्रभुता को बल मिलने वाला है। ऐसे में, बहस के अभिप्राय पर पूरी संसद को विचार करने की आवश्यकता ज्यादा महसूस होती है। यह देश कब सुधरेगा और कब सही दिशा में अपनी आत्मशक्ति का प्रयोग करेगा यह लम्बे समय से प्रतीक्षित है।

अध्यात्म

## सच्ची दोस्ती हमारे जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाती है



एक छोटे से गाँव में, दो पंद्रह साल के लड़के रहते थे अर्जुन और रितिक। दोनों बहुत अच्छे दोस्त थे और हमेशा साथ में समय बिताते थे। गाँव के सभी लोग उनकी दोस्ती की मिसाल देते थे। अर्जुन और रितिक पहली बार स्कूल में मिले थे। स्कूल के पहले दिन, जब अर्जुन अकेला बैठा हुआ था, रितिक ने उसकी मदद की थी। उसने अर्जुन से कहा, तुम्हारे पास नई किताबें नहीं हैं? आओ, हम अपनी किताबें बाँटते हैं। इस छोटी सी मदद ने उनकी दोस्ती की शुरुआत कर दी। अर्जुन और रितिक दोनों का दिन का अधिकतर समय खेल के मैदान में गुजरता था। वे क्रिकेट, फुटबॉल और कबड्डी जैसे खेल खेलते थे। दोनों में अद्भुत तालमेल था। अर्जुन का बल और रितिक की चतुराई का मेल उन्हें हर खेल में जीत दिलाता था। एक दिन, अर्जुन के पिता की तबियत अचानक से खराब हो गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। अर्जुन बहुत परेशान था और उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे। उस समय, रितिक ने अपने माता-पिता से अर्जुन की मदद करने की बात की। रितिक के माता-पिता ने अर्जुन के परिवार की हर संभव मदद की। इस घटना ने अर्जुन को यह सिखाया कि सच्चे दोस्त मुश्किल समय में हमेशा साथ होते हैं। गाँव में एक बार एक बड़ी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। अर्जुन और रितिक ने मिलकर अपनी टीम बनाई और पूरे गाँव का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एक साथ मेहनत की और अंत में प्रतियोगिता जीत ली। उनकी जीत ने पूरे गाँव में खुशियों की लहर फैला दी। अर्जुन और रितिक की दोस्ती ने सभी को सिखाया कि सच्ची दोस्ती में विश्वास, मदद और समझ होती है। उनके छोटे-छोटे कामों ने यह साबित किया कि जब दो लोग सच्चे दोस्त होते हैं, तो वे हर मुश्किल को पार कर सकते हैं।

**सीख:** अर्जुन और रितिक की कहानी हमें यह सिखाती है कि दोस्ती का असली मतलब क्या होता है। दोस्ती केवल एक साथ समय बिताने का नाम नहीं है, बल्कि यह एक-दूसरे के साथ खड़े रहने, मदद करने और समझने का भी नाम है। सच्ची दोस्ती हमारे जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाती है।

# जब गुनहगार छूटते हैं और पीड़ित रह जाते हैं

**न्याय केवल अदालत में फैसले देने की प्रक्रिया नहीं है, वह समाज के उस विश्वास की रीढ़ है जो शासन और प्रशासन पर टिका होता है। यदि बार-बार अपराधी बच निकलें, यदि आतंकवादी छूट जाएं, और यदि पीड़ित सालों अदालतों की सीढ़ियां चढ़ते रहें तो वह विश्वास ताश के पत्तों की तरह ढह जाता है। मुंबई ट्रेन धमाके की जांच जिस प्रकार से की गई, वह बताता है कि हमारी जांच एजेंसिया न केवल तकनीकी रूप से कमजोर हैं, बल्कि वे राजनीतिक दबाव में काम करने के लिए अभिशप्त भी हैं। भारत में जांच का ढांचा ब्रिटिशकालीन मानसिकता पर आधारित है, जिसमें अपराधी को पकड़ने से ज़्यादा उसे 'दिखाने' पर ज़ोर होता है। और जब मामला आतंकवाद से जुड़ा हो, तो कई बार बेकसूरों को पकड़ कर जनता के गुस्से को शांत करने की कोशिश की जाती है।**

प्रियंका सौरभ

मुंबई में वर्ष 2006 में हुए लोकल ट्रेन धमाके देश के इतिहास की सबसे भयानक आतंकी घटनाओं में से एक थे। सात जगहों पर ट्रेनों में बम विस्फोट कर के 189 लोगों की जान ली गई और लगभग 800 से अधिक लोग घायल हुए। यह हमला केवल मानव शरीरों पर नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की आत्मा पर किया गया था। पूरा देश सन्न रह गया था। भय, आक्रोश और असहायता के बीच एकमात्र आशा थी - न्याय की। परंतु जब लगभग 19 वर्षों बाद सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले के 12 आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया, तब एक बार फिर यह प्रश्न गूंजने लगा कि क्या हमारे देश में पीड़ितों को कभी न्याय मिल भी पाता है? यह निर्णय केवल एक अदालती प्रक्रिया का परिणाम नहीं था, बल्कि यह उस व्यवस्था की पोल खोलने वाला था जिसमें जांच एजेंसियों की निष्क्रियता, अभियोजन की लापरवाही और राजनीतिक हस्तक्षेप की मिलीजुली साजिश वर्षों से न्याय को घुटनों पर लाने का कार्य कर रही है। किसी भी न्यायालय का कार्य तथ्यों, साक्ष्यों और विधिक प्रक्रिया के आधार पर निष्पक्ष निर्णय देना होता है। लेकिन जब जांच ही लचर हो, जब सबूत इतने कमजोर हों कि अदालत उन्हें स्वीकार ही न करे, तो फिर न्यायालय भी विवश हो जाता है।

इस मामले में आरोपियों को सज़ा न मिल पाने का दोष न्यायालय पर मढ़ना आसान है, लेकिन वास्तव में जिम्मेदार वे अधिकारी हैं जिन्होंने इस गंभीर आतंकी हमले की जांच को हल्केपन और जल्दबाज़ी से अंजाम दिया। कई आरोपियों के कबूलनामे जबरन करवाए गए, जो कि भारतीय न्यायिक प्रक्रिया में स्वीकार्य नहीं हैं। विस्फोट स्थलों से फॉरेंसिक साक्ष्य समय पर एकत्रित नहीं किए गए। गवाहों की सुरक्षा को नज़रअंदाज़ किया गया। चार्जशीट्स में विरोधाभासी बातें सामने आईं और अभियोजन पक्ष अदालत में अपना पक्ष मजबूती से नहीं रख सका।

इन सबका परिणाम यह हुआ कि वे लोग जो सालों से दोषियों को सज़ा दिलाने की उम्मीद में अदालतों के चक्कर काट रहे थे, उन्हें अंत में निराशा ही हाथ लगी। क्या इस देश में किसी आम आदमी की जान की कोई कीमत नहीं है? क्या पीड़ित परिवारों की आंखों के आँसू, उनकी टूटती उम्मीदें और उनके जीवन की असुरक्षा हमारी व्यवस्था को झकझोरने के लिए काफी नहीं?

यह कोई पहला मामला नहीं है जहां न्याय व्यवस्था ने पीड़ितों को न्याय दिलाने में असफलता दिखाई हो। भोपाल गैस त्रासदी, हाशिमपुरा नरसंहार, 1984 सिख दंगे, और निठारी हत्याकांड - यह सभी उदाहरण हैं जहां या तो दोषी छूट गए या न्याय मिलने में इतनी देर हुई कि उसका कोई अर्थ ही नहीं बचा। यह सबूत हैं कि हमारी न्यायिक प्रणाली में समय, साक्ष्य और सत्य - तीनों की कमी होती जा रही है।

न्याय केवल अदालत में फैसले देने की प्रक्रिया नहीं है, वह समाज के उस विश्वास की रीढ़ है जो शासन और प्रशासन पर टिका होता है। यदि



बार-बार अपराधी बच निकलें, यदि आतंकवादी छूट जाएं, और यदि पीड़ित सालों अदालतों की सीढ़ियां चढ़ते रहें तो वह विश्वास ताश के पत्तों की तरह ढह जाता है।

मुंबई ट्रेन धमाके की जांच जिस प्रकार से की गई, वह बताता है कि हमारी जांच एजेंसियां न केवल तकनीकी रूप से कमजोर हैं, बल्कि वे राजनीतिक दबाव में काम करने के लिए अभिशप्त भी हैं। भारत में जांच का ढांचा ब्रिटिशकालीन मानसिकता पर आधारित है, जिसमें अपराधी को पकड़ने से ज़्यादा उसे 'दिखाने' पर ज़ोर होता है। और जब मामला आतंकवाद से जुड़ा हो, तो कई बार बेकसूरों को पकड़ कर जनता के गुस्से को शांत करने की कोशिश की जाती है। इससे असली अपराधी कभी पकड़ा ही नहीं जाता, और सारा केस अदालत में दम तोड़ देता है।

इस मामले में भी कई ऐसे पहलू हैं जो चिंता पैदा करते हैं। जैसे - जांच में देरी, सबूतों का वैज्ञानिक तरीके से संग्रह न होना, अभियुक्तों के विरुद्ध पर्याप्त तकनीकी साक्ष्य न होना, और गवाहों का मुकर जाना। इन सब कमियों के बावजूद यदि हम न्याय की उम्मीद करें, तो यह केवल छलावा होगा।

क्या न्यायपालिका को केवल मौन दर्शक बने रहना चाहिए? क्या उसका कोई दायित्व नहीं कि वह जांच की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए? जब अदालतों ने कई अन्य मामलों में विशेष जांच दल गठित किए हैं, तो फिर इस गंभीर मामले में क्यों नहीं? न्यायिक सक्रियता केवल राजनैतिक मामलों या नागरिक अधिकारों तक ही सीमित क्यों?

वास्तव में न्याय प्रणाली को समयबद्ध, वैज्ञानिक और जवाबदेह बनाने के लिए एक सम्पूर्ण सुधार की आवश्यकता है। सबसे पहले तो अभियोजन विभाग को पुलिस से अलग कर स्वतंत्र इकाई के रूप में स्थापित करना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि अभियोजन किसी राजनीतिक दबाव या पुलिस की एकतरफा जांच का हिस्सा नहीं बनेगा।

दूसरे, गवाह सुरक्षा कानून को प्रभावी तरीके से लागू करना चाहिए। आतंकवाद जैसे मामलों में गवाहों को धमकाना बहुत आम है, जिससे वे अदालत में बयान बदल देते हैं। तीसरे, जांच एजेंसियों को तकनीकी प्रशिक्षण और आधुनिक उपकरण दिए जाने चाहिए ताकि वे डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्यों को प्रभावी रूप से इकट्ठा कर सकें। चौथे, फास्ट ट्रैक अदालतें बनाकर ऐसे मामलों की सुनवाई समयबद्ध तरीके से करनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को 19 साल तक न्याय की प्रतीक्षा न करनी पड़े। और पांचवां, यदि कोई जांच एजेंसी जानबूझकर कमजोर चार्जशीट बनाती है, तो उसकी जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।

इस मामले में एक और महत्वपूर्ण पक्ष है- मीडिया की भूमिका। मीडिया को भी आत्ममंथन करना होगा। जब कोई मामला अदालत में हो, तब मीडिया द्वारा किसी को दोषी या निर्दोष घोषित कर देना, न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करता है। मीडिया ट्रायल से गवाहों पर दबाव बनता है और जनता का पूर्वग्रह उभरता है। यह भी कारण है कि न्याय अपने नैतिक स्वरूप से दूर होता जा रहा है।

आखि़र में यही कहा जा सकता है कि न्याय केवल कागज़ी प्रक्रिया नहीं है, वह एक जीवंत विश्वास है, जो प्रत्येक नागरिक के मन में इस सोच के साथ पलता है कि कोई उसके साथ अन्याय नहीं कर सकता। जब यह विश्वास टूटता है, तब देश की आत्मा घायल होती है।

मुंबई ट्रेन धमाकों के पीड़ितों के साथ जो हुआ, वह केवल एक अदालती मामला नहीं है ङ्क वह पूरे देश के लिए एक चेतावनी है कि यदि अब भी हमने अपनी व्यवस्था को नहीं सुधारा, तो अगली बार फिर कोई धमाका होगा, फिर निर्दोष मारे जाएंगे, फिर कोई माँ न्याय की भीख मांगेगी, और फिर कोई अदालत कहेगी - साक्ष्य नहीं मिले।

इस बार अगर हम नहीं जागे, तो इतिहास बार-बार यह प्रश्न पूछेगा - क्या भारत में न्याय केवल सुविधा भर है?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कानूनी मामलों को सुलझाने में सफल रहेंगे। अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। वैवाहिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। माता-पिता मनोबल बढ़ायेंगे।

**वृषभ**
किसी मित्र और रिश्तेदार से आपको लाभ मिलने वाला है। लोग आपकी बातों को महत्व नहीं देंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बॉस का डर रहेगा।

**मिथुन**
आज परिजनों और स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पार्टी और पिकनिक में जाने से बचें। मित्रों के साथ आप बड़े गम्भीर विषयों पर चर्चा करेंगे।

**कर्क**
व्यापारी अपने बचे हुये माल को सेल में बेंच सकते हैं। व्यवसाय को लेकर यात्रा कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारियों से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
प्रशासन से जुड़े लोग बौद्धिक निर्णयों के लिये ख्याति प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। आवश्यक कार्यों को समय पर पूरा कर लेंगे।

**कन्या**
दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। बच्चों की चिन्ता सता सकती है। मन में आप प्रसन्नता महसूस करेंगे। अपने प्रेमी से कोई भी बात न छिपायें।

**तुला**
एक साथ कई सारे काम न करें। कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। घर वालों के कारण आपको कुछ अनावश्यक खर्च करने पड़ सकते हैं।

**वृश्चिक**
आय के नये स्रोत विकसित होंगे। नजदीकी लोगों से आपको शुभ समाचार मिलेंगे। भौतिक सुख-साधनों का आनन्द उठायेंगे। स्थायी सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**धनु**
विद्यार्थियों को शिक्षा में ध्यान देना चाहिये। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी होगी। नकारात्मक लोगों की संगत आपको बचना चाहिये। कार्यक्षेत्र में बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ेगी।

**मकर**
कार्यक्षेत्र को लेकर समस्या दूर होगी। उच्चाधिकारियों से ज्यादा बहस न करें। अधिक सोचने के कारण सिरदर्द की समस्या हो सकती है। शेयर मार्केट में सम्भलकर निवेश करें।

**कुंभ**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। किसी नये काम की योजना बना सकते हैं। अपेक्षित कार्य के समय से पूरे न होने से थोड़े उदास हो सकते हैं।

**मीन**
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। कार्यशैली में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। सन्तान के भविष्य की चिन्ता दूर होगी। दवा व्यापारियों को लाभ हो सकता है।

# डीएम ने मतदाता सूची प्रारूप राजनितिक दलों को सौंपा

## ऑनलाइन पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी प्रारूप मतदाता सूची

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्रकाशित मतदाता सूची को जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला ने सभी राजनितिक दलों को सौपा। शुक्रवार को प्रारूप को लेकर सभी मान्याता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ संबंधित बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि को जिला निर्वाचन पदाधिकारी, बेगूसराय द्वारा प्रारूप मतदाता सूची एवं अप्राप्त गणना प्रपत्र की सूची उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रारूप प्रकाशन एवं दावा-आपत्ति संबंधित दिशा निर्देशों से राजनीतिक दलों को



अवगत कराया गया। साथ ही उन्हे बताया गया की विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। यह प्रारूप मतदाता सूची जिले के सभी सात विधानसभा के विनिर्दिष्ट स्थलों पर यथा इरोस, एइरोस के सूचनापट्ट एवं सभी 2537 मतदान केन्द्रों पर बीएलओ के द्वारा प्रकाशन किया गया है। प्रारूप मतदाता सूची आनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। एसआइआर अंतर्गत 1 जुलाई के आधार पर जिला में कुल 2245144 निर्वाचक मतदाता सूची में शामिल थें। शुक्रवार को 1 अगस्त के प्रारूप प्रकाशन में 2077388 निर्वाचकों का नाम प्रकाशित किया गया है। शेष 167756 निर्वाचकों का गणना प्रपत्र अप्राप्त रहने के कारण मतदाता सूची में नाम नहीं शामिल हो सका। उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची की हार्ड प्रति, सॉफ्ट प्रति एवं अप्राप्त गणना प्रपत्र की सूची प्रदान की गई। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों को मतदान केंद्र की सूची उपलब्ध करायी गई साथ ही उनसे अनुरोध किया गया कि वे अपने स्तर या अपने बूथ लेवल एजेंट के द्वारा इन अप्राप्त गणना प्रपत्रों को प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करें। एसआइआर अन्तर्गत 1 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किये जायेंगे। एक दिन में 1 बीएलए 10 दावा-आपत्ति दे सकते है। इसके साथ उन्हें एक घोषणा प्रत्र देना अनिवार्य होगा। बीएलओ द्वारा प्राप्त सभी दावा- आपत्ति का संधारण किया जायेगा। सभी इरोस राजनीतिक दलों के साथ साप्ताहिक बैठक करेंगे। जिनमें उन्हें प्रपत्र-9, 10 एवं 11 की सूची उपलब्ध करायी जायेगी। 1 अक्टूबर तक 18 वर्ष की अर्हता आयु प्राप्त करने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते है। प्रपत्र 6 से नाम जोड़ने एवं प्रपत्र 8 (किसी दूसरे राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से बिहार में स्थानांतरण) हेतु में घोषणा देना अनिवार्य होगा। दावा-आपत्ति प्राप्त करने हेतु अंचल-सह-प्रखंड कार्यालय एवं नगर निकाय कार्यालय में 2.अगस्त से 1 सितंबर तक कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप प्रतिदिन सोमवार से रविवार समय 10 बजे पूर्वाह्न से 5 बजें अपराह्न तक कार्यरत रहेगा। 1 अगस्त को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए इरोस को स्पष्ट आदेश देना अनिवार्य है। इरोस के निर्णय से असंतुष्ट होने पर जिला पदाधिकारी को अपील दायर की जा सकती है। द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के समक्ष की जा सकती है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर को निर्धारित है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी बेगूसराय ने आमजनों से अपील की हैं कि वे अपने स्तर से छुटे हुए निर्वाचकों का नाम जोड़ने हेतु सहयोग प्रदान करें। एवं किसी भी भ्रामक खबरों से सावधान रहें। किसी भी जानकारी हेतु प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला निर्वाचन कार्यालय से सम्पर्क करें।

## एक नजर

### जनता दरबार में मामलों की सुनवाई

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर थाना के प्रतिक्षालय भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार ने बताया कि पूर्व का 7 व नया कोई आवेदन नहीं आया। कुल 7 आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से एक भी आवेदन को निष्पादित नहीं किया जा सका। शेष बचे हुए सात आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा। मौके पर थाना के पदाधिकारी, अंचल कर्मी सहित कई फरियादी मौजुद थे।

### जीविका विकास समिति केन्द्र का शुभारंभ

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पकड़ी गांव में शुक्रवार को भारत जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा सिलाई ट्रेनिंग सेंटर तथा वस्त्र उत्पादन केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत उद्‌घाटन जीविका के बीपीएम शैलेश रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जीविका तथा राज्य सरकार के बीच आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विभिन्न प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल में पढ़ने वाले स्कूली छात्र, छात्राओं को सिला सिलवाया हुआ स्कूल ड्रेस देने का करार हुआ है। इस ट्रेनिंग सेंटर व जीविका से जुड़ी महिलाओं को ड्रेस तैयार करने की ट्रेनिंग प्रदान कर रोजगार मुहैया कराना मुख्य मकसद है। इससे महिलाओं की आय में वृद्धि होगी तथा आर्थिक रूप से सशक्त होगी। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक सूर्येश कुमार, सीएफ पिंकी कुमारी, एमबीके उषा कुमारी सहित कई महिलाएं उपस्थित थे।

### नवरात्रि पाठ का समापन

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत बखोरापुर में शिव मंदिर प्रांगण के काली मंदिर परिसर में सावन मास के नवरात्रि के उपलक्ष में नौ पूजा का शनिवार को 24 घंटा अखंड हरिनाम कीर्तन गायन के साथ समापन किया गया। कीर्तन मंडली द्वारा हरि नाम के उद्घोष से सारा वातावरण भक्ति में बना दिया। साथ ही श्रद्धालु श्रोतागण मंत्र मुग्ध हुए। पूर्व सरपंच शत्रुघन सिंह ने कहा यह परंपरा विगत वर्षों से चली आ रही है। इस सावन के पवन बेला में नौ दिन महिलाएं पूजा पाठ में लीन रही। आज नव दिन से चल रही नवरात्रि पाठ धूमधाम से सम्पन्न हो गया। इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ग्रामीणों ने लिया। मौके पर पंचायत के मुखिया रितेश सिंह, अजय सिंह, मुन्ना सिंह, उमेश सिंह, खेलाड़ी सिंह, बूटाई सिंह, डब्लू सिंह, सूर्यवंशी सिंह, वीर बहादुर सिंह, सतेन्द्र सिंह, हरेंद्र सिंह, ललन यादव, रुदल यादव, धनु यादव, श्रीराम पासवान, पुरोहित बच्चा तिवारी ने मंदिर पर 24 घंटा रहकर नव दिन पूजा विधि विधान से सम्पन्न कराए।

### जमालपुर उच्च विद्यालय में चोरी

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोइलवर प्रखंड के जमालपुर स्थित अंबिका शरण सिंह उच्च विद्यालय में शनिवार की रात ताला और कुंडी काटकर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। जिसमें विद्यालय में रखे कुर्सी, 5 कम्प्यूटर, ग्लोब और विद्यालय के लेखा बही रजिस्टर का चोरी किया है। इस संबंध में विद्यालय के एचएम सुनील कुमार सिंह ने कोईलवर थाना में चोरी के संबध में आवेदन दिया है। बताया है कि शुक्रवार (1 अगस्त 2025) को समयानुसार सभी कमरा व कार्यालय बंद किया गया था। रात में कार्यालय में चोरी की घटना हुई। अगले दिन सुबह जब हम लोग आये तो देखा कि विद्यालय का दरवाजा खुला है। दरवाजा का ताला व कुंडी कटा हुआ था। कमरा में सभी सामान बिखरा पड़ा था। विद्यालय में रखे सामान कुसी, कम्प्यूटर समेत अन्य गायब थे।

### शराब मामलों में छह न्यायिक हिरासत में

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सीमा क्षेत्र में शराब बंदी को लेकर सख्ती से कार्रवाई होने के बाद भी शराब तस्करों और शराबियों मे सबक बने थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी के लिए चुनौती भरा कार्य है, सीमा क्षेत्र में चौकसी बरतने के साथ मूर्तियां सैनिक रोड के पास एक शराब तस्कर के पास से आठ सौ चालीस शीशी नेपाली शराब को जब्त किया गया, पकड़े गए आरोपी ठकुराई टोला मूर्तियां गांव निवासी खेदारू मियां के पुत्र जाबिर मियां बताया गया है। वहीं शराब सेवन के आरोप में सिरिसिया खुर्द गांव निवासी परमा सिंह के पुत्र चितरंजन सिंह, नगीना यादव के पुत्र रूपनारायण यादव, राजेन्द्र मुखिया के पुत्र संजय मुखिया, झिटकैया गांव निवासी अम्बिका सहनी के पुत्र पूरण, कुमार, घोड़ासहन बीजबनी निवासी आलमगीर के पुत्र चंगेज आलम को गिरफतार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 21 छात्रों को रोजगार के लिए किया गया चयनित

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को लोहिया नगर स्थित बाइट कंप्यूटर्स ट्रेनिंग सेंटर में जीएसमोटर्स (मारूति) के द्वारा कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। नियोक्ता के प्रतिनिधि के रूप में स्वप्रिल कुमार (जी एम नेक्सा), अंकित कुमार (एचआर नेक्सा) और संस्थान के सीनियर फैकल्टी प्रथम परमार उपस्थित थे। 10 डाटा एंट्री अपरेटर और 11 मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के लिए कुल 60 छात्रों ने साक्षात्कार में भाग लिया। जिसमें सभी 21 पद के लिए मोहन, रवि, शिवानी, सोनी, शिखा, राहुल सहित 21 छात्र एवं छात्राओं को सेलेक्ट किया गया। अगले सप्ताह के इन सभी चयनित छात्रों को कार्यालय में योगदान के लिए बुलाया जाएगा। संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चों के रोजगार लिए यह संस्थान निरंतर प्रयासरत रहता है। मायूस छात्र एवं अभिभावकों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने का संस्थान का यह एक छोटा सा प्रयास है।नेक्सा के जी एम स्वप्रिल कुमार ने कहा कि प्राइवेट जब में अपनी काबिलियत के दम पर आप बहुत ऊपर के पदों पर आसीन हो सकते हैं। ईमानदारी के साथ मेहनत करने की क्षमता आपके अंदर होनी चाहिए। एचआर नेक्सा अंकित कुमार में बताया कि मारुति कंपनी के द्वारा यहां आगे भी रोजगार कैम्प लगाया जाएगा। इस मौके पर शिक्षक रणधीर कुमार सहित 100 से अधिक छात्र उपस्थित थे।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने की सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बल्लीपुर पंचायत के वार्ड सात के ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर सड़क जाम कर दिया और टायर जलाकर विरोध जताया। सात बजे सुबह से ही ग्रामीण रोसड़ा हथौड़ी मार्ग के स्थल चौक समीप बांस बल्ला लगाकर सड़क जाम करते हुए वार्ड 7 में नलजल चालू कराने और लापरवाह पदाधिकारी और कर्मी के विरुद्ध कारवाई की मांग कर रहे थे। आक्रोशित लोगो ने बताया कि वर्षो से वार्ड 7 में नलजल बंद है। वार्ड 7 के लोगो को पानी नहीं मिल रहा है। सभी चापाकल सूख चुके हैं पीने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रखंड से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि को आवेदन भी दिया गया कोई कारवाई नहीं हो सकी। थक हार कर सड़क जाम करना पड़ा। इधर सड़क जाम रहने कारण सड़क पर वाहनों की कतार लग गया। सूचना मिलते शिवाजीनगर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, हथौड़ी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जाम स्थल पहुंचे जिसके बाद आक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर जाम समाप्त कराया और जल्द ही वार्ड 7 में नलजल चालू कराकर पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद जाम हटाया गया। बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि लोगो की समस्या को सुना गया है। वार्ड 7 में जल्द नलजल चालू कराया जा रहा है। जांच पड़ताल की जा रही है जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कारवाई की जाएगी।

# कांडों के शीघ्र निष्पादन के डीआईजी ने दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** पुलिस उप महानिरीक्षक आशीष भारती ने कार्यालय कक्ष में डीएसपी सदर-2 एवं अनुसन्धानकर्ता के साथ कांड की समीक्षा की। शुक्रवार को जिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर -2 एवं अनुसंधानकर्ता पुलिस निरीक्षक नितेश कुमार के साथ मटिहानी थाना कांड संख्या 117/25 एवं खगड़िया जिला के गंगौर थाना के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक अभिजीत कुमार के साथ गंगौर थाना कांड संख्या 496/24 की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने दोनों कांडों के अनुसंधानकर्ताओं को कांड का त्वरित निष्पादन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा में दोनों जिला के पुलिस



अधीक्षक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 खगड़िया वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने दोनों थाना के पदाधिकारियों को तेजी से कांडों का निष्पादन हेतु विशेष कर गंभीर कांडों में अपराधियों की गिरफ्तारी तथा वारंट, इश्तिहार, कुर्की तामिला करने हेतु निर्देशित किया। इधर पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री भारती ने पुलिस केंद्र बेगूसराय में नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों का इंडोर क्लास का उद्‌घाटन किया। साथ ही उद्‌घाटन क्लास भी लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बेगूसराय, पुलिस उपाधीक्षक रक्षित पुलिस केंद्र बेगूसराय एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके पहले पुलिस केंद्र आगमन पर सलामी गार्ड द्वारा उन्हें सलामी दी गई। साथ ही पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा चकिया थाना के सिमरिया घाट पर हुए घटना की समीक्षा की गई। तथा सिमरिया घाट का भी निरीक्षण किया गया। उक्त घटना में शामिल अभियुक्त की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त सिमरिया घाट की महत्ता को देखते हुए सिमरिया घाट पर पुलिस पिकेट, पोस्ट को सुचारूरूप से चलाने का निर्देश दिया गया है। उक्त पुलिस पोस्ट में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को हमेशा सतर्क रहने, भ्रमणशील रहने तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने एवं कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

# कांग्रेस की विचारधारा व राहुल गांधी के नेतृत्व से प्रभावित होकर थामा कांग्रेस का दामन : मासूम अंजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** कांग्रेस पार्टी के विचार धारा और राहुल गांधी के सफल नेतृत्व से प्रभावित होकर मैने कांग्रेस का दामन थामा है । ये बातें शुक्रवार की रात अररिया स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कांग्रेसी नेता मो मासूम अंजार ने कही। उन्होंने कहा कि देश की आजादी और इसके विकास में कांग्रेस के योगदान को बुलाया नहीं जा सकता, साथ ही गांधी परिवार की शहादत और देश प्रेम की भावना ने पूरे मुल्क में सांप्रदायिक सौहार्द की मिशाल कायम की है। मासूम अंजार ने कहा कि कांग्रेस की कुर्बानी का गौरवशाली इतिहास रहा है। श्री मासूम ने कहा कि मेरे राजनीति गुरु



सीमांचल गांधी तस्लीमउद्दीन रहे हैं, अभी हमारे मार्गदर्शक और अभिभावक लोकप्रिय सांसद पप्पू यादव जी हैं। मासूम अंजार ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि अररिया विधान सभा मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण महागठबंधन से ही कोई विधायक बनता है। पिछले दस साल से लगातार एक ही विधायक है, लेकिन दुर्भाग्य हैं कि अररिया का कोई विकास उनके द्वारा नहीं किया गया है जो अपने गांव की समस्या का समाधान नहीं कर सका, वो पूरे क्षेत्र का विकास क्या करेगा। मासूम ने सीधे तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दस साल के विधायक फंड लगभग तीस करोड़ के फंड से उन्होंने क्या काम कराया और किसके द्वारा कराया। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार और रिश्तेदार को अपनी योजना दी है जिसकी जांच होनी चाहिए। आज दुर्भाग्य की बात है कि उनके (विधायक) अपने ही भाई कह रहे हैं कि विधायक जी कमजोर, बीमार हैं, क्षेत्र में उनसे जनता में नाराजगी है। दस साल से विधायक हैं लेकिन अररिया की एक भी जनता ने पटना में उनका आवास नहीं देखा है। इस बार कांग्रेस पार्टी कमजोर, बेबस और परिवार वाद से ऊपर उठकर शादी के घोड़ा पर नहीं बल्कि रेस के घोड़ा को मैदान में उतारेगी और इंशाल्लाह जीत दर्ज करेगी।

# सुगौली को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाना ही लक्ष्य : पूर्व एमएलसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सुगौली।** जदयू के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य सतीश कुमार इन दिनों सुगौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सक्रिय रूप से जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। पिछले एक माह से लगातार वे क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण इलाकों का दौरा कर लोगों से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि वे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से अनुमति प्राप्त कर ही इस अभियान में लगे हुए हैं। सतीश कुमार ने बताया कि बीते गुरुवार को बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने सुगौली विधानसभा को अपनी कर्मभूमि मानते हुए एक बार फिर विकास यात्रा की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि सुगौली क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, जिसे दूर करने के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्रत्येक गांव तक पहुंचाना है। आजादी के 70 वर्षों के बाद भी कई गांव अब तक विकास की रोशनी से दूर हैं। सतीश कुमार ने कहा कि वे ग्रामीण परिवेश को शहरी सुविधा युक्त बनाना चाहते हैं। इसके लिए वे गली-गली पक्की सड़कों का निर्माण, सामुदायिक भवन और पार्क की स्थापना, स्वच्छ जल की व्यवस्था और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की मजबूती जैसे मुद्दों को प्राथमिकता में शामिल कर चुके हैं।

# आरसेटी व मनरेगा के तहत राज मिस्त्रियों व तकनीकी सहायकों की ट्रेनिंग



## जियो टैगिंग और जियो फेसिंग के बारे में दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** उप विकास आयुक्त, भोजपुर गुंजन सिंह के निर्देशानुसार आरसेटी (रुरल सेल्फ इम्प्लाईमेंट ट्रेनिंग) एवं मनरेगा के संयुक्त तत्वावधान में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में सभी प्रखंडों के तकनीकी सहायक एवं राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर में मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण में बाला मॉडल आधारित निर्माण तथा पेंटिंग का उपयोग से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण शिविर में जियो टैगिंग एवं जियो फैंसिंग का विभागीय निर्देश पर विस्तार से प्रशिक्षण भी दिया गया। रमना मैदान आरा में इसका व्यवहारिक एवं भौतिक प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आयोजित बाला (बिल्डिंग ऐज लर्निंग ऐड) मॉडल पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में है। इस का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को यह सिखाना था कि वे किस प्रकार स्कूल भवन और उपलब्ध संसाधनों को सीखने के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उपयोग कर सकते हैं। बाला मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का मुख्य उद्देश्य बच्चों के लिए सीखने और विकास को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाना है। यह आंगनवाड़ी केंद्रों को अधिक आकर्षक, रचनात्मक और बाल-केंद्रित बनाने के लिए एक अभिनव दृष्टिकोण है। यह आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। जिसमें सीखने, खेलने, समाजिककरण और स्वास्थ्य शामिल हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर महादलित टोलों में होगा झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय स्थित कारगिल विजय भवन में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को 15 अगस्त की तैयारी ससमय पूरा करने का निर्देश दिया। किसी भी क्षेत्र, स्पर्धा में राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों, विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि चयन समिति द्वारा उसपर विचार-विमर्श किया जा सकें। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित



किये जायेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले टीम के चयन के लिए उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिक एकादश एवं प्रशासन एकादश के बीच फ्रेंडली मैच आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। होमगार्ड कमांडेंट को परेड की तैयारी को लेकर सभी संबंधित के साथ बैठक कर रिहर्सल कराने का निर्देश दिया गया। सुबह में होने वाले प्रभात फेरी को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों की साफ-सफाई, शहीद स्मारकों एवं विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा जिसके लिए आवश्यक तयारी पूर्ण करने हेतु नगर आयुक्त नगर निगम को कहा गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महादलित टोलों में ध्वजारोण कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी को आदेश निकलवाने हेतु निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार, सहायक समाहर्ता अजय कुमार यादव, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पचायत राज पदाधिकारी, सदर डीएसपी, होमगार्ड कमांडेट सहित संबंधित जिला स्स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने 13.35 करोड़ की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** जिले के कहलगांव क्षेत्र से विधायक एवं भाजपा नेता नेता पवन कुमार यादव ने आज यहां 13 करोड़, 35 लाख रुपए राशि की लागत वाले तीन प्रमुख सड़कों का शिलान्यास किया और लोगों के दुख -सुख में हमेशा साथ रहने का वचन दिया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि कुल 13 करोड़ 35 लाख 7 हजार रुपए राशि की लागत से तीन प्रमुख सड़कों के



निर्माण होने से कहलगांव शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। साथ ही अनुमंडल एवं प्रखंड कार्यालय, अनुमंडलीय अस्पताल, व्यवहार न्यायालय एनटीपीसी प्लांट आदि संस्थानों में जाने-आने में आमलोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि कहलगांव विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार हर क्षेत्रों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है और इससे हर तबके के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। डबल इंजन वाली प्रदेश की एनडीए सरकार बिजली, सड़क, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्षेत्रों में तेजी से काम कर रही है। अन्य जिलों की तरह भागलपुर जिले में भी विकास कार्यों में काफी तेजी आई है। जिससे जिले में सभी वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल रहा है।

भाजपा विधायक ने कहा कि कहलगांव क्षेत्र की जनता को सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे। खासकर, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, विद्यालय एवं स्वास्थ्य केंद्र भवन के निमार्ण कार्य को प्राथमिकता देने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र के युवाओं एवं महिलाओं के जीविकापार्जन के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार की व्यवस्था की जा रही है। इस मौके कहलगांव नगर पंचायत के अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रखंड प्रमुख नूतन कुमारी, समाजसेवी कृष्णा साह, गौतम चौधरी, संतोष चौधरी, पवन कुमार चौधरी, मारुती नंदन ,उत्तम चौधरी पवन कुमार चौधरी, राकेश सिंह रानी दुबे, पुरातन सिन्हा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो क्वींटल गांजा के साथ एक तस्कर धराया

**बेतिया/ नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसएसबी 44वी वाहिनी द्वारा भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के सी-समवाय भिखनथोरी के कार्यक्षेत्र मे सूचना के आलोक में करवाई करते हुए। शुक्रवार की रात्रि समय करीब ढाई बजे पिलर संख्या- 436 के समीप एसएसबी व बिहार पुलिस संयुक्त नाका के दौरान एक व्यक्ति टाटा सोमू से नेपाल से भारत आ रहा था। नजदीक आने पर उसे रोका गया,और उसकी गाड़ी की तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान टाटा सोमू में 13 बोरी रखा 183.97 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। इस कारवाई में पकड़े गए अभियुक्त की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के विवेक कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया है कि गांजा को नेपाल से भारत में बेचने के लिए लेकर आ रहा था । इस गांजा को बेच कर वह मोटी रकम कमाने के फिराक मे था । एसएसबी के कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ व गिरफ्तार अभियुक्त को, जब्त टाटा सोमू सहित सहोदरा पुलिस थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

### जीएमसीएच की बदहाली के खिलाफ जनसुराज का विरोध प्रदर्शन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की लगातार गिरती व्यवस्था और लचर प्रशासनिक ढांचे के कारण आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन अस्पताल में घट रही अप्रिय घटनाओं के लिए वहां के सुपरिटेंडेंट और मैनेजमेंट डिपार्टमेंट पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।इन्हीं कुव्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आज जन सुराज समर्थकों द्वारा शहीद पार्क, बेतिया से एक विरोध मार्च निकाला गया, जो सोआ बाबू चौक पर जाकर जीएमसीएच प्रशासन और सुपरिटेंडेंट का पुतला दहन कर समाप्त हुआ। वहीं जनसुराजी कार्यकताओं ने जोरदार बारिश होने के बावजूद भींगते हुए मार्च निकलकर सोवा बाबू चौक पर जाकर मेडिकल कॉलेज के एडमिस्ट्रेशन का पुतला दहन किया गया । इस दौरान जिला मुख्य प्रवक्ता ई.सिकंदर चंद्रा,युवा नेता ओम ठाकुर,प्रदेश युवा उपाध्यक्ष संतोष चौधरी,अनुमंडल युवा अध्यक्ष गौरव मिश्रा,धीरज तिवारी, डॉ.अर्चना बाला,रंजू देवी,रश्मि राव,राजन तिवारी,चित्तरंजन फौजी, ई.जावेद अख्तर,मनंजय कुमार,अविनाश देव,अमित ठाकुर उपस्थित रहे।

### संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के महुअवा गांव मे संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता की मौत हो गयी।मृत विवाहिता की पहचान अफसाना खातून के रूप में हुई है।सूचना पर पहुँची शिकारपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया है।थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला है।उसके गले पर काले धब्बे के निशान मिले है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या अथवा आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।मामले में जांच पड़ताल करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।परिजनों ने बताया कि विवाहिता का अश्लील वीडियो एक लड़का वायरल कर रहा था। इससे वह परेशान थी। उसने आत्महत्या कर लेने का वीडियो भी बनाया है और शुक्रवार की रात्रि में उसने आत्महत्या कर ली है। उन्होने वीडियो वायरल करने वाले युवक पर कार्रवाई की मांग की।थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### महिला के साथ यौन शोषण, 5 नामजद

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ घर में घुसकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। मटियारिया थाना क्षेत्र के पीड़ित महिला ने थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताई है कि मेरी दुसरी शादी 2022 में सोहेब अंसारी धोकराहा में हुई है। पति ने रामनगर में डेरा लेकर रखा था। एक वर्ष बाद गर्भवती होने पर दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। बीते 27 जुलाई को 11 बजे रात्रि में मेरे कमरे में छोटे सिद्धकी, हरि शर्मा, बसंत चौधरी, धनंजय यादव मेघवल मठिया वाले बोलोरो से आए। मेरे पति समेत सभी आदमी मुंह बांधकर बारी बारी से यौन शोषण किया। जब बेहोश होने पर सभी लोग भाग गए। बेहोश देखकर आसपास लोग 112 की पुलिस को सूचना दिए तो ईलाज पीएचसी में चला है। पंचायती के कारण थाना में आवेदन देने में विलंब हुई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि मामले में अग्रेतर कार्रवाई आरंभ कर दिए गए है।

### नाबालिग से दुष्कर्म

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसमें 5 जनवरी को दिन में गांव के समीर हाशमी ने उनके घर में घुसकर 13 वर्षीय बेटी को गलत नीयत से पकड़ लिया। बच्ची के चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद जब परिजन आरोपी के घर पूछताछ करने पहुंचे, तो समीर हाशमी के परिजनों बबलू हाशमी, अफरोज मियां, चांदनी खातून, गुलशन खातून, नाजनी खातून और नसीमा खातून ने गाली-गलौज व मारपीट की। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने मामले की जांच आरंभ कर दी है।

### राशन विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मोनिका कुमारी ने नगर के वार्ड संख्या 20 निवासी राशन विक्रेता हरिहर प्रसाद के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताई है 10 सितंबर 2024 को गोदाम का भौतिक सत्यापन किया गया था। इस दौरान विक्रेता हरिहर प्रसाद गोदाम पर उपस्थित नहीं थे और उनका मोबाइल फोन भी बंद था।

## सरोवर होटल्स ने नेपाल में रॉयल ट्यूलिप चितवन के उद्घाटन के साथ साउथ एशिया में विस्तार किया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अग्रणी भारतीय होटल प्रबंधन कम्पनी, सरोवर होटल्स जो लूवर होटल्स ग्रुप का हिस्सा है ने आज नेपाल मे प्रीमियम ट्यूलिप ब्रांड 'रॉयल ट्यूलिप चितवन' के उद्घाटन की घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव कर रही है। प्रसिद्ध' चितवन नेशनल पार्क' जो यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट का एक हिस्सा है के छोर पर स्थित यह फाइव स्टार लक्जरी रिसॉर्ट नेपाल के मनोरम स्थलों में से एक है तथा इंटरनेशनल अभूतपूर्व सुख-सुविधा और वास्तविक नेपाली संस्कृति का विशिष्ट मिश्रण प्रस्तुत करता है। नए लॉन्च किए गए इस रिसॉर्ट को केटीएम ग्रुप होल्डिंग्स की सहायक कंपनी केटीएम हॉस्पिटैलिटी द्वारा विकसित किया गया है। 4 एकड़ में फैले, रॉयल ट्यूलिप चितवन में 65 सुंदर ढंग से डिजाइन किए गए कमरे और विला हैं, जिनमें विशिष्ट पूल विला, वाटर विला और मचान शामिल हैं, जो मनोरम दृश्य और आरामदायक आराम प्रदान करते हैं। मेहमान विश्वस्तरीय स्पा, फिटनेस सेंटर, स्विमिंग पूल और माझीघर, फॉरेस्ट फ्लेम, मचान (एक रिवॉल्विंग डेक) और जीवंत तनवी स्पोर्ट्स बार में विविध भोजन विकल्पों सहित कई शीर्ष-स्तरीय सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सरोवर होटल्स के अध्यक्ष और लूवर होटल्स इंडिया के निदेशक, अजय बकाया ने कहाः "नेपाल तेजी से भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। हम इस खूबसूरत देश में रॉयल ट्यूलिप ब्रांड को एक ऐसे रिसॉर्ट



के साथ पेश करते हुए रोमांचित हैं जो विलासिता, रोमांच और स्थानीय संस्कृति का एक सहज मिश्रण प्रदान करता है। अपने प्रमुख स्थान और विचारशील आतिथ्य के साथ, रॉयल ट्यूलिप चितवन मेहमानों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।" केटीएम हॉस्पिटैलिटी के चेयरमैन, रामेश्वर शाह ने कहा, "रॉयल ट्यूलिप चितवन, प्रकृति से आच्छादित एक ऐसा स्थान जहाँ जंगल आपको निहारते हैं, नेपाल की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक समृद्धि के प्रति हमारी श्रद्धांजलि है। यह रिसॉर्ट केवल एक आतिथ्य परियोजना से कहीं अधिक है यह क्षेत्र के पर्यटन आकर्षण को बढ़ाने, स्थानीय रोजगार के अवसर पैदा करने और चितवन में विलासिता के लिए एक नया मानक स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता है। लूवर होटल्स ग्रुप के साथ साझेदारी हमें अपने घरेलू मैदान में विश्वस्तरीय मानक लाने का अवसर प्रदान करती है।" इस उद्घाटन के साथ, लूवर होटल्स ग्रुप दक्षिण एशिया में अपनी उपस्थिति को मजबूत करता है, और उच्च-संभावना वाले गंतव्यों में विस्तार करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। रॉयल ट्यूलिप चितवन नेपाल में शांति, वन्यजीव अन्वेषण और उत्तम आतिथ्य की तलाश करने वाले यात्रियों के लिए पसंदीदा पलायन स्थल बनने के लिए तैयार है।

# भाजपा महिला मोर्चा की प्रवासी टोली का सम्मान और विदाई : विकास योजनाओं की दी जानकारी

**सात दिनों के प्रवास के बाद सिवान अतिथि गृह में सम्पन्न हुआ समापन समारोह**

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो



**सिवान।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रवासी महिला टोली का सात दिवसीय सिवान प्रवास शनिवार को सम्पन्न हुआ। सिवान अतिथि गृह में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी ने महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

**प्रवासी महिलाओं का गांव-गांव भ्रमण**

बीते सात दिनों में प्रभारी श्रीमती चांदनी पांडे, देवरिया महिला मोर्चा की अध्यक्ष भारती शर्मा, मंत्री सीमा जायसवाल, सिवान महिला अध्यक्ष सुनीता जायसवाल, सोनी कुमारी, बेबी देवी, रस्मी गिरी सहित अन्य कार्यकताओं ने सिवान विधानसभा के दर्जनों गांवों में भ्रमण किया।

**जनजागरण और जनसंवाद**

इन महिलाओं ने डॉक्टरों, वकीलों, बुद्धिजीवियों, दलित बस्तियों, आशा कार्यकताओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर एनडीए सरकार के कार्यों की जानकारी दी। कई स्थानों पर वृक्षारोपण भी किया गया।

**महिला सशक्तिकरण की योजनाओं की जानकारी**

प्रभारी चांदनी पांडे ने बताया कि TRE-4 के तहत शीघ्र बहाली होने जा रही है। महिलाओं को विशेष आरक्षण का लाभ मिलेगा। पंचायती सफाईकर्मियों की 1.10 लाख बहाली जल्द। जीविका के तहत रोजगार का सृजन। 653 पदों पर खाद्य सहकारी संघ में नियुक्ति। बिजली परियोजनाओं के लिए ₹270 करोड़। पत्रकार पेंशन योजना में संशोधन। पुरैना धाम में ₹165.57 करोड़ से पर्यटन विकास। नेहरू पथ पर लोहिया पथ चक्र के लिए ₹67550 करोड़ की स्वीकृति।

**कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थिति**

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुभाष कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मातृ एवं शिशु टीकाकरण केन्द्र का शुभारंभ

**बेतिया।/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेड क्रॉस भवन, बेतिया में जिला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र (टीकाकरण केन्द्र) का शुभारंभ अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रमेश चंद्रा, रेड क्रॉस चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी, सचिव डॉ. जगमोहन कुमार व स्थानीय निगम पार्षद राज कुमार द्वारा किया गया। एसीएमओ डॉ. चंद्रा ने बताया कि जिला एम.सी.एच. सेंटर को रेड क्रॉस के सहयोग एवं सहमति से स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेड क्रॉस भवन में संचालित किया जा रहा है। विदित हो कि यह सेंटर इसके पूर्व जीएमसीएच परिसर में चल रहा था जहां अस्पताल का खुद का टीकाकरण सेंटर है। जनमानस की अधिकतम सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेड क्रॉस भवन में यह केन्द्र उपस्थापित किया गया है। रेड क्रॉस चेयरमैन डॉ. चौधरी ने कहा कि टीकाकरण हमें बीमारियों से लड़ने में अधिक सक्षम बनाता है। नियमित टीकाकरण से बच्चों को



बीमारियों से बचाया जा सकता है। सचिव डॉ. जगमोहन कुमार ने कहा कि सावधानी ही बचाव है। इस केन्द्र के सुविधापूर्ण संचालन से जनसामान्य अधिकाधिक लाभ ले सकते हैं। प्रत्येक कार्य दिवस के दिन 10 बजे से 02 दिन तक यह केन्द्र संचालित होगा। मौके पर रेड क्रॉस प्रबंध समिति सदस्य सैयद शकील अहमद, लालबाबू प्रसाद, अनुज कुमार, आजीवन सदस्य पिंकी देवी, मो. समीर खान, स्वयंसेवक राम कुमार, एसीएमओ कार्यालय के प्रधान सहायक विनोद कुमार वर्मा, एएनएम ज्ञान्ती कुमारी, परिचारी रणवीर सिंह, रामरतन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त पर जागरूकता कार्यक्रम

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के अवसर पर शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), माधोपुर में एक दिवसीय जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने किया, जबकि मंच संचालन डॉ. जगपाल (मत्स्य वैज्ञानिक) ने किया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। उन्हें योजना से जुड़ी नवीनतम प्रक्रियाएं जैसे ई-केवाईसी, आधार-बैंक लिंकिंग एवं दस्तावेज सत्यापन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि संदीप श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि विभय रंजन चौबे, दीपेन्द्र सराफ, प्रदीप शराफ, प्रगतिशील किसान सुशील जायसवाल, डॉ. राजीव अस्थाना (राष्ट्रीय गोकुल मिशन) एवं जीविका प्रतिनिधि मोहन कुमार उपस्थित

## यूरिया की किल्लत से किसान परेशान

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल व आसपास के क्षेत्र में यूरिया की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। यूरिया की किल्लत से किसान परेशान है। ऐसे में नाराज किसानों ने शनिवार की सुबह बगहा सेमरा मुख्य पथ को हिरौती चौक के समीप जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक किसानों ने मुख्य सड़क का जाम का जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई एवं आवागमन पूरी



तरह से प्रभावित हुई। सड़क के दोनों और करीब एक से डेढ़ किलोमीटर लंबी वाहनों की जाम लग गई थी। जिसे आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसान दीपू चौरसिया, लक्ष्मण महतो, सुरेश शाह आदि का कहना है कि कम बारिश के कारण व यूरिया की किल्लत के कारण धान की फसलों का ग्रोथ नहीं हो रहा है। बारिश की कमी के कारण खेतों में आई दरार के बाद धान के पौधे पूरी तरह से सुख रहे थे। इधर-उधर दो दिनों से हल्की बारिश के बाद खेतों में कुछ नमी लौटी है। जिसके बाद किसान खेतों में यूरिया की छिड़काव में लगे हुए हैं। लेकिन येन समय में क्षेत्र से यूरिया पूरी तरह से गायब है। जहां कहीं भी खाद दुकानों में यूरिया आने की सूचना मिल रही है किसान वाले सुबह से ही यूरिया के लिए लाइन में खड़ा हो जा रहे हैं। दोपहर बाद वितरण शुरू होता है लेकिन अधिकांश किसानों को यूरिया नहीं मिलता मिल पा रहा है। ऐसे में नाराज किसानों ने खाद दुकानदारों पर कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए एवं पर्याप्त मात्रा में यूरिया की उपलब्धता को लेकर शनिवार को बगहा सेमरा मुख्य सड़क को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे पटखौली थाने की पुलिस ने किसानों को समझा बूझकर शांत कराया एवं सड़क को जाम से मुक्त कराया। इसके बाद अब आगमन शुरू हुआ। पटखौली थाना प्रभारी हृदया नंद सिंह ने बताया कि किसानों के द्वारा बगहा सेमरा मुख्य सड़क को जाम किया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा किसानों को समझा बूझकर शांत कराया गया जिसके बाद अवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ।

**किसान सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहलः पीएम-किसान योजना की 20वीं किश्त जारी**

## आईसीएआर-आरसीईआर, पटना में वैज्ञानिक-किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कृषक समुदाय को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अगस्त 2025 को वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 20वीं किश्त जारी की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि



इसके तहत आगामी छह वर्षों के लिए ₹24,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। इस कार्यक्रम में कम उत्पादकता वाले, कम फसलों की बुआई और औसत से कम ऋण मानदंडों वाले 100 जिलों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अब तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को ₹1.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बीमा राशि का भुगतान किया जा चुका है, जिससे किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और फसल क्षति की स्थितियों में बड़ी राहत मिली है। किस्त जारी करने के उपरांत प्रधानमंत्री ने देशभर के किसानों के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद स्थापित किया, जिसमें उन्होंने कृषि क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों को आधुनिक, वैज्ञानिक और जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा सरकार की किसान हितैषी नीतियों और तकनीकी नवाचारों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस कार्यक्रम के अंतर्गत माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी एक वर्चुअल सत्र को संबोधित किया। उन्होंने खरीफ मौसम की फसलों से जुड़ी महत्त्वपूर्ण बातों जैसे समय पर बुआई, कीट प्रबंधन, और जल के कुशल उपयोग पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने विकसित किसान संवाद अभियान (वीकेएसए) के तहत किसानों द्वारा साझा किए गए सुझावों और फीडबैक की समीक्षा की और आश्वासन दिया कि इन बिंदुओं को भविष्य की नीतियों और सहायता योजनाओं में सम्मिलित किया जाएगा। इस राष्ट्रीय पहल के अनुरूप, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-पूर्वी क्षेत्र परिसर (आईसीएआर- पटना द्वारा एक वैज्ञानिक-किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों, वैज्ञानिकों और गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, डॉ. संजीव चौरसिया, विधायक, दीघा ने किसानों को सशक्त बनाने हेतु विभिन्न कृषि योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों की सराहना की और पूर्वी भारत के कृषि क्षेत्र के विकास में आईसीएआरझ्आरसीईआर के योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर विभिन्न प्रभागों के प्रमुख और संस्थान के वैज्ञानिकगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कुल 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 70 से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल थे, जिनमें से 60 किसान अनुसूचित जाति (एससी) समुदाय से संबंधित थे।

**इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (प्रभारी) डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने कहाः**

ह्लप्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त के राष्ट्रीय स्तर पर जारी होने के साथ आयोजित यह वैज्ञानिक-किसान संवाद कार्यक्रम हमारे संस्थान की किसानों की सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ऐसे मंच वैज्ञानिक ज्ञान को व्यावहारिक समाधानों में बदलने का कार्य करते हैं, जिससे क्षेत्रीय किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिलता है। कार्यक्रम के दौरान चावल, मक्का और अरहर की वैज्ञानिक खेती पर विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श किया गया। इन तकनीकों का उद्देश्य उत्पादन एवं सतत कृषि को बढ़ावा देना है। इसी प्रकार के कार्यक्रम संस्थान के रांची केंद्र तथा इसके कृषि विज्ञान केंद्र, बक्सर (बिहार) और रामगढ़ (झारखंड) में भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. धीरज कुमार सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अभय कुमार, डॉ. पी.के. सुंदरम, डॉ. अनिर्बन मुखर्जी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. गौस अली सहित कई वैज्ञानिकों एवं सहयोगी सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से संपन्न हुआ।

## समस्तीपुर जिले के सिंघिया खुर्द में स्थापित पॉलिटेक्निक कॉलेज कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का उद्घाटन

**लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एवं एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के मोहनपुर, समस्तीपुर शाखा कार्यालय का भव्य शुभारंभ एवं करियर काउंसलिंग सेंटर की भी हुई स्थापना।**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से समस्तीपुर जिले के सिंधिया खुर्द में स्थापित एक नये पॉलिटेक्निक कॉलेज कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का उद्घाटन किया गया। साथ ही साथ लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, रहीमपुर रूदौली, पो.-हरपुर एलौथ, थाना-मुफस्सिल, जिला-समस्तीपुर एवं एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स द्वारा समस्तीपुर जिले के मोहनपुर (मुसरीघरारी - समस्तीपुर मेन रोड) में अपने नये



शाखा कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए "एस.के.एम.बी.आई. करियर काउंसलिंग सेंटर" की भी स्थापना की गई है। यह केंद्र सभी विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करेगा। विदित हो की संस्थान के द्वारा संचालित सभी संस्थानों में छात्रों एवं अभिभावकों को उस संस्थान में संचालित कोर्स के बारे में बताया जाता है लेकिन अब जनता के सेवा में "एस. के. एम. जी. आई. करियर काउंसलिंग सेंटर" का उद्धघाटन किया गया है। इस केन्द्र पर कोई भी छात्र-छात्राएं अपने करियर से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु एक वेबसाइट पोर्टल www.skmgicareercounseling.com का शुभारंभ किया गया। इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति करियर से सम्बंधित कोई भी जानकारी चाहता है तो उसे पोर्टल के माध्यम से ही तत्काल सही जानकारी दी जाएगी और अगर कार्यालय में आते है तो उन्हें भी सही जानकारी दी जाएगी। यह सेवा सभी के लिए निःशुल्क रहेगा। समस्तीपुर को शिक्षा का हब बनाने का संकल्प लेते हुए इस कार्यालय का स्थापना किया गया है। यह सेंटर न केवल समस्तीपुर जिले के विद्यार्थियों के लिए, बल्कि बिहार एवं देशभर के छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स का यह एक ऐतिहासिक कदम है। उद्घाटन समारोह में लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन की अध्यक्ष मोनी रानी एवं एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के अध्यक्ष श्री एस. के. मंडल उपस्थित रहे और उन्होंने संस्थान के उद्देश्य, मूल्यों एवं भविष्य की योजनाओं को साझा किया। संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के छात्रों को आधुनिक, रोजगारोन्मुखी एवं सुलभ शिक्षा प्रदान करना है। एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के अंतर्गत संचालित प्रमुख संस्थानों कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, पटना, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज, सिंघिया खुर्द, समस्तीपुर, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, मुरलीगंज, मधेपुरा, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, रामबाग, पूर्णियां, विद्यापति इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ आईटी एंड मैनेजमेंट, समस्तीपुर, सौम्या कृष्णा ए.एन.एम. ट्रेनिंग स्कूल, पटना, कृष्णा इन्स्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, समस्तीपुर। इन सभी संस्थानों में ए.एन.एम, जी.एन.एम, बी.एससी. नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग, डी.एम.एल.टी, बी.एम.एल.टी. बी.पी.टी, बी.एच.एम, बी.ओ.टी, डी.ओ.टी.ए. डी.ओ.ए. डी.ई.सी.जी, ड्रेसर, बीबीए, बीसीए, एम.बी.ए., एम.सी.ए. बी.एम.सी, बी. फार्मा, डी. फार्मा एवं पॉलिटेक्निक पाठ्यक्रम उपलब्ध है एवं लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर में ए.एन.एम., जी.एन.एम, बी.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम उपलब्ध है यह सभी कोर्सेस रोजगारोन्मुखी कोर्स है। इस नई शाखा कार्यालय एवं करियर काउंसलिंग सेंटर की स्थापना से अब समस्तीपुर एवं आस-पास के क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को नजदीक ही सभी शिक्षा संबंधी सेवाएं एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सकेगा। लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एवं एस. के. मंडल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स की यह पहल शिक्षा क्षेत्र में एक नई दिशा और गति प्रदान करने वाली है। विशेष जानकारी के लिए 7646042412, 7739662412 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सिक्की कला से समृद्धि की ओरः मांझी की जीविका दीदियों की आत्मनिर्भरता व पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

**जीविका दीदियों द्वारा राखी निमार्णः पर्यावरण-अनुकूल आय का नया स्त्रोत**

178/179

के. के. सिंह सेंगर/नबिटा ब्यूरो

**छपरा (सारण)।** जिले के मांझी प्रखंड की जागृति महिला संकुल स्तरीय संघ से जुड़ी जीविका दीदियां, जो कभी मुश्किल से दो वक्त का भोजन जुटा पाती थीं और सामाजिक पहचान के लिए तरसती थीं। अब सतत जीविकोपार्जन योजना (एसजेवाई) के तहत आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिख रही हैं। ये महिलाएं, जो पहले देशी शराब व ताड़ी के पारंपरिक व्यापार से जुड़ी थीं, अब सतत जीविकोपार्जन योजना (एसजेवाई) से जुड़कर न केवल आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त हुई हैं, बल्कि स्वरोजगार के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं।

**सिक्की कला से आत्मनिर्भरता का सफरः**

शुरूआत में ये दीदियां मुख्य रूप से सिक्की घास का उपयोग कर पारंपरिक डलिया बनाती थीं। जिला और मांझी प्रखंड की एसजेवाई टीम के मार्गदर्शन में, उन्होंने एसजेवाई से मिली राशि का एक छोटा हिस्सा अपनी हस्तकला को आय का जरिया बनाने में लगाया। हालांकि, उन्हें सही बाजार, उचित मूल्य व बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद बनाने में काफी चुनौतियां आईं। बजरंगबली समूह की सीता देवी बताती हैं कि स्थानीय स्तर पर बिक्री इतनी कम होती थी कि लागत भी निकलना मुश्किल हो जाता था। आरती देवी, जो बासुदेव और अमन जीविका महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य हैं, भी ऐसी ही समस्याओं से जूझ रही थीं।

**सीता देवी और आरती देवीः सोच की**




**शुरूआत से सामूहिक सफलता तक**

इस संपूर्ण पहल की शुरूआत सीता देवी एवं आरती देवी के द्वारा की गई थी, जिनकी दूरगामी एवं सकारात्मक सोच ने न केवल उनके जीवन को बदला, बल्कि अन्य जरूरतमंद दीदियों को भी हुनर के साथ-साथ एक व्यवसाय का जरिया उपलब्ध कराया। उनका यह प्रयास आने वाले समय में एक बेहतर संसाधन और स्थायी आय का साधन साबित होगा। इन दोनों की पहल ने अन्य महिलाओं को प्रेरित किया और आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया।

**कुशाग्राम जीविका महिला सिक्की उत्पादक समूहऱ का उदयः एकता की शक्ति**

इन शुरूआती चुनौतियों से निपटने के लिए, संकुल स्तरीय संघ की बैठक में 35 दीदियों ने मिलकर "कुशाग्राम जीविका महिला सिक्की उत्पादक समूह" का गठन किया। एकता में अटूट शक्ति निहित होती है, इस कहावत को चरितार्थ कर इन महिलाओं ने दिखाया। एसजेवाई टीम के मार्गदर्शन में, उन्होंने इंटरनेट की मदद से पारंपरिक डलिया के अलावा पेन स्टैंड, सिक्की पोला चूड़ी, कानबाली, दुल्हन सेट चूड़ी, राखी और गिफ्ट आइटम बनाना भी सीखा।

**राखी निमार्णः पर्यावरण-अनुकूल आय का नया स्त्रोत**

इन दीदियों के लिए राखी एक ऐसा उत्पाद बनकर उभरा है, जिसने न केवल उन्हें बेहतर आय दिलाई है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है। सीता देवी बताती हैं कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में रक्षाबंधन के मौके पर दीदियों द्वारा बनाई गई राखियों से लगभग 1.5 लाख रुपये की आमदनी हुई। वर्ष 2025-26 के लिए उन्होंने 15 से 16 हजार राखी बेचने का लक्ष्य रखा है, जिससे अनुमानित आमदनी लगभग 2 लाख 40 हजार रुपये होने की उम्मीद है। अब तक 4740 राखियां बेची जा चुकी हैं। ये सिक्की की राखियां सिर्फ व्यावसायिक सफलता की कहानी नहीं हैं, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण, सतत जीवनशैली और समाज के प्रति जिम्मेदारी की एक शानदार मिसाल भी हैं।

**राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ता प्रभावः**

राखियों की बिक्री के अलावा, इन दीदियों ने जी-20 समिट (बिहार चैप्टर), सरस मेला और राज्य स्तर पर आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी सिक्की से बने उत्पादों की अच्छी बिक्री की है। इससे यह स्पष्ट होता है कि कुशाग्राम जीविका महिला सिक्की उत्पादक समूह की महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूक उत्पादों के माध्यम से समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन भी ला रही हैं।

# विशेष मध्यस्थता अभियान प्रचार रथ को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले लोक अदालत को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रहा है। शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राज कुमार एवं प्राधिकार के सचिव सचिव तान्या पटेल द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर से दो मध्यस्थता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला जज द्वारा बताया गया कि वादों को निस्तारण में मध्यस्थता का बहुत महत्व है जिसके जन जागरण के लिए रथ को रवाना किया गया जिससे कि जिला के प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र से लेकर पंचायत स्तर के लोगों को जागरुक करते हुए इसका लाभ प्रदान किया जा सके। जिला जज द्वारा कहा गया कि स्वच्छ समाज एवं स्वच्छ पारिवारिक वातावरण के निर्माण में मध्यस्थता का महत्वपूर्ण स्थान होता है। जिला जज बताया गया कि वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा, आपराधिक समझौता योग्य, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण सहित अन्य मामलों को प्रमुखता से विशेष अभियान के तहत चिह्नित करते हुए मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण की कार्रवाई की जायेगी जिसके लिए प्राधिकार द्वारा हर स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा जन जागरुकता का कार्य किया जा रहा है। इसकी कड़ी में यह जागरुकता रथ रवाना किया गया है। जिला जज कहा गया कि तालुका न्यायालय और जिला न्यायालय में लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने के लिए 90 दिनों का गहन विशेष अभियान है जिसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगो को जोड़ते हुए इसका लाभ पहुंचाना है, उक्त मामलों के निस्तारण में मध्यस्थता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है जिसका उपयोग अधिक से अधिक लोगो को करना चाहिए और इसके लिए सभी संबंधित को पूर्ण सहयोग की आवश्यकता है। जिला जज द्वारा यह भी बताया गया कि मध्यस्थता के माध्यम से होने वाले फायदे से सम्बन्धित प्रचार रथ के माध्यम से पंपलेट का भी वितरण किया जायेगा।

## गृह रक्षक भर्ती परीक्षा की औपबंधिक मेधा सूची जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** गृह रक्षक पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-01/2025 के अंतर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित कर दी गई है। औपबंधिक सूची को जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। इस दौरान खासकर स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित अभ्यर्थियों से संबंधित विशेष सूचना प्रकाशित करते हुए जिला प्रशासन की ओर से कहा गया है कि जिन अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफलता प्राप्त की है और जो स्वतंत्रता सेनानी के आश्रित हैं, वे औपबंधिक सूची के प्रकाशन की तिथि से 5 कार्य दिवसों के भीतर स्वतंत्रता सेनानी होने का प्रमाण-पत्र जिला समादेष्टा कार्यालय, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, जहानाबाद में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। निर्धारित समयावधि के भीतर प्रमाण-पत्र जमा नहीं करने की स्थिति में उनकी दावा स्वतः अमान्य समझी जाएगी।

# शहीद जगदेव प्रसाद शहादत दिवस महारैली को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा की तैयारी बैठक संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** आगामी 5 सितंबर को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आयोजित होने वाले शहीद जगदेव प्रसाद शहादत दिवस सह शिक्षक दिवस के अवसर पर संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली की तैयारी को लेकर राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने आज जहानाबाद जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की।बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष पिंटू कुशवाहा ने की। बैठक में जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष, जिला कमेटी, प्रदेश पदाधिकारी, एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महारैली की सफलता सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना, जनसंपर्क अभियान, और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव पप्पू वर्मा, प्रदेश महासचिव रणधीर सिंह, तथा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक राम सहित कई वरिष्ठ नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने रैली की रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया और इसे जन आंदोलन का रूप देने पर बल दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पिंटू कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हैं। चाहे शिक्षा सुधार हो या कॉलेजियम सिस्टम का विरोध, उन्होंने सदैव निर्भीकता से जन आंदोलन का नेतृत्व किया है। हमारी पार्टी का लक्ष्य आम जनता के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने यह भी ऐलान किया जहानाबाद जिले से करीब 1000 कार्यकर्ता रैली में भाग लेंगे और इसे ऐतिहासिक बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जोगेंद्र प्रसाद सिंह, कौशल शर्मा, राम प्रवेश प्रसाद, संजीव कुमार, सरवन कुमार, रीता कुशवाहा, जय प्रकाश नारायण, रामप्रवेश महतो, अजय कुमार, हृदय पासवान, शिशु वर्मा, बूंदी ठाकुर, केदारनाथ वर्मा, उदय कुमार, नवलेश कुमार समेत जिले भर से सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित थे।

# 500 साल पुरानी मस्जिद को आबाद करने में जुटे स्थानीय लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखण्ड अंतर्गत इब्राहिमपुर गॉव में लगभग 500 साल पुरानी इब्राहिम लोदी मस्जिद है। जानकार बताते है कि वर्ष 1518- 20 में इब्राहिम लोदी के द्वारा इस मस्जिद की तामीर की गई थी। उस समय यहा आस पास के इलाकों में मुसलमानों की आबादी काफी तादात में हुआ करती थी। 1947 में भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय हिंसा के बाद यहां से ज्यादातर मुस्लिम आबादी का पलायन हो गया, लेकिन ये मस्जिद आज भी अपनी इबारत और बुलंदी की गवाही देती है। खण्डर में तब्दील हो चुकी इस मस्जिद को स्थानीय लोगों के द्वारा फिर से आबाद करने का प्रयास किया जा रहा है। इस उद्देश्य से मस्जिद को नए रूप में लाने के लिए प्रयास कर रही टीम के सदस्य नाजिश अनवर ने इसी मस्जिद में सादगी के साथ निकाह कर एक मिसाल कायम किया है। उन्होंने लोगो को इकट्ठा कर इस मस्जिद का दीदार भी कराया। इस दौरान इब्राहिमपुर गांव के निवासी तिर्रा पंचायत के मुखिया अवधेश पंडित और ग्रामीण राज बल्लभ पासवान ने कहा कि मुझे ये रौनक देख के खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि लोग यहां आ रहे है और वे चाहते कि ये मस्जिद आबाद हो। उन्होंने यहां तक कहा कि हमलोग इसे तामीर करने के लिए जो सहयोग होगा वो करने के लिए तैयार है। मुखिया अवधेश पंडित और ग्रामीण राजबल्लम पासवान के दरिया दिली का लोगों ने काफी तारीफ किया और कहा की हमारा हिंदुस्तान इसी गंगा जमुना तहजीब के लिए जाना जाता है। जो आज इब्राहिमपुर गांव के लोग मिसाल पेश कर रहे हैं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत घोसी एवं हुलासगंज प्रखंडों में विशेष बैठकें आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2025 के तहत प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत 2 अगस्त 2025 से 1 सितंबर 2025 तक जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष कैंप का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में शनिवार को घोसी प्रखंड एवं हुलासगंज प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर विशेष कैंप को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# राजमुनी देवी बी.एड कॉलेज में फ्रेशर्स डे पर नवागत छात्रों का जोरदार स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** राजमुनी देवी बी.एड कॉलेज, मंजूराही में शनिवार को बी.एड सत्र 2025-27 के नवागत छात्रों के लिए इंडक्शन मीट एवं फ्रेशर पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर छात्रों द्वारा नवागंतुकों का पारंपरिक तिलक वंदन कर उत्साहपूर्वक स्वागत करते हुए की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद में इग्नू के समन्वयक प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी एवं राजन ममता डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार मिश्रा रहे। दोनों अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्राचार्य डॉ. अमित कुमार मिश्रा ने छात्रों को अपने जीवन में मूल्य निर्धारण और लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत प्रयास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने नवागत विद्यार्थियों को शोधकार्य में रुचि लेने की सलाह भी दी। वहीं, प्रो. अरुण त्रिपाठी ने शिक्षक के दायित्व और शिक्षकीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को दिशा देना ही सच्चे शिक्षक की पहचान है। आप सभी समाज का दर्पण हैं और आपका आचरण ही समाज का भविष्य तय करेगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीर भवानी ने छात्रों को शिक्षा के उद्देश्य और एक शिक्षक के सामाजिक कर्तव्यों से अवगत कराया। कॉलेज की सचिव श्री संतोष कुमार सिंह एवं निदेशक शशि भूषण सिंह ने भी छात्रों को आशीर्वचन देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रज्ञा कुमारी ने मंच संचालन की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्वागत गान, सोलो डांस, भाषण, कव्वाली एवं सोलो सॉन्ग जैसी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम जीवंत हो उठा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं खुशी, बबली, तमन्ना, मुस्कान, नीलम, आलिया, आयुष, मायसा, मिदत, नकुल, अविनाश, गौरव, आकांक्षा, नाज़, जमशीदा ने कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफ़ेसर एम.के. सिंह ने किया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर मृत्युंजय कुमार, सुशील कुमार, प्रवीण कुमार, विकास कुमार, शालिनी कुमारी समेत कॉलेज के समस्त शिक्षक एवं छात्र उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय 'मशाल-2024' प्रतियोगिता 19 से 21 अगस्त तक जहानाबाद में होगी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** जिले में 'मशाल-2024' खेल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 अगस्त तक गांधी मैदान, जहानाबाद में किया जाएगा। इसे लेकर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, शिक्षा विभाग और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 आयु वर्ग के बालक-बालिकाएं भाग लेंगे, जिनका चयन प्रखंड स्तर तक की प्रतियोगिताओं से हुआ है। डीएम ने आयोजन की सफलता के लिए सुरक्षा, स्वच्छता, भोजन, आवास और चिकित्सा की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर परिषद सफाई, गृह रक्षा वाहिनी सुरक्षा, जबकि स्वास्थ्य विभाग मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। आयोजन की समन्वयक जिला खेल पदाधिकारी होंगी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, गृह रक्षा वाहिनी समादेष्टा, नगर परिषद पदाधिकारी, स्वास्थ्य समिति, स्काउट गाइड समन्वयक, प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रारंभिक स्तर पर खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें बड़ा मंच प्रदान करना है।

# धरनार्थियों को 'तरक्की' एनजीओ करेगा सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत कुटकु डैम में फाटक लगाने और मगध की धरती पर सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर लगातार 200 दिनों से धरना पर बैठे आंदोलनकारियों का रविवार को 'तरक्की' एनजीओ द्वारा सम्मान किया जाएगा। यह जानकारी धरना के अध्यक्ष अहमद रजा खान उर्फ लड्डू खान ने दी। उन्होंने बताया कि रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में विगत 200 दिनों से शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन जारी है, लेकिन अब तक प्रखंड या जिला स्तरीय किसी भी पदाधिकारी ने धरना स्थल पर आकर प्रदर्शनकारियों से बात तक नहीं की है। बावजूद इसके, उन्हें स्थानीय जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। अहमद रजा खान ने कहा कि आंदोलन को जनसमर्थन और संकल्प के बल पर आगे बढ़ाया जा रहा है। रविवार को धरने के 201वें दिन 'तरक्की' एनजीओ द्वारा धरने में लगातार शामिल साथियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा, ताकि आंदोलन को और मजबूती दी जा सके। इस अवसर पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि जब तक उत्तर कोयल नहर का पानी मगध के खेतों तक नहीं पहुंचता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार पूरी तरह से उदासीन है, न कोई प्रतिनिधि आया, न ही कोई ठोस आश्वासन दिया गया।

# गणिनाथ गोविंद जयंती की 32वीं वर्षगांठ की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के टउट खेल मैदान में शनिवार को महात्मा गणिनाथ गोविंद जयंती समारोह की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह 32वां वार्षिक समारोह आगामी 30 अगस्त को भव्य रूप से मनाया जाएगा। समारोह की सफलता के लिए समारोह समिति का गठन किया गया, जिसमें विनय कुमार गुप्ता को सर्वसम्मति से प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवमनोनीत अध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गणिनाथ गोविंद की विचारधारा और समाजसेवा को जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त को होने वाले समारोह को सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा। समिति के अन्य पदाधिकारियों में रंजीत गुप्ता कोषाध्यक्ष और धीरज कुमार सचिव चुने गए। इसके अलावा आयोजन समिति में उदय कुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार गुप्ता, अयोध्या गुप्ता, संतन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, राकेश कुमार, जीरा बाबू, कमलेश कुमार, मनोज कुमार, अशोक कुमार, पिंटू कुमार, कन्हाई कुमार, राजू कुमार और चंदन कुमार गुप्ता सहित कई स्थानीय सदस्य शामिल किए गए। बैठक में सभी सदस्यों ने समारोह को सफल बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया और समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आयोजकों ने आम लोगों से भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की है।

## सब्जी विक्रेता समेत तीन घायल, एक की हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शनिवार को रफीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मखदुमपुर पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में एक सब्जी विक्रेता सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया गया है। घटना उस समय हुई जब मखदुमपुर निवासी टिंकू साव, पिता देवनंदन साव, सड़क किनारे सब्जी ठेले पर बेच रहे थे। इसी दौरान नरसिंहपुर गांव से आ रही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टिंकू साव और दोनों बाइक सवार घायल हो गए।

# रफीगंज सीएचसी में नेत्र जांच मशीन शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शुक्रवार को नेत्र जांच के लिए अत्याधुनिक मशीन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर मशीन का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कोऑर्डिनेटर शशि कुमार की देखरेख में विजन टेक्नीशियन गौतम कुमार और ऑफ्थाल्मिक असिस्टेंट आमिर अली को नेत्र जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा एसजीआई हॉस्पिटल, पटना के सहयोग से शुरू की गई है। इसके तहत नेत्र संबंधी सभी जांचें पूरी तरह निशुल्क की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के उन मरीजों के लिए बेहद लाभकारी होगी जो आर्थिक कारणों से आंखों की जांच नहीं करा पाते हैं। इस अवसर पर बीएमई सह प्रभारी स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार सिंह, अकाउंटेंट राजेश कुमार, नीतीश कुमार, वैजयंती माला, हेलेना, प्रीति कुमारी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी एवं आमजन उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इसका लाभ उठाने की अपील की।

# प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफ़ेयर असोसिएशन की बैठक में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेल्फेयर असोसिएशन प्रखंड इकाई कुटुम्बा की एक महत्त्वपूर्ण बैठक स्थानीय आवासीय विवेकानंद पब्लिक स्कूल अम्बा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार तथा संचालन संघ के सचिव दिनेश प्रसाद ने किया। बैठक में ई-संवर्धन पोर्टल, यू-डायस, स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन, ऑनलाइन प्रक्रिया को पूर्ण कर संघीय विद्यालयों की प्रस्वीकृति के नवीकरण कराने जैसे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान इंस्पायर अवार्ड के लिए सभी विद्यालयों से कम से कम 5-5 छात्रों को रजिस्ट्रेशन कराने की बात भी कही गई। संघ के सदस्यों ने 25 प्रतिशत अलाभकारी एवं कमजोर छात्रों के लिए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने पर विभाग को धन्यवाद दिया। वहीं वैसे विद्यालय जिनके पास ऑफलाइन में नामांकित 25 प्रतिशत अलाभकारी समुह के बच्चों को सत्र 2019-20 से अब तक कोई लाभ नहीं मिल सका, इसके लिए विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया गया। अध्यक्ष ने कहा कि कोई वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से वैसे बच्चे जो ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सके थे, उन्हें भी 25 प्रतिशत का लाभ पहुंचाने का सफल प्रयास विभाग के तरफ से होना चाहिए। बैठक में शैक्षिक माहौल को और भी कैसे बेहतर बनाया जा सकता है इस विषय पर संघ के एक-एक सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। संघ को और भी मजबूत और सशक्त बनाए रखने और शिक्षा के क्षेत्र में प्राइवेट स्कूल का विशेष योगदान देने पर जोर दिया गया। बैठक में संघ के कोषाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी व आदित्य पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय कुमार, उपाध्यक्ष सह उदयन पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज पांडेय, ज्ञानोदय उच्च विद्यालय से देव कुमार पांडेय, प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान से वेद प्रकाश तिवारी, बाल प्रतियोगिता निकेतन के डायरेक्टर कुशवाहा मंटू कुमार, सच्चिदानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक धनेश कुमार, राजेश्वर उच्च विद्यालय के सचिव बैजनाथ मेहता, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सिमरा के डायरेक्टर धनंजय कुमार शर्मा, आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल के निदेशक विनय कुमार मेहता आदि उपस्थित रहे।

## आपसी विवाद को लेकर मारपीट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के कोटवारा गांव में शनिवार को आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में मोती यादव (55), लक्ष्मी देवी, सुषमा कुमारी और बिंदु कुमार शामिल हैं। सभी को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉ. अरविंद कुमार सिंह और डॉ. सुबोध कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में घायल लक्ष्मी देवी ने बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर गोतिया पक्ष से बहस हुई थी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटी-छोटी बातों को लेकर हमेशा विवाद किया जाता है और इस बार मामला हिंसक हो गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# ग्रामीण सड़कों की बदहाली, कीचड़ भरी राहों से स्कूल जाने को मजबूर छात्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा(औरंगाबाद)।** प्रखंड की ग्रामीण सड़कों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सुरखी, मायापुर, कदियाही, अदमा, हेमंजा और रतवार जैसे गांवों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। सड़क पर कीचड़ और पानी जमा होने के कारण न तो वाहन चल पा रहे हैं और न ही पैदल चलना संभव हो रहा है। मध्य विद्यालय सुरखी और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरखी के दर्जनों छात्र-छात्राएं इसी जर्जर सड़क से विद्यालय आने-जाने को मजबूर हैं। मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने बताया कि बच्चे कीचड़ भरी सड़क पर एक हाथ में बैग और दूसरे हाथ में जूता लेकर स्कूल पहुंचते हैं। कभी-कभी तो पूरी सड़क पानी से ढंक जाती है और तालाब जैसा दृश्य बन जाता है, जिससे पढ़ाई पर भी असर पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों– सुधीर शर्मा, पूर्व पैक्स अध्यक्ष बेचू सिंह, राकेश कुमार, विजय शर्मा, दिलीप कुमार, प्रवीण पासवान, रामानुज शर्मा और गौतम कुमार ने बताया कि हर चुनाव में यह सड़क मुद्दा बनती है, पर जीत के बाद जनप्रतिनिधि अपने वादे भूल जाते हैं। बारिश के मौसम में हालत और भी दयनीय हो जाती है।

# मध्य विद्यालय तरहुआ में प्रधान शिक्षक की विदाई के साथ मना सावन महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**जहानाबाद।** मखदुमपुर मध्य विद्यालय तरहुआ, मखदुमपुर में बहुप्रतीक्षित सावन महोत्सव, रक्षाबंधन एवं लोक संस्कृति पर आधारित कजरी गीत कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस दौरान शिक्षक कमलेश कुमार को प्रधान शिक्षक के पद पर नियुक्ति मिलने पर विद्यालय परिवार उनके सम्मान में विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक कविंद्र कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कमलेश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामाजिक संदेश**

कार्यक्रम के दौरान बिहार की लोक परंपरा को दर्शाते हुए बच्चों द्वारा कजरी गीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण बन गया। रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर छात्राओं ने अपने सहपाठियों को राखी बांधकर भाईचारे, सौहार्द्र और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस पहल को सभी शिक्षकों और अभिभावकों ने सराहा।उपस्थित शिक्षक और छात्र इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण अरुण चौधरी, टोनी, उमेश चौधरी, प्रतिमा कुमारी, रंजू कुमारी, सुनीता कुमारी, अनुप्रिया, सावित्री कुमारी, एवं सुषमा कुमारी सहित सभी कर्मी उपस्थित रहे।

# स्व. प्रो. टी.एन. सिन्हा की स्मृति में अनुग्रह विद्यालय को भेंट किया रेफ्रिजरेटर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मुख्यालय स्थित पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में शनिवार को एक भावपूर्ण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के पूर्व छात्र एवं बिहार सरकार में उप सचिव प्रशांत कुमार ने अपने दिवंगत पिता प्रो. टी.एन. सिन्हा की स्मृति में विद्यालय को एक रेफ्रिजरेटर भेंट किया। समारोह की अध्यक्षता राजकीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने की। इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने प्रो. सिन्हा को औरंगाबाद जिले की शिक्षा व्यवस्था का स्तंभ बताते हुए उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी। प्रो. टी.एन. सिन्हा, जो बेगूसराय से आकर औरंगाबाद में शिक्षा की नींव मजबूत करने में जुटे रहे, ने पांच दशकों से अधिक समय तक जिले में शैक्षणिक सेवा दी। उनके सुपुत्र प्रशांत कुमार ने कहा यह विद्यालय मेरी शिक्षा का आरंभिक केंद्र रहा है। पिता की स्मृति में यह छोटा सा उपहार देना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार सिन्हा, नगर पार्षद मंजरी सिंह, व्यवसायी अमिताभ कुमार उर्फ मुन्ना सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता उदय सिन्हा, अभिषेक रंजन (अभिषेक ऑटो), राजीव कुमार गुप्ता और मनोज भारती उपस्थित रहे।

# रफीगंज में लगा जनता दरबार, भूमि विवाद से जुड़े पांच मामलों का समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शनिवार को रफीगंज थाना परिसर में अंचलाधिकारी भारतेन्दु कुमार के निर्देश पर प्रभारी अंचल निरीक्षक अजीत कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। दरबार में कुल नौ मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें पांच मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया, जबकि चार मामलों में पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें नोटिस जारी किया गया। प्रभारी अंचल निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य आमजन को त्वरित और न्यायसंगत समाधान प्रदान करना है, विशेषकर भूमि विवाद जैसे मामलों में। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता दरबार के माध्यम से मामलों का कानूनी और संवैधानिक तरीके से निःशुल्क समाधान किया जाता है, जिसमें किसी प्रकार की कोर्ट फीस नहीं ली जाती। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि जमीन विवाद में आपसी झगड़े से बचें और न्यायिक प्रक्रिया के तहत मामलों का निपटारा करें। जनता दरबार से लोगों को स्थानीय स्तर पर न्याय मिल रहा है, जिससे अदालतों पर बोझ भी कम हो रहा है। शनिवार को दरबार में चार नए मामले दर्ज किए गए, जिनमें से दो मामलों का निपटारा किया गया। शेष दो में दोनों पक्षों की अनुपस्थिति के कारण नोटिस जारी कर अगली तिथि निर्धारित की गई है। वहीं, पांच पुराने मामलों में से तीन मामलों का समाधान किया गया, जबकि शेष दो में एक पक्ष की अनुपस्थिति के कारण दूसरे पक्ष को नोटिस भेजा गया है। जनता दरबार के अवसर पर थानाध्यक्ष शंभु कुमार, एसआई कन्हाई कूट, सहित कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने जनता दरबार में सक्रियता को सराहते हुए इसे समस्या समाधान का सशक्त मंच बताया।

# मतदाता सूची में त्रुटि सुधार को लेकर विशेष शिविर प्रारंभ

## एक माह तक चलेगा अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनर्निरीक्षण के उपरांत नाम, पता या अन्य विवरण में गड़बड़ी सुधारने को लेकर शनिवार से विशेष शिविर की शुरुआत हुई। भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रणव कुमार ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया, जबकि इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद युनुस सलीम ने की। भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने बताया कि जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है या जिनके नाम, पते या अन्य विवरण में त्रुटि है, वे अब एक सितंबर तक विशेष शिविरों के माध्यम से अपना आवेदन दे सकते हैं। प्रत्येक प्रखंड कार्यालय में यह शिविर प्रतिदिन आयोजित होगा, जहां मतदाता अपने नाम जुड़वाने, हटवाने अथवा संशोधन के लिए दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम में सभी प्रखंडों के कर्मचारी उपस्थित रहे। यह शिविर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूरे जिले में एक साथ प्रारंभ हुआ है। अधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे समय पर शिविर में पहुँचकर अपने मताधिकार से जुड़े दस्तावेजों को सही करवा लें ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान के अधिकार से वंचित न हों।

### 1 सितंबर तक चलेगा दावा-आपत्ति का कार्य

**बारून।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनज़र मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के उपरांत निर्वाचन आयोग द्वारा नई प्रारूप मतदाता सूची जारी की गई है। यदि किसी मतदाता के नाम, पता या किसी अन्य विवरण में त्रुटि है या किसी का नाम सूची से हट गया है, तो उसके सुधार हेतु एक बार फिर अवसर प्रदान किया गया है। इस संबंध में बारुण प्रखंड कार्यालय में शनिवार से विशेष मतदाता शिविर की शुरुआत की गई। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और उपप्रमुख प्रतिनिधि विजय कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी दी कि यह विशेष शिविर एक सितंबर तक संचालित रहेगा, जिसमें मतदाता प्रारूप मतदाता सूची को देखकर दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नवीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बारुण प्रखंड में कुल 182 मतदान केंद्र हैं, जिन पर यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हर बूथ पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे, जिनसे मिलकर मतदाता सूची से जुड़ी अपनी समस्याओं का समाधान कराया जा सकता है। ये शिविर प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे, जिसमें सोमवार से रविवार तक सातों दिन लोग भाग ले सकते हैं। चुनाव आयोग का यह प्रयास मतदाता सूची को अधिक सही और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रशासन ने सभी पात्र नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे समय रहते शिविर में जाकर अपनी जानकारी की पुष्टि कर लें ताकि उन्हें मतदान के दिन किसी तरह की असुविधा न हो।

# जलवायु संतुलन के लिए पौधे लगाना जरूरी : प्रभा सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय आलमपुर में शनिवार को एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रभा सिन्हा ने किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी शिक्षकों, छात्रों और स्थानीय लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया। प्रभा सिन्हा ने कहा कि पेड़ हमारे पर्यावरण के रक्षक हैं, जो न केवल वायु को शुद्ध करते हैं, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोकने, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने और गांवों में हरियाली लाने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने मानव जीवन में वृक्षों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, ''जीवन को बचाने के लिए प्रकृति संरक्षण और वृक्षारोपण अनिवार्य है।'' प्रधानाध्यापक ने छात्रों से अपील की कि वे अपने आसपास के खुले स्थानों पर पौधे जरूर लगाएं और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर सतत प्रक्रिया होनी चाहिए, जिसे हम सबको मिलकर आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं नीलू कुमारी, दीपा कुमारी, रेणु कुमारी, रानी कुमारी, शोभा कुमारी और सैलोनी बनर्जी, शिक्षक राहुल कुमार, तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए और पर्यावरण को बचाने की शपथ ली। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि छात्रों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल भी की।

## एक नजर

### दो वारंटी गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के गणेश टोला गांव से हत्या का प्रयास मामले में फरार अभियुक्त लव कुमार पिता संजीव दास गणेश टोला गांव से गिरफ्तार किया गया है। दरअसल बताया जाता है की आपसी विवाद को लेकर दो पक्ष में जमकर लाठी डंडे से मारपीट हुई थी, जिसमें दिनेश कुमार पिता बृजनंदन प्रसाद के द्वारा इस मामले लव कुमार को अभियुक्त बनाया गया था, इसमें वह फरार चल रहा था, जिसे पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा चपौर गांव में शराब पीकर सड़क पर हो हंगामा मचा रहे हैं निर्मल कुमार पिता श्याम बाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शराब के साथ सप्लायर धराया

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक्साइज पुलिस ने शनिवार को पुनपुन बांध के समीप स्कूटी सहीत 10 बड़े पॉलिथीन में भरे हुए तकरीबन 100 लीटर देसी शराब के साथ एक शराब सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब सप्लायर का नाम भोला कुमार पिता संजय सिंह मलसलामी पटना सिटी का रहने वाला है। जो पिपरा थाना क्षेत्र के बेहरामा चकिया से पॉलिथीन में शराब भरकर पटना में डिलीवरी किया करता था। ऐसे में एक्साइज विभाग को मिली सूचना को सत्यापन करते हुए पुनपुन बांध के पास से स्कूटी में पॉलिथीन में शराब को भरकर ले जाने वक़्त उसे रंगे हाथ दबोच है। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि यह शराब सप्लायर अक्सर पॉलिथीन में शराब भरकर पटना डिलीवरी करने के लिए जा रहा था। लगातार सूचना मिल रही थी। ऐसे में शनिवार को रंगे हाथ दबोचा गया है। ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ लगातार एक्साइज पुलिस की टीम विभिन्न चिन्हीत शराब जॉन स्थलों पर छापेमारी कर रही है।

### बिजली बोर्ड ने लगाया जागरूकता शिविर

**दनियावां (पटना) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन के विपत्र में 125 यूनिट फ्री बिजली संबंधी घोषणा के आलोक में बिजली विभाग द्वारा दनियावां बाजार में जागरूकता शिविर आयोजित की गई। इस मौके पर आयोजित शिविर में कनीय अभियंता क्राउन विकास ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से घोषित 125 यूनिट घरेलू उपभोक्ता को लाभ चालू माह से मिलने लगी है। उन्होंने उपभोक्ताओं को किसी भी अफवाह से बचने और बिजली के नाम पर आए किसी भी लिंक को खोलने से परहेज करने की सलाह दी। इस जागरूकता शिविर से बाजार के कई उपभोक्ता लाभान्वित हुए।

### मारपीट के मामले में चार गए जेल

**बारून (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारुण थाना क्षेत्र के चुरा गांव में दो दिन पूर्व हुई मारपीट की घटना ने अब नया मोड़ ले लिया है। पहले पक्ष की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद अब दूसरे पक्ष ने भी थाने में आवेदन देकर घटना की शिकायत की है। गांव के ही पिंटू कुमार द्वारा दर्ज कराई गई नई प्राथमिकी में कुल सत्रह लोगों को आरोपित किया गया है, जिनमें तेरह नामजद और छह अज्ञात शामिल हैं। आरोप में मारपीट और छिनतई का जिक्र करते हुए कहा गया है कि इस हमले में उनके परिवार के कई सदस्य घायल हुए हैं। नामजद आरोपितों में ललन सिंह, शिव प्रसाद सिंह, रमाकांत सिंह, रविकांत सिंह, विजेंद्र सिंह, चंदन सिंह, रंजन कुमार, क्लेन्द्र सिंह, राजुरंजन सिंह, दीपक कुमार, लल्लू सिंह, नितेश कुमार, मुकेश कुमार और उपेंद्र सिंह के नाम शामिल हैं। इससे पहले इसी गांव के ललन सिंह द्वारा दो दिन पूर्व पहली प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई की है। बारुण थाने के प्रभारी रंजीत कुमार के अनुसार, चुरा गांव से चार आरोपितों – नितेश कुमार, बिरेन्द्र सिंह, दीपक कुमार और शिव प्रसाद सिंह – को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### जलजमाव की स्थिति का लिया जायजा

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नप के ईओ पंकज कुमार व पार्षद के प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी धीरज कुमार यादव ने शनिवार को परिषद के विभिन्न वार्डों में जल जमाव की स्थिति का जायजा लिया. लगातार हो रही बारिश के चलते परिषद के कई वार्डों में जलजमाव की स्थिति काफी विकराल हो गई है. लोग त्राहिमाम कर रहे हैं. श्री यादव ने कहा कि नगर परिषद के लगभग सभी वार्ड में जलजमाव की स्थिति काफी विकट हो गई है. उन्होंने कहा कि परिषद के वार्ड 19,20,21 व 22 समेत आदि क्षेत्रों के जल जमाव का जायजा लिया गया है. उन्होंने नप के ईओ से युद्ध स्तर पर जल निकासी करने को कहा गया है. ताकि लोगों को जलजमाव की समस्या से निजात दिलाया जा सकेंगे। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि विजेंद्र कुमार, सफाई निरीक्षक संजय कुमार समेत पार्षद प्रतिनिधि सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने के उद्देश्य से एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन पालीगंज नगर बाजार के बाबा बोरिंग रोड़ स्थित प्रेमशिला वाटिका मैरेज हॉल में किया गया जिसकी अध्यक्षता पटना ग्रामीण के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार व संचालन जिला उपाध्यक्ष कुमुद रंजन उर्फ निकेश ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीये सह प्रभारी धन्यराज शर्मा ने संगठनित ढ़ाचा को मजगुत करने के साथ ही अगामी अगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी करने पर विस्तार से चर्चा किया तथा बुथ शक्ति करण के साथ ही पाँच सदस्यीय बुथ समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। पूर्व सांसद रामकृपाल यादव,पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा,उषा विद्यार्थी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक वर्मा, रवींद्र रंजन ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में चौमुखी विकास हो रहा है। प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रखंड और पंचायत स्तर पर सक्रिय रहकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लेकर आम लोगों के बीच जाएंगे तो भाजपा के प्रति विश्वास और जिज्ञासा दोनों बढ़ेगी ।पालीगंज विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक नारायण कुमार, भाजपा नेत्री एवं जिला पार्षद सदस्य दिव्यागुंजन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि गुप्ता, विनोद शर्मा आदि उपस्थित थे।

# प्राथमिक विद्यालय घोरहुआं मुसहरी में गिरा छत का प्लास्टर

## कमरे में घुसा बरसात का पानी, पढाई बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढी।** बरसात आते ही जर्जर विद्यालयों की स्थिति भयावह और डरावनी हो गई हैं, जहां पर प्रत्येक दिन कहीं ना कहीं विद्यालयों से छत का प्लास्टर गिरने की खबरें आ रही है। शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय सुपहली में कक्षा मे पढाई के दौरान प्लास्टर गिर गया था, जहां बच्चे बाल बाल बच गए। वहीं शनिवार को प्राथमिक विद्यालय घोरहुआं मुसहरी में भी छत का प्लास्टर गिर गया,जहाँ रसोईया बाल बाल बच गई, अन्यथा सिर पर एक बडा सा प्लास्टर गिर सकता था, जो एक बडी घटना से बच गई। इसके अलावा पूरे कक्षा में बरसात का पानी भर आया है जिसके कारण बच्चों का पठन पाठन बाधित हो गया है। नतीजतन स्कूल की छुट्टी देनी पडी। प्राथमिक विद्यालय घोरहुआं मुसहरों के प्रधानाध्यापक मंजू कुमारी ने बताया कि हमारे विद्यालय में दो कमरे हैं दोनों कमरे की स्थिति बहुत ही जर्जर है। कई बार वरीय पदाधिकारी को लिखित सूचना दिए थे कि विद्यालय का भवन बहुत ही जर्जर है अब बरसात के दिनों में पानी पूरी तरह से भर जाता है। जहाँ उठने बैठने में काफी दिक्कतें आ रही है। इसके अलावा प्लास्टर भी गिर रहा है, बच्चों को पठन-पाठन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी भी कोई बडा हादसा हो सकता है। कई बार वरीय पदाधिकारियों को इस बारे में संज्ञान दिया गया है लेकिन इस समस्या का हल नहीं निकला है। प्राथमिक विध्यालय घोरहुआं मुसहरी मे कुल 48 छात्र छात्र एवं तिन शिक्षक है। सबों की परेशानी बढ गई है।

# ओबरा महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक, कलाकारों और झांकियों से सजेगा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा।** आगामी ओबरा महोत्सव को भव्यता देने और इसे सफल बनाने के उद्देश्य से राधा कृष्ण मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया रामसेवक प्रसाद ने की। बैठक में महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में महोत्सव की तैयारी, व्यवस्थापन तथा धन संग्रह पर विशेष चर्चा की गई। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत शर्मा और सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि महोत्सव की तिथि अब निकट है, ऐसे में सभी को पूरी निष्ठा से तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि छह और सात सितंबर को दो दिवसीय महोत्सव का आयोजन तय है, जिसके लिए अब मात्र एक माह का समय शेष है। महोत्सव में नामचीन कलाकारों की प्रस्तुति, विशेष सांस्कृतिक झांकियां, तथा धार्मिक स्थलों की सजावट की योजना बनाई गई है। देवी मंदिर ओबरा, शहीद जगतपति कुमार स्मारक स्थल और भगवान बुद्ध स्थल मनोरा को आकर्षक स्वरूप देने पर भी सहमति बनी। सभा में यह निर्णय लिया गया कि समिति के सदस्य सक्रिय होकर घर-घर जाकर सहयोग राशि संग्रह करेंगे तथा समाज के प्रतिष्ठित जनों और अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित कमल किशोर पाण्डेय, कौशिक दुबे, संजय मालाकार, अतुल जायसवाल, प्रमोद भगत, मुखिया प्रतिनिधि गोबिंद अग्रवाल, आनंद किशोर पाण्डेय, शिवनारायण प्रसाद, सोनी बिंदेश्वर प्रसाद समेत अनेक लोग उपस्थित थे। बैठक में सभी ने एकजुट होकर महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

# पीपी पब्लिक स्कूल की छात्रा रिया का एनआईटी में चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** प्रकाश पुंज पब्लिक स्कूल, मसौढ़ी की छात्रा ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। साथ ही विद्यालय एवं अनुमंडल का भी नाम रोशन किया है। रिया कुमारी ने इसी विद्यालय से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा भी उतीर्ण की है। छात्रा के इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए पीपी शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ अभिराम शर्मा ने कहा कि रिया कुमारी के इस सफलता से विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। उन्होंने यह भी कहा कि एनआईटी में चयन होने वाले छात्र न केवल अपने ज्ञान और कौशल से देश का नाम रोशन करते हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनते हैं। यह उनके सतत प्रयास का फल है। वहीं छात्रा के सफलता से प्रफुल्लित पी0पी0 शैक्षणिक समूह के एकेडमिक डायरेक्टर अक्षय आनंद ने कहा कि रिया कुमारी साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं लेकिन अपनी मेहनत और लगन से इस मुकाम तक पहुंची हैं। यहाँ से निकलकर ये छात्र देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का परचम लहराएँगे। हम सभी की कामना है कि ये युवा अपने ज्ञान और कौशल से राष्ट्र निर्माण में सहायक बनें। इस मौके पर सुभाष चंद्र बोस, सुबोध कुमार, आर. एस. मिश्रा, प्रभास कुमार सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# चावल के अभाव में कई विद्यालयों में बंद हुआ एमडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय भीमपुरा में पिछले नौ दिनो से चावल के अभाव के कारण विद्यालय में मध्याह्न भोजन नहीं बनने से विद्यालय में उपस्थित 69 छात्र-छात्राओं को भूखे रहना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में कक्षा-1 से लेकर 5 तक के कुल 69 छात्र नामांकित हैं। स्कूल में पढाई कर रही छात्राओं मे जानवी कुमारी, मुन्ना कुमार, किरण कुमारी आदी बच्चों ने बताया कि हमारे स्कूल मे नौ दिनो से मध्यान भोजन नही बन रहा है। जिसके कारण अपने घर से खाना खाकर पुनः विद्यालय आते है। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि स्कूल में चावल खत्म हो जाने की सूचना एमडीएम प्रभारी को दी गई है। पिछले शुक्रवार से ही चावल के अभाव मे विध्यालय मे मध्यान भोजन नहीं बन रहा है। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि इसके अलावा 10 अन्य विद्यालयों में भी चावल आपूर्ति नहीं होने से मध्यान भोजन बंद है। जिसमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोरहुआं, प्राथमिक विद्यालय ढलकोचक, प्राथमिक विद्यालय बैरीचक, प्राथमिक विद्यालय ईशरचक, प्राथमिक विद्यालय बेर्रा बीघा, प्राथमिक विद्यालय घुकन बीघा, प्राथमिक विद्यालय महुआ बाग, प्राथमिक विद्यालय तारेगना मुसहरी एवं प्राथमिक विद्यालय सिरिपा आदि विद्यालय हैं जहां पिछले कई दिनों से मध्यान भोजन बंद है। एमडीएम प्रभारी संजीव कुमार ने बताया की आजकल में विद्यालय मे चावल की आपूर्ति हो जायेगी।

### बिजली तार चोरी करते हुए दो धराए

**दानापुर।** बीते रात थाने के बीबीगंज मैदा टोली निवासी अजय कुमार के घर से बिजली खंभे तक के बिजली तार का काट कर चोरी करते हुए स्थानीय लोगों ने दो चोर को पकड लिया. गिरफ्तार विजेश राय राम नगर कॉलोनी पांचुचक व राजा कुरैसी उर्फ राहुल इमलीतल दानापुर के निवासी है. गिरफ्तार विजेश व राजा के पास से चोरी का तार व कट्टर बरामद किया गया है. दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया है. इस संबंध में अजय कुमार ने स्थानीय थाना में विजेश व राजा कुरैसी के विरूद्ध नामजद मामला दर्ज कराया गया है. उन्होंने बताया कि पिछले 29 जुलाई के रात मेरे घर से चोरों ने गैस सिलिंडर चोरी कर ले गये थे. जो सीसीटीवी कैमरे में चोरों का तस्वीर कैद हो गया था. इसके बाद भी चोरों का सुराग नही लगा है. थानाध्यक्ष ने बताया कि दो चोर को पकडकर पुलिस के हवाले किया गया है. गिरफ्तार विजेश व राजा कुरैसी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बैट्री चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर बाजार के समीप एमजीसीपीएल रेलवे डिपो से बैटरी चोरी कर रहे चोर को स्थानीय लोगों ने रंगे हाथ दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस ने ट्रक से बैटरी चोरी करते युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम रोशन कुमार पिता परमानंद यादव साकिन जियाउद्दीन चक है, जो रेलवे डिपो के पास खड़ी हुई ट्रक की बैटरी चोरी करते वक्त पकडे गये है। थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की बैट्री चोर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है, इसके साथ कुल तीन युवक थे जो रेलवे डिपो में खड़ी हुई ट्रैकों का बैटरी खोलने का प्रयास कर रहे थे हालांकि दो चोर भागने में सफल रहे एक चोर पकड़ा गया है।

# लोन नहीं लौटाने पर फार्म हाउस को दंडाधिकारी ने किया सील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत ऋण वसूली एवं संपत्ति के भौतिक कब्जा के तहत मसौढ़ी थाना क्षेत्र के दीघवां महादेवपुर गांव स्थित सन्यासी रेड फार्म हाउस को दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रभात रंजन एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी और पुलिस प्रशासन के समक्ष उसे सील कर दिया गया है। दंडाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया की सन्यासी रेड फार्म हाउस जो रेड संन्यासी और पंकज कुमार सिंह पिता स्वर्गीय चंदेश्वर प्रसाद दिघवां महादेवपुर प्लॉट संख्या 1253, खाता संख्या 49 थाना नंबर 219 के तहत 1 एकड़ 33 डेसिमल के जमीन पर केनरा बैंक से 15 लाख और 10 लाख का ऋण लिया था। लेकिन ससमय नहीं लौटने पर सरफ़ेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उनके एक एकड़ एक डिसमिल पर बने हुए भवन को सील कर दिया गया है। दंडाधिकारी ने बताया कि उनकी सुनवाई डीएम के यहां हुई थी, जिसे बैंक द्वारा ताकिद नहीं किया गया है। फिलहाल सील किए क्षेत्र को 30 दिनों तक बैंक के अधीन रहेगा।

# पालीगंज में मतदाता सूची पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पालीगंज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम के तहत 2 अगस्त को पालीगंज अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी पालीगंज ने की। इस बैठक में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और मतदान केंद्र स्तरीय परीक्षक उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि 'कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं। 2 अगस्त से 19 अगस्त तक प्रतिदिन (सोमवार से रविवार) सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रखंड, अंचल और नगर पंचायत कार्यालयों में विशेष मतदाता कैंप आयोजित किए जाएंगे। 3 अगस्त रविवार को सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ के माध्यम से विशेष कैंप लगाया जाएगा। जिन मतदाताओं ने अभी तक आवश्यक दस्तावेज नहीं दिए हैं, उनके दस्तावेज लेकर बीएलओ एप पर अपलोड किया जाएगा। वर्ष 2003 के मतदाता और उनके आश्रित बच्चों (डिपेंडेंट) की जानकारी को अपडेट व फ्लैग किया जाएगा मृत, विस्थापित और दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं का सत्यापन कर फॉर्म भरकर बीएलओ एप पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। महादलित टोलों में विकास रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी इन सभी गतिविधियों का पालन सुनिश्चित करें ताकि मतदाता सूची पूरी तरह से अद्यतन और सटीक हो।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर रेल पुलिस सतर्क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## सिविल ड्रेस में हो रही गश्त

**मसौढ़ी।** स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा को लेकर तारेगना रेल पुलिस अलर्ट मोड में आ चुकी है। इसके अलावा प्रमुख ट्रेनों में रेल पुलिस सहित अतिरिक्त बलों की तैनाती कर दी गई है। सादे कपड़े में जवान लगातार गश्त कर रहे हैं। वहीं ट्रेन सहित स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में जांच अभियान चला रही है। रेल पुलिस के वरीय अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। इसमें आरपीएफ के जवानों की भी मदद ली जा रही है। स्वतंत्रता दिवस पर सुरक्षा के इंतजाम को लेकर रेलवे पुलिस सतर्क है। रेलवे की आरपीएफ और जीआरपी पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन और ट्रेनों पर सघन निगरानी की जा रही है। तारेगना रेल थानाध्यक्ष राजु कुमार दुबे ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के अलावा श्रावणी और मलमास मेला चल रहा है। इस दौरान सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। तारेगना स्टेशन,नदौल स्टेशन के अलावा पुनपुन एवं. पोठही इत्यादि स्टेशनों पर विशेष चौकसी बरती जा रही है। यह प्रयास है कि असामाजिक तत्व अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सकें। और लगातार रेलवे के केसेज मे फरार चल अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी तेज कर दि गई है।खासकर नदौल स्टेशन पर ज्यादा खास चौकसी बरती जा रही है। दिन और रात की पेट्रोलिंग टाईट कर दी गई है।

# किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त के हस्तानांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** प्रधानमंत्री के द्वारा किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त वाराणसी उत्तर प्रदेश से जारी किया गया जिसका लाइव टेलीकास्ट कृषि विज्ञान केन्द्र, बाढ़, पटना के प्रांगण में किसानों के बीच प्रसारित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय जिला पार्षद, बाढ़ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए एवं अपने संबोधन में उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं में अपनी भागीदारी एवं लाभ लेने की चर्चा की। इस कार्यक्रम में श्री राजेश सिंह राजू, जिला उपाध्यक्ष, भाजपा ने उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनाए जन धन योजनाए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी। इस मौके पर केन्द्र की प्रधान डॉ रीता सिंह ने उपस्थित किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने हेतु जमा किये गये दस्वेजों को अच्छी तरह जाँच लेनी चाहिए साथ हीं साथ किसानों को ई.के वाई सी आवश्यक रूप से करवानी चाहिए। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये किसानों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के उदबोधन से लाभान्वित हुए एवं सभी किसानों ने कार्यक्रम को काफी को सराहा। इस कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की ओर से लगभग 21000 करोड़ की राषि 9.7 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में भेजे गये। इस कार्यक्रम में जिले के 177 किसानों ने भाग लिया।

CMYK

# दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की टीम घोषित

## ईशान किशन कप्तान, अभिमन्यु उप-कप्तान



नईदिल्ली (एजेंसी)। दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम की कमान भारतीय टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को उप-कप्तान बनाया गया है। टीम में कई उल्लेखनीय खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए आकाश दीप, और युवा प्रतिभाशाली रियान पराग शामिल हैं। इसके अलावा, बिहार के 14 वर्षीय अंडर-19 खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में जगह दी गई है।

**शमी ने आईपीएल 2025 में खेला था अपना आखिरी मैच** - भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से उबरने के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी बार आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला था, जहां नौ मैचों में छह विकेट लिए थे। उनका आखिरी प्रथम श्रेणी (फर्स्ट-क्लास) मैच नवंबर 2024 में रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए था, और आखिरी टेस्ट जून 2023 में खेला था। शमी की अनुभवी गेंदबाजी ईस्ट जोन के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकती है।

### ईशान किशन ने काउंटी चैंपियनशिप में बनाए थे दो अर्धशतक

- **ईशान किशन (कप्तान)**- भारतीय टीम से बाहर चल रहे ईशान किशन ने हाल ही में नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन-1 में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दो अर्धशतक बनाए, जिसके चलते उन्हें ईस्ट जोन का नेतृत्व करने का मौका मिला है। किशन की कप्तानी और विकेटकीपिंग के साथ-साथ उनकी आक्रामक बल्लेबाजी टीम के लिए अहम होगी।
- **अभिमन्यु ईश्वरन (उप-कप्तान)**- अनुभवी सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड दौरे पर हैं। उनकी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी और अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण होगा।

**आकाश दीप** - इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए तेज गेंदबाज आकाश दीप का हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। उनकी गति और स्विंग गेंदबाजी विपक्षी बल्लेबाजों के लिए चुनौती पेश करेगी।

**झरियान पराग** - युवा ऑलराउंडर रियान पराग अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। घरेलू क्रिकेट में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें इस टीम में जगह दिलाई है।

**मुकेश कुमार** - अनुभवी तेज गेंदबाज मुकेश कुमार भी टीम का हिस्सा हैं। उनकी सटीक लाइन और लेंथ विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है।

# हेनरी का कहर, न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे को पहले टेस्ट में 9 विकेट से हराया

**बुलावायो (एजेंसी)।** मैट हेनरी (कुल नौ विकेट) और मिचेल सैंटनर (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन जिम्बाब्वे को 9 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में कल के दो विकेट पर 31 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज मैच के तीसरे दिन सुबह के सत्र में विलियम ओरूक ने निक वेल्च (चार) और विनसेंट मसेकेसा (दो) को आउटकर जिम्बाब्वे पर दबाव बनाने का प्रयास किया। लेकिन इसके शॉन विलियम्स और कप्तान क्रेग इरविन ने संभलकर खेलते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई।

मिचेल सैंटनर ने शॉन विलियम्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। शॉन विलियम्स ने 66 गेंदों में छह चौके लगाते हुए 49 रनों की पारी खेली। इसके बाद मैट हेनरी ने क्रेग इरविन (53 गेंदों में 22 रन) और सिकंदर रजा (पांच) को अपना शिकार बना लिया। न्यूमैन न्यामहुरी (एक), ब्लेसिंग मुजारबानी (19) और टी तिसगा (27) को आउटकर जिम्बाब्वे को 67.1 ओवर में 165 के स्कोर पर समेट दिया।

न्यूजीलैंड को जीत के लिए आठ रनों का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सैंटनर ने चार विकेट लिए। विलियम ओरूर्क और मैट हेनरी को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने महज एक ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाकर मुकाबला 9 विकेट से अपना नाम कर लिया। मैट हेनरी को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

इससे पहले जिम्बाब्वे पहली पारी में 149 रन के स्कोर पर ढेर हो गई थी। मैट हेनरी ने छह और नेथन स्मिथ ने तीन विकेट लिये थे। वहीं न्यूजीलैंड ने पहली पारी में डेवोन कॉन्वे (88) और डैरिल मिचेल (80) की शानदार पारियों की मदद से 307 रनों का स्कोर खड़ा कर 158 रनों की बढ़त ले ली थी।

# सिराज एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के टॉप विकेट टेकर

## इंग्लैंड का भारत के खिलाफ तीसरा सबसे तेज शतक, प्रसिद्ध-रूट के बीच बहस, बने कई रिकॉर्ड्स



**द ओवल (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का आखिरी टेस्ट द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। मुकाबले का दूसरा दिन था। दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 75 रन बना कर 52 रन की लीड ले ली है। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट झटके। इसी के साथ सिराज एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर बन गए। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा की जो रूट के साथ बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि अंपायर को बीच-बचाव करना पड़ा। इंग्लैंड ने टेस्ट में भारत के खिलाफ सबसे तेज फिफ्टी लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। टीम ने 51 रन 7 ओवर में बनाए। यह भारत के खिलाफ किसी टीम द्वारा पहली पारी में सबसे तेज 50 का संयुक्त रिकॉर्ड हैं। ऑस्ट्रेलिया ने भी 2011/12 में पर्थ में अपनी पहली पारी के सातवें ओवर के अंत तक 51 रन बनाए थे। मोहम्मद सिराज ने पहली पारी में इंग्लैंड के हैरी ब्रूक को बोल्ड किया। यह विकेट लेते ही वे एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के हाईएस्ट विकेट टेकर बन गए। उनके नाम अब 18 विकेट हो गए हैं।

- **इंग्लैंड की भारत के खिलाफ तीसरी सबसे तेज सेंचुरी** - इंग्लैंड ने टेस्ट में भारत के खिलाफ तीसरा सबसे तेज शतक लगाया। टीम ने 14.4 ओवर में 101 रन बना लिए। भारत के खिलाफ इससे तेज शतक ऑस्ट्रेलिया ने 2011-12 पर्थ में 14.0 ओवर में और बांग्लादेश ने 2007 में मीरपुर में 14.1 ओवर में बनाए थे।
- **डकेट-क्रॉली ने भारत के खिलाफ सबसे बड़ी इंग्लिश ओपनिंग पार्टनरशिप की**- डकेट और क्रॉली की जोड़ी ने भारत के खिलाफ ओपनिंग के तौर पर 18 पारियों में 984 रन जोड़े हैं। यह भारत के खिलाफ किसी भी इंग्लिश ओपनिंग जोड़ी द्वारा सबसे ज्यादा रन हैं। डकेट और क्रॉली ने एलिस्टेयर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस की जोड़ी का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 20 पारियों में मिलकर 932 रन बनाए थे।

### क्रॉली-डकेट ने 8वीं बार भारत के खिलाफ 50+ स्कोर बनाया

भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में ओपनिंग जोड़ी के तौर पर सबसे ज़्यादा 50 से अधिक रनों की साझेदारी करने का रिकॉर्ड ज़ैक क्रॉली और बेन डकेट तथा गॉर्डन ग्रीनिज और डेसमंड हेन्स के नाम संयुक्त रूप से है। दोनों जोड़ियों ने 8-8 बार 50+ की साझेदारी की है। इनके बाद इंग्लैंड की ही एलिस्टेयर कुक और एंड्रयू स्ट्रॉस की जोड़ी है, जिन्होंने 7 बार यह कारनामा किया। ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन और जस्टिन लैंगर तथा बिल लॉरी और बॉब सिम्पसन की जोड़ियों ने भी भारत के खिलाफ टेस्ट में 7-7 बार 50 या उससे ज्यादा रन की ओपनिंग साझेदारी की है।

### रूट भारत के खिलाफ किसी एक देश में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर

जो रूट के भारत के खिलाफ 2 हजार रन पूरे हुए। किसी एक देश में भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं। रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया में भारत के खिलाफ 1893 रन बनाए थे।

### आकाश दीप की पहली फिफ्टी

भारत ने ओवल टेस्ट के तीसरे दिन 3 विकेट पर 181 रन बना लिए थे। शनिवार के पहले सेशन में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 3 विकेट पर 155 रन बना लिए हैं। तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी थी। आकाश दीप ने टेस्ट करियर की पहली फिफ्टी पूरी कर ली थी। इंडिया ने शनिवार 181/3 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 153 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए।

# पांचवां टेस्ट पर शास्त्री और पोंटिंग ने भारतीय टीम को बताया इंग्लैंड पर दबाव बनाने का तरीका




**ओवल (एजेंसी)।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर भारत को शुक्रवार को द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के चल रहे पांचवें टेस्ट में वापसी करनी है तो उसे दोनों छोर से दबाव बनाने के लिए एक सख्त लाइन और लेंथ बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। लंच ब्रेक तक इंग्लैंड का स्कोर 16 ओवर में 109/1 हो गया था और वह भारत से 115 रन पीछे है। जैक क्रॉली और ओली पोप क्रमशः 52 और 12 रन बनाकर नाबाद हैं। क्रॉली ने बेन डकेट के साथ पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी भी की जिन्होंने तेजी से 43 रन बनाए। भारत के तेज गेंदबाज अपनी लाइन और लेंथ पर सही पकड़ नहीं बना पाए और 21 चौके खा गए।

शास्त्री ने लंच ब्रेक के दौरान कहा, खेल आगे बढ़ गया है और भारत की धज्जियां उड़ गई हैं। उन्होंने 20 रन पर चार विकेट गंवा दिए और फिर इंग्लैंड ने इतनी तेजी से रन बनाए। यह भारत के लिए चिंताजनक है, इसलिए वे बैठकर कहेंगे, चलो इस पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि हम कहां गेंदबाजी करना चाहते हैं।बल्लेबाज अलग-अलग तरीके आजमाएंगे, लेकिन भारत को एक लाइन और लेंथ पर टिके रहना होगा और दोनों छोर पर दबाव बनाना होगा, ज्यादा कोशिश नहीं करनी होगी।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी बताया कि भारत ने इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेलने के लिए शॉर्ट-बॉल का पर्याप्त इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा, डकेट और क्रॉली गेंदबाजों को उनकी लेंथ से भटका सकते हैं, और मुझे नहीं लगता कि भारत ने नई गेंद से पर्याप्त फुल लेंथ गेंदबाजी की है। उन्होंने पर्याप्त बाउंसर भी नहीं फेंके हैं, जिसके बारे में हमने पिछले मैच (ओल्ड ट्रैफर्ड में) में बात की थी। पोंटिंग ने कहा, उन्होंने बल्लेबाजों को पीछे धकेला नहीं और उन्हें सोचने पर मजबूर नहीं किया। इंग्लैंड इससे ज़्यादा कुछ और नहीं मांग सकता था। भारत के नजरिए से निराशाजनक बात यह है कि गेंद ने कितना कुछ किया है और वे उसका बिल्कुल भी इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। हमने पिछले 4-5 सालों में इंग्लैंड को आगे बढ़कर खेल को आगे ले जाते देखा है, और आज उन्होंने यह बखूबी किया। उन्होंने लगभग 7 रन प्रति ओवर की दर से रन बनाए हैं।

# एशिया कप से पहले टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में खेलेगा पाकिस्तान, अफगानिस्तान और यूएई से सीरीज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान 29 अगस्त से शुरू होने वाली टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के साथ भिड़ेगा। यह श्रृंखला सितंबर में एशिया कप से पहले खेली जाएगी, क्योंकि उपमहाद्वीप की टीमें अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही हैं। पहले मैच में पाकिस्तान का सामना पिछले साल के टी20 विश्व कप सेमीफाइनलिस्ट अफगानिस्तान से होगा। तीनों टीमें दो-दो बार आमने-सामने होंगी और शीर्ष दो टीमें 7 सितंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी। दोनों टीमें शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 5 बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुकी हैं, जिसमें पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को तीन बार हराया है, जबकि अफगानिस्तान दो बार विजयी रहा है। पाकिस्तान इस समय वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20आई सीरीज खेल रहा है, जहां उसे अपने पिछले मैच में बांग्लादेश से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा था। इस बीच अफगानिस्तान ने आखिरी बार दिसंबर में टी20आई में हिस्सा लिया था, जब उसने जिम्बाब्वे को तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया था। यूएई भी मई में बांग्लादेश के खिलाफ यादगार टी20द्ध सीरीज जीत के बाद इस टूर्नामेंट में शामिल हो रहा है।

### त्रिकोणीय सीरीज का कार्यक्रम- (सभी मैच शारजाह में)

29 अगस्त - अफगानिस्तान बनाम पाकिस्तान।
30 अगस्त - यूएई बनाम पाकिस्तान।
1 सितंबर - यूएई बनाम अफगानिस्तान।
2 सितंबर - पाकिस्तान बनाम अफगानिस्तान।
4 सितंबर - पाकिस्तान बनाम यूएई।
5 सितंबर - अफगानिस्तान बनाम यूएई।
7 सितंबर - फाइनल।

# क्रिकेटर रिंकू सिंह को नही मिलेगी बेसिक शिक्षा विभाग की नौकरी

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह को बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बीएसए पद पर नियुक्ति में उनकी शैक्षिक योग्यता आड़े आ रही है, जिसके चलते उनकी फाइल रोक दी गई है। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि आगे जो भी निर्देश होंगे, उस आधार पर कदम उठाए जाएंगे। खेलों के लिए सुविधाओं के विकास और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। झविगत आठ सालों में एक तरफ ग्रामीण स्तर तक स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हुआ है तो दूसरी तरफ पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानजनक पुरस्कार राशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी की सुविधा दी जा रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों के माध्यम से देश-प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने के मामले में उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है। इसी क्रम में एक माह पहले पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने 11 खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों में नौकरी ऑफर किया था, जिसमें रिंकू सिंह को बेसिक शिक्षा अधिकारी के पद पर जॉइनिंग करने की संस्कृति की गई थी।

रिंकू सिंह की नौकरी में सबसे बड़ी बाधा उनकी शैक्षिक योग्यता आड़े आ रही है। इस बारे में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि रिंकू सिंह की फाइल मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई थी, पर शैक्षिक योग्यता न होने से रोक दी गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल का कहना है कि रिंकू सिंह से उनकी शैक्षिक योग्यता के डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करने के लिए पत्र भेजा गया था। जिसके बाद पूरी फाइल मुख्यमंत्री को संस्तुति के लिए भेजी गया थी। लेकिन शैक्षिक योग्यता की कमी के चलते फाइल रोक दी गई है।

उनका कहना है कि अभी उनके नौकरी की प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। आगे जो भी निर्देश होंगे, उससे अवगत कराया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार बीएसए पद पर तैनाती के लिए अभ्यर्थी को




पोस्ट ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। स्पोर्ट्स कोटा के तहत रिंकू सिंह को यह पद पर नौकरी ऑफर किया गया था मगर मौजूदा समय रिंकू सिंह केवल कक्षा आठवीं पास है। यदि इस पद पर नियुक्ति मिल भी जाती तो उन्हें सात साल के अंदर पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री हासिल करनी पड़ती। पर उनकी मौजूदा शैक्षिक योग्यता और सरकार द्वारा तय समय अवधि की सीमा में योग्यता पूरी नही हो सकती है। यही वजह है कि उनकी नियुक्ति को फिलहाल, रोक दिया गया है।

# शार्दुल ठाकुर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, दलीप ट्रॉफी में पश्चिमी क्षेत्र टीम की करेंगे कप्तानी



**मुम्बई (एजेंसी)।** पश्चिम क्षेत्र चयन समिति ने आगामी दलीप ट्रॉफी मैचों के लिए शार्दुल ठाकुर को 15 सदस्यीय टीम का कप्तान नियुक्त किया है। बीकेसी स्थित एमसीए की शरद पवार इंडोर क्रिकेट अकादमी में आज हुई चयन बैठक के बाद शार्दुल ठाकुर को कप्तान बनाये जाने की घोषणा की गई। टीम में मुंबई के 7 खिलाड़ी, गुजरात के 4, महाराष्ट्र और सौराष्ट्र के 2-2 खिलाड़ी को जगह दी गई हैं। टीम में ठाकुर के अलावा मुंबई के बड़े नामों में यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर और सरफराज खान शामिल हैं। महाराष्ट्र के रुतुराज गायकवाड़ भी टीम का हिस्सा हैं। अजिंक्य रहाणे और चेतेश्वर पुजारा को टीम में जगह नहीं मिली है।

मुंबई क्रिकेट संघ के संजय पाटिल की अध्यक्षता वाली समिति ने सात अतिरिक्त खिलाड़ियों की एक विस्तृत सूची भी जारी की है जिसमें महेश पिठिया, शिवालिक शर्मा, मुकेश चौधरी, सिद्धार्थ देसाई, चिंतन गजा, मुशीर खान और उर्विल पटेल शामिल हैं। टूर्नामेंट 28 अगस्त को दो क्वार्टर फाइनल के साथ शुरू होगा। सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश पाने वाली पश्चिम क्षेत्र की टीम चार सितंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फाइनल 11 सितंबर से खेला जाएगा। सभी मैच बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पर होंगे।

### पश्चिम क्षेत्र की टीम इस प्रकार है

शार्दुल ठाकुर (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, आर्य देसाई, हरविक देसाई, श्रेयस अय्यर, सरफराज खान, रुतुराज गायकवाड़, जयमीत पटेल, मनन हिंगराजिया, सौरभ नवले, शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, धर्मेंद्र जडेजा, तुषार देशपांडे और अरजान नागवासवाला।

# विश्व शतरंज चैंपियन दिव्या को मिले तीन करोड़ रुपए

**नागपुर, एजेंसी।** दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। 19 साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं। दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपये का चेक सौंपा।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई फैंस सदमे में!

# पहलवान की मौत के बाद हुआ चौंकाने वाला खुलासा, कैंसर की बीमारी से लड़ रहे थे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पिछले गुरुवार को दुनिया को अलविदा कह गए डब्ल्यूडब्ल्यूई दिग्गज हल्क होगन के निधन को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। अब तक यही माना जा रहा था कि 71 साल की उम्र में उनका निधन कार्डियक अरेस्ट से हुआ था लेकिन हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट के मुताबिक वो लंबे समय से कैंसर से जंग लड़ रहे थे।

**कैंसर की जंग लड़ रहे थे हल्क होगन** - रिपोर्ट में बताया गया है कि हल्क होगन को एएफआईवी (अतालता) की समस्या थी जिसके कारण उनके दिल की धड़कन में लगातार उतार-चढ़ाव आ रहा था लेकिन इससे भी बड़ी बात यह है कि निधन से पहले वो ल्यूकीमिया सीएलएल नाम के एक गंभीर कैंसर से भी जूझ रहे थे। यह एक प्रकार का कैंसर है जो सफेद रक्त कोशिकाओं (वाइट ब्लड सेल्स) को प्रभावित करता है। होगन ने अपनी बीमारी को फैंस और आम जनता से छुपा कर रखा था जिससे सभी यही मानते थे कि वो पूरी तरह फिट हैं।

**गर्दन की सर्जरी के बाद बिगड़ी थी हालत** - रिपोर्ट के अनुसार मई 2025 में हुई गर्दन की सर्जरी के बाद उनकी हालत और भी ज़्यादा खराब हो गई थी। इसके बाद उन्हें दिल की समस्या हुई और 71 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। होगन की बीमारी को लेकर किसी को कोई जानकारी नहीं थी जिससे यह खुलासा उनके फैंस के लिए एक बड़ा झटका है। द हल्कस्टर% के निधन के बाद डब्ल्यूडब्ल्यूई ने अपने तीनों शोज स्मैकडाउन रा और नेक्स में उन्हें श्रद्धांजलि दी। होगन के सम्मान में 10 बेल सेल्यूट का आयोजन किया गया और इस दौरान कई सुपरस्टार्स की आंखें नम थीं। डब्ल्यूडब्ल्यूई और प्रोफेशनल रेसलिंग को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने में हल्क होगन का बहुत बड़ा योगदान है जिसे कोई नहीं भूल सकता। भले ही वो बाद में कुछ विवादों में रहे हों लेकिन रिंग में उनका योगदान ।

# थाना की खिड़की तोड़ चार आरोपित फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चोरी के आरोप में बंद दो नाबालिग समेत चार आरोपित देवकुंड थाना की खिड़की तोड़कर फरार हो गए। यह घटना पुलिस की निगरानी व्यवस्था और थाना की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। सभी आरोपियों को लॉकेट चोरी और खरीदने के मामले में बुधवार को पकड़ा गया था। दरअसल मामला थाना क्षेत्र के श्रावणी मेला की है जहां से 31 जुलाई को दो विधि विरुद्ध किशोरों को दुकान में सोये एक दुकानदार के गर्दन से सोने की लॉकेट काटने के आरोप में ग्रामीणों द्वारा पकड़ा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया था। तलाशी के क्रम में विधि विरुद्ध किशोरों के पास से चोरी का लॉकेट और अज्ञात बाइक का तीन सेट चाभी



बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में विधि विरुद्ध किशोरों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया। अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर चोरी किया करते थे। घटना में संलिप्त अन्य दोनों व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़कर थाना लाया। तलाशी के क्रम में उनके पास से चोरी के चार मोबाइल फोन बरामद किया गया। पकड़े गये चारो व्यक्तियों को सिरिस्ता कक्ष में रखा गया था लेकिन सभी खिड़की को तोड़कर भाग निकले। इसके बाद इनकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। मामले में पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा घटना में हुई लापरवाही के खिलाफ़ सख्ती बरती है। जांच की जिम्मेदारी दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास को सौपी गई है। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि जांचोपरांत लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि घटना के बाद पूरे क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। थाना से आरोपितों का फरार हो जाना और फिर पुलिस का महिलाओं पर सख्ती, इन दोनों पहलुओं ने पुलिस की कार्यशैली को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में किस तरह की कार्रवाई करता है और कैसे जनता के भरोसे को बहाल किया जाता है।

# दावा-आपत्ति निराकरण के लिए डीएम ने किया विशेष कैंप का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** निर्वाचन सूची के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 2 अगस्त से 1 सितंबर तक दावा और आपत्ति प्राप्त करने हेतु सदर प्रखंड परिसर में विशेष कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया। वहीं 224-रफीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह-उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा अपने विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर प्रखंड में विशेष कैम्प का उद्घाटन किया गया। इसी प्रकार 219-गोह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा गोह प्रखण्ड, 220-ओबरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-दाउदनगर के भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा दाउदनगर, 221-नबीनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-औरंगाबाद के भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा नबीनगर, 222-कुटुम्बा (अ.जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के



निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-औरंगाबाद के अपर समाहर्ता द्वारा कुटुंबा एवं 223-औरंगाबाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा देव प्रखण्ड में विशेष कैम्प का उद्घाटन किया गया। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक द्वारा प्रखण्ड रफीगंज जबकि शेष प्रखंडों में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विशेष कैम्प का उद्घाटन किया गया। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के क्रम में निर्वाचक सूची के प्रारूप प्रकाशन के उपरांत दावा और आपत्ति प्राप्त करने हेतु सभी प्रखंडों में विशेष कैम्प का उद्घाटन किया गया तथा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रेषित दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित रहें।

# कांग्रेस नेता यमुना प्रसाद सिंह का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद सिंह का असामयिक निधन शनिवार को हो गया। अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक आवास पर लोगों का तांता गया। उनके निधन से औरंगाबाद जिले के राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में शोक की लहर है। उनका अंतिम संस्कार मुखाग्नि बड़े पुत्र व सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने दिया। लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हमने एक ऐसे जन नेता को खो दिया है जो आजीवन सादगीपूर्ण ढंग से आमलोगों के लिए संघर्ष करते रहे। उनका अचानक चले जाना हम सभी के लिए व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने



समाज और राजनीति में जो योगदान दिया, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उनके निधन पर बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री राम ने अपने शोक संदेश में कहा कि यमुना सिंह एक सहज, सरल, कर्मठ और समाजसेवी व्यक्ति थे। कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, पार्टी के वरिष्ठ नेता मोतीलाल शर्मा, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, अजय चौधरी ने भी यमुना सिंह के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के उपाध्यक्ष डॉ सुरेश पासवान ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि समाजसेवी व सदर विधायक आनंद शंकर सिंह के पिता यमुना सिंह के असमय निधन की ख़बर सुनकर मर्माहत हूं। स्व. सिंह एक नेक दिल इंसान के साथ गरीब एवं आम जनो से मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। वे ग़रीबों की सेवा में समर्पित रहते थे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में जे पी सेनानी अजय श्रीवास्तव, सत्यनारायण सिंह, इमरोज़ आलम, जगदीश यादव, सत्येन्द्र सिंह, कमला प्रसाद, मो. नेजामुदीन, कन्हाई साव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# महान संत थे गोस्वामी तुलसीदास : सुरेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित विद्या निकेतन के सभागार में 'संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास' की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास के चित्र पर पुष्प वर्षा, दीप प्रज्ज्वलन कर उनका पूजन किया। विद्या निकेतन के अकाउंटेंट रामानुज दुबे ने मंत्रोच्चारण कर तुलसीदास के जीवन मूल्यों को प्रशस्त किया। सुरेश कुमार गुप्ता ने कहा कि संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास एक महान संत हुए, जिन्होंने जीवन के उद्देश्यों को लोगों को बताया। बताया कि मानव सेवा, गरीबों की



सेवा और भगवान राम के बताए गए मार्गों पर चलकर हीं अपने जीवन की सार्थकता को साबित कर सकते हैं। टेक्निकल एडवाइजर इंजीनियर विनय प्रकाश ने बताया कि हमें उनके बताएं रास्ते पर चलना चाहिए और अपने जीवन को कामयाब बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। डिप्टी सीइओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास आज पूरे भारतवर्ष के लिए एक आदर्श हैं। उनके बताएं मार्गों पर आज पूरा विश्व बंधुत्व भावना के साथ कड़ी दर कड़ी जुड़ा हुआ है। हम सबको भी उसी कड़ी में जुड़ जाना चाहिए। सीइओ आनंद प्रकाश ने कहा कि भगवान श्री राम हम सबों के आदर्श हैं और भगवान श्री राम की जीवनी को हम सभी रामचरितमानस में अध्ययन करते हैं और आज उस महामानव को याद कर रहे हैं जो श्री रामचरितमानस को लिखा और सुविचारों से युक्त पाठ प्रदर्शक के रूप में पूरे मानव जाति के बीच अपने आप को स्थापित किया। मौके पर विद्या निकेतन के प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार, शिक्षक राजेश पांडे, सुरेश प्रसाद, गिरिजा ठाकुर, सुमित कुमार सोनी, अखिलेश कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, रामारानी जैन, सुमन कुमारी, श्रेया कुमारी, फिरदौश नाज़, रिया कुमारी, शोभा कुमारी, अकाउंटेंट अनिल कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर रौशन कुमार, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## आहर में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**मदनपुर (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के जलवन आहर में डूबने से दो दिनों में दो व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतक की पहचान खुट्टीडीह निवासी 60 वर्षीय सत्येन्द्र शर्मा के रूप में की गई है। घटना को लेकर बताया गया कि सत्येन्द्र शर्मा धान की खेत की ओर गए थे, जहां से देर शाम तक वापस नहीं लौटने के बाद परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी क्रम में उनका शव आहर में मिला। घटना को लेकर मृतक के पुत्र प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि उनके पिता देर शाम खेत की ओर निकले थे। उनका शव आहर से बरामद किया गया है। मां की मौत सात साल पहले हो गई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है।

# सरकारी अस्पताल में ट्रेनिंग के दौरान छात्रों से नहीं लिया जाए शुल्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के निर्वाचित सदस्य विकास कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने बिहार में फार्मेसी कर रहे छात्रों से सरकारी अस्पताल में ट्रेनिंग के दौरान 2000 का शुल्क नहीं लेने की मांग की है। बिहार स्टेट फार्मेसी काउंसिल के निर्वाचित सदस्य विकास कुमार सिंह ने कहा है कि डिप्लोमा फार्मेसी कर रहे छात्रों को अंतिम वर्ष में तीन माह का हॉस्पिटल ट्रेनिंग कराया जाता है। वहीं बैचलर फार्मेसी में भी एक माह का हॉस्पिटल ट्रेनिंग कराया जाता है। सभी राजकीय अस्पतालों/ चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पतालों में ये ट्रेनिंग दिया जाता है तथा 2000 रुपए का शुल्क हेल्थ डिपार्टमेंट के पत्रांक संख्या 17/एफ़1-20/2021..183(17)-तथा दिनांक–6/05/2022 के तहत छात्रों से लिया जाता है जबकि नीतीश कुमार के द्वारा चलाये जा रहे मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को आर्थिक मदद दिया जा रहा है। ऐसे में श्री सिंह ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि सरकारी अस्पतालों में ट्रेनिंग कर रहे छात्रों से लिए जा रहे 2000 शुल्क को खत्म करते हुए मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना से जोड़ कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान किया जाये।



# डिवाइडर से टकराई कार, दंपति समेत तीन गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एनएच-19 पर ओरा पुल के समीप चालक को अचानक झपकी आने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर बीच सड़क पर पलट गई जिसमें चालक सहित 3 लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। यायलों की पहचान रिसियप थाना क्षेत्र के घेउरा निवासी 62 वर्षीय राजेश मिस्त्री, 55 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी के रूप में की है जबकि फ़िलहाल चालक की पहचान नहीं हुई है। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजन मनीष कुमार सिंह ने बताया कि राजेश मिस्त्री धनबाद के कोल फील्ड में नौकरी करते थे। कुछ दिन पहले ही सेवानिवृत हुए हैं। सावन के नवमी तिथि को पूजा समारोह में शामिल होने के लिए पत्नी के साथ गांव जा रहे थे। रास्ते में चालक को अचानक झपकी आ गई जिसके बाद गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक कार हरिहरगंज से मदनपुर की ओर जा रही थी। गाड़ी ओवर स्पीड थी। ओरा पुल के पास ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। आसपास के लोगों से जानकारी ली गई है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले की जांच की गई है।

# विवेकानंद स्कूल ने एक हजार वृक्ष लगाने का लक्ष्य किया पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विवेकानंद विज़न आइडियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शनिवार को आत्मोदय अभियान के तहत हैबसपुर, सरंगा, चरण, महदेवा आदि जगहों पर वृक्षारोपण कर उपस्थित लोगों के साथ पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण, मृदा संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल संरक्षण आदि मुद्दों पर संवाद स्थापित कर उन्हें इनके प्रति जागरूक किया। विवेकानंद ब्रिगेड के छात्र-छात्राओं के नेतृत्व में छात्रों ने चरण के विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण कर लोगों के साथ संवाद किया। चरण में उच्च विद्यालय परिसर में प्रभारी प्रधानाचार्य धर्मराज कुमार द्वारा वृक्षारोपण किया गया। प्रभारी प्रधानाचार्य ने बच्चों के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक सामयिक कार्य है। उन्होंने उपस्थित बच्चों के साथ पर्यावरण संरक्षण पर



संवाद किया और उन्हें कोटिशः बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वसीम अहमद, मनोज मिश्रा, अभिषेक कुमार उपस्थित रहें। वहीं सरंगा में आम जनता के साथ विविआईपीएन्स ने वृक्षारोपण पर उनके साथ पर्यावरण विषयक संवाद किया। लोगों ने इस कार्य को उन्मुक्त कंठो से सराहा। चरण गांव में डॉ अशोक कुमार सिंह, अशोक मिश्र, नागेंद्र सिंह की अगुआई में वृक्षारोपण हुआ। महदेवा मंदिर परिसर मे संजय सिंह, मंटू सिंह, शैलेश सिंह की देख-रेख में यह कार्यक्रम कराया गया। यहां भी छात्रों ने उपस्थित ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाई। आज की टीम में शिक्षक अविनाश कुमार, अमरेंद्र कुमार मिश्रा शामिल रहें। विवेकानंद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के निदेशक डॉ शंभूशरण सिंह ने बताया कि आत्मोदय अभियान के तहत बच्चे समाज से सीधे जुड़कर पर्यावरण, स्वास्थ, प्रदूषण, स्वच्छता,जल संकट आदि विषयों पर लोगों से बात करते हैं। चेयरमैन मनीष वत्स ने बताया कि यह कार्यक्रम विवेकानंद परिवार द्वारा विगत 27 वर्षों से विवेकानंद की पुण्यस्मृति में किया जाता रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# प्रतिदिन दावा व आपत्ति की होगी समीक्षा : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा की गई। बैठक में जिला और प्रखंड स्तर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं बी.एल.ओ. सुपरवाइजर उपस्थित थे। इस दौरान आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि प्रत्येक कैंप में प्राप्त दावा और आपत्ति की जानकारी सुपरवाइजर की रिपोर्ट के आधार पर दैनिक रूप से संकलित कर सहायक निर्वाचक निबंधन



पदाधिकारी द्वारा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को प्रेषित किया जाए। सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रतिदिन दावा और आपत्ति की समीक्षा कर, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी को नियमित रूप से दैनिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। बैठक में पारदर्शिता एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

